
वर्ष 19 | अंक 92 | पृष्ठ 12
देवघर
बुधवार, 02 अक्टूबर 2024
मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ


पेज 12 : भारत ने दूसरा मैच जीतने...

www.shwetpatra.co.in
देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित
E-mail : shwetpatra10@gmail.com



## एक नजर

### नीति आयोग दिल्ली की टीम पहुंची देवीपुर प्रखंड



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** देवीपुर प्रखंड कार्यालय में नीति आयोग दिल्ली से दो सदस्यीय टीम पहुंची और प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बारला, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार अभय प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका मिक्की रानी, आशा रानी, प्रभारी कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार आदि से कई महत्वपूर्ण संक्षिप्त जानकारी लिए और डाटा को लिपिबद्ध किया। मौके पर प्रखंड, सीएचसी कर्मी उपस्थित थे।

### पार्षद महावीर पासी ने दुर्गा मंदिर परिसर में शुरू किया सफाई अभियान



**लोयाबाद (एप्र)।** लोयाबाद के वार्ड 8 के वर्तमान पार्षद महावीर पासी ने लोयाबाद में दुर्गा मंदिर परिसर की सफाई के लिए एक अभियान शुरू किया,जो नवरात्रि के प्रारंभ से पहले किया गया।मंदिर के चारों ओर जमा घास और झाड़ियों को निगम के कर्मचारियों ने साफ किया। महावीर पासी ने बताया कि मंदिर जाने वाले रास्ते पर जो भी कचरा पड़ेगा, उसे पूजा से पहले साफ किया जाएगा और उस पर ब्लीचिंग पाउडर छिड़का जाएगा। इसके अलावा, लोयाबाद क्षेत्र और मंदिर परिसर की स्ट्रीट लाइटें भी चालू की जाएंगी। योजना है कि मंदिर और उसके आसपास का क्षेत्र पूरी तरह स्वच्छ बना दिया जाए ताकि श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई न हो। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। इस अवसर पर वार्ड 8 के पार्षद महावीर पासी, अजय कुमार और नगर निगम के सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला चैंबर कमेटी में राजकुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष व असलम मंसूरी बने उपाध्यक्ष



**लोयाबाद (एप्र)।** मंगलवार को फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की धनबाद जिला कार्यकारिणी कमेटी के 56 सदस्यों में लोयाबाद चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार महतो को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संरक्षक असलम मंसूरी को उपाध्यक्ष और सचिव सुनिल पांडे को संगठन सचिव के रूप में मनोनीत किया गया। इस बात पर लोयाबाद व्यापारियों ने खुशी जताई और लोयाबाद मोड़ पर सभी व्यवसायियों ने नए सदस्यों का फूल माला पहनाकर और पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया। साथ ही, व्यवसायियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस अवसर पर लोयाबाद चैम्बर के कोषाध्यक्ष मो० मकबूल अंसारी, मुरली वर्मा, चिकू संतनालिया, अरूण बर्णवाल, प्रदीप गुप्ता, गणेश साव, मो० सद्दाम अंसारी, शैलेस वर्णवाल, मन्नू सिंह, राजेश नोनिया, राजकुमार वर्मा, राजू कुमार, मुकेश कुमार, शमीम खान, मुकेश साव, तब्बू आदि उपस्थित थे।

### आज नगर परिषद के सफाई कर्मियों का आज होगा सम्मान

**मधुपुर (निसं)।** रि-क्रिऐशन सामाजिक संस्था देवघर जिले में बाल अधिकार और बाल संरक्षण पर कार्य कर रही है। संस्था मधुपुर में 2 अक्टूबर बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर मधुपुर नगर परिषद के सभी कार्यरत सफाई कर्मचारियों के साथ सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिसमे शहर की स्वच्छता की बागडोर सँभालने वाले सम्मान के वास्तविक हकदार सभी सफाई कर्मियों को बुधवार को नगर परिषद सभागार में रि-क्रिऐशन संस्था देवघर के द्वारा अंग वस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसकी जानकारी री-क्रिएशन देवघर के निदेशक सह सचिव अजय पाठक ने पत्रकारों को दी है।

### भाजपा ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

**राजगंज (एप्र)।** भारतीय जनता पार्टी के राजगंज मंडल कार्यकताओं का सम्मेलन लालबाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने की, और संचालन संजीत सिंह ने किया। टुंडी विधानसभा से पश्चिम बंगाल के छतना विधानसभा के विधायक सत्यनारायण मुखोपाध्याय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हालात खराब हैं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वहां लगातार हिंदुओं की हत्या करवा रही हैं, जिससे आम हिंदू परेशान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इसी रास्ते पर चल रहे हैं और इन्हें हटाने का समय आ गया है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे अपने बूथ पर सक्रियता दिखाएं। प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य और पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा ने बताया कि टुंडी विधानसभा के लोग स्थानीय कार्यकताओं को विधानसभा चुनाव में टिकट दिलाने की मांग कर रहे हैं। बैठक में विधानसभा के प्रभारी और प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रमेश राही ने मंडल के सभी बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र के प्रभारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद महतो, पूर्व प्रत्याशी विक्रम पाण्डेय, और कई अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दिनदहाड़े अपराधियों ने जमीन कारोबारी को मारी गोली, मौत





- ➲ बाइक सवार शूटरों ने गर्दन में सटाकर मारी गोली, सीबीजेड बाइक काशियटांड से बरामद
- ➲ गोली मारने के बाद तीनों शूटर बाइक से बरवाअड्डा की ओर भाग निकले

**धनबाद/भूली (एप्र)।** धनबाद में मंगलवार को अपराधियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया।अपराधियों ने दिन के उजाले में दिनदहाड़े जमीन कारोबारी शाहबुद्दीन सिद्दीकी को गोली मार दी। गोली गर्दन में लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग लहूलुहान शाहबुद्दीन को अस्पताल ले गये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही भूली पुलिस व सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई।

**ऑफिस के पास अपराधियों ने मारी गोली।**

पांडरपाला निवासी शहाबुद्दीन सिद्दीकी का नावाडीह में आठ लेन सड़क के पास में शान डेवलपर एंड बिल्डर्स के नाम से ऑफिस है। प्रतिदिन की तरह मंगलवार को दोपहर के लगभग 1:00 बजे भतीजा के साथ कार से ऑफिस गए थे। शहाबुद्दीन के भतीजा सद्दाम ने कहा कि पहले झरिया गए थे।फिर वहां से ऑफिस आ रहे थे।ऑफिस पहुंचते ही जैसे ही चाचा कार के सीट से नीचे उतरे ही थे कि एक शूटर ने गर्दन में सटाकर गोली मार दी। गोली चलने और चाचा के चीखने और बचाओ बचाओ की आवाज सुनकर वह दौड़ा। इसी बीच तीनों शूटर बाइक से बरवाअड्डा की ओर भाग निकले। चाचा के गर्दन से खून निकलने लगा।वहां से किसी तरह आननफानन में चाचा को गंभीर हालत में असर्फी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।

**15 साल से जमीन कारोबार कर रहे थे शहाबुद्दीन, पूर्व में मिल चुकी थी धमकी, मिला था बॉडीगार्ड।**

आपको बता दें कि पांडरपाला के शहाबुद्दीन सिद्दीकी पिछले 15 वर्षों से जमीन की खरीद बिक्री का कारोबार कर रहे थे। जमीन कारोबारी का पांडरपाला में इस्लामिया स्कूल भी है। कारोबार को लेकर कुछ महीने पहले धमकी मिल चुकी थी। थाना और एसपी से शिकायत करने पर जमीन कारोबारी को पुलिस की ओर से एक बॉडीगार्ड भी मिला था। बाद में मामला शांत होने के बाद बॉडीगार्ड हटा लिया गया था। शहाबुद्दीन को पता नहीं था कि उसके दुश्मन अभी भी पीछे पड़े हुए हैं। रोजाना की तरह दिन में ऑफिस आते थे और जमीन कि खरीद बिक्री का कारोबार से संबंधित कामकाज निपटाकर रात में घर चले जाते थे। मंगलवार को दिन के 1:00 बजे तीन शूटर नवाडीह के पास कार्यालय के सामने उनका इंतजार कर रहे थे। शहाबुद्दीन सिद्दीकी के कार्यालय पहुंचते ही शूटरों ने जमीन कारोबारी का काम तमाम कर दिया।

घटना की खबर पाकर डीएसपी दीपक कुमार और धनबाद थानेदार समेत पुलिसकर्मियों की टीम पहुंची। डीएसपी और थानेदार में घटनास्थल पर जांच की और लोगों से पूछताछ किया। इसके अलावा आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया। डीएसपी का कहना है कि अपराधियों की तलाश में छापेमारी चल रही है। पुलिस ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सौंप दी है। धनबाद थाना में तीन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**पिछले पांच सालों का इतिहास**

धनबाद मे अब तक पिछले 5 वर्षो मे दो दर्जन से ज्यादा जमीन कारोबारी को अपराधियों ने अपना निशाना बनाया है इससे पहले 12 मई, 2021 को जमीन कारोबारी लाला खान को वासेपुर में दिनदहाड़े गोलियों से उड़ा दिया गया था। इसके छह महीने बाद 24 नवंबर को वासेपुर में ही जमीन कारोबारी महताब आलम उर्फ नन्हे खान को गोलियों से भून दिया गया। जिस स्थान पर 37 वर्षीय नन्हे की हत्या हुई उससे कुछ ही दूरी पर लाला खान की हत्या हुई थी।उसी तरह 6 दिसंबर 2022 को जिले के सरायढेला मे एक शादी समारोह मे उस अफरा तफरी मच गयी जब शहनाई के साथ साथ गोलियों कि तरतराहत गूंज उठी, उस शादी समारोह मे जमीन कारोबारी अजय पासवान को अपराधियों ने अपना निशाना बनाया, अपराधियों ने इससे पहले अजय के पार्टनर समीर मंडल को भी 23 जुलाई 2019 को कार्मिक नगर में हत्या कर दी थी. गोविंदपुर निवासी कृष्ण मंडल को भी 29 नवंबर 2023 को अपराधियों ने उस वक्त गोली मारी जब वह अपनी जमीन की नापी करवा रहें थे।

## सेवानिवृत शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई



**मधुपुर (निसं)।** अनुमंडल अंतर्गत राजकीयकृत प्लस टू विद्यालय मारगोमुंडा के शिक्षक अब्दुल रज्जाक को मंगलवार को सेवानिवृत्त के उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षकों ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक कर्तव्य निष्ट एवं स्वच्छ छवि का शिक्षक बताया। कहा कि सेवानिवृत्त एक सरकारी प्रक्रिया है जो सभी सरकारी कर्मी के साथ लागू होती है। लेकिन इनके साथ जितने दिन हम लोगों ने कार्य किया बहुत कुछ इनसे सीखने का मौका मिला। सेवानिवृत्त शिक्षक अब्दुल रज्जाक ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों से जो सहयोग व प्यार मिला उसे कभी नहीं बुलाया जा सकता है। सभी की कमी खलेगी,कहा कि सभी शिक्षकों का हर संभव सहयोग मिला। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें फूल माला देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपहार भी भेंट की गई। वे 2007 से 2024 तक विद्यालय में कार्यरत रहे। मौके पर विशेश्वर मंडल, पुरुषोत्तम शाही, हेमचंद्र रजक, अनंत कुमार, चंदन कुमार, राजकुमार प्रेमचंद, मो मासूम आलम, मो इमरान अली, विष्णु कुमार पंडित, प्रदीप कुमार झा समेत छात्र मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री ये बताएं झारखंड को आज तक केंद्र सरकार से क्या मिला: राकेश

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड को अन्य राज्यों के चुनाव के लिए घोषणाओं का प्लेटफार्म न बनाएं। झारखंड के विकास के लिए आज तक केंद्र सरकार से क्या मिला यह बताएं। उक्त बयान प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने प्रधानमंत्री के दौरे के संदर्भ में देते हुए कहा कि भाजपा के नेता झारखंड में पूछ रहे हैं कि क्या मिला। इसका जवाब उन्हें अपने गिरेबान में झांक कर पूछना चाहिए और बताना चाहिए केंद्र सरकार से झारखंड वासियों को क्या मिला। आज हर झारखंडी प्रधानमंत्री से जानना चाहेगी कि झारखंड को उसका हक कब मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरना कोड कब मिलेगा, पिछड़ों का हक कब मिलेगा, झारखंड का 136000 करोड़ कब मिलेगा, किसानों को उनका हक कब मिलेगा, आदिवासियों को अधिकार कब मिलेगा। प्रधानमंत्री को उसका जवाब यहां की जनता को देना चाहिए।

## थाना प्रभारी की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**बाघमारा (एप्र)।** दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार को बाघमारा थाना परिसर में थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद की अध्यक्षता में एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस जन सहयोग समिति के सदस्य भी उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर शांति पूर्वक दुर्गा पूजा मनाने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने पर चर्चा की। पूजा समिति ने सड़क, स्ट्रीट लाइट, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस पेट्रोलिंग और सड़कों पर ब्रैकेटिंग की समस्याओं को उठाया। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि पूजा से पहले इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा और सभी पूजा पंडालों में अग्निशामक यंत्र और सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने की बात की कि पंडालों के बाहर पर्याप्त रोशनी हो और श्रद्धालुओं के लिए निकासी और प्रवेश के उचित रास्ते हों। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारें बनाने के लिए बांस से ब्रेकिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि त्यौहार के दिन कोई असुविधा न हो। सभी पूजा समिति के स्वंयसेवकों को पहचान पत्र जारी किया जाएगा। डीजे साउंड पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, और त्यौहार के दौरान अवैध तत्वों और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। विशेष रूप से पूजा के दौरान चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस से संपर्क करने की अपील की गई है।मौके अवर निरिक्षक सुमन कुमार,मनोज पांडेय, सिक्योरिटी नोडल इंचार्ज राजीव रंजन, बीस सुत्री अध्यक्ष लगनदेव यादव, विजय शर्मा, टीपी पांडेय, बैजनाथ यादव, चंदन मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद, रविन्द्र कुमार, इंदल कुमार, सुनील चौहान, पोरेश चौबे, अरविंद दूबे, केशव पासवान,खुदु मंडल, गोपाल महतो, रविन्द्र सिंह, दिनेश ठक्कर, उदय शंकर पांडेय, सत्यनारायण पांडेय, महेन्द्र रवानी, सतीष कुमार, तन्नु वनर्जी, बंटी हाड़ी, धनेश्वर ठाकुर, सन्नी गौतम आदि मौजूद थे।

## रांची के नए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने पदभार संभाला



**रांची।** रांची के नये उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने उन्हें शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के बाद उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि त्योहार के सीजन की शुरूआत हो रही है। जिला प्रशासन की प्राथमिकता शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराना है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर बेहतर तरीके से पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित तैयारियों पर उपायुक्त ने कहा कि पूर्व से ही तैयारियां की गई हैं, उसे आगे बढ़ाया जाएगा। सभी पदाधिकारी अनुभवी हैं। हम टीमवर्क के साथ सभी चुनौतियों का सामना करेंगे।

## स्वच्छता केवल सफाई का कार्य नहीं स्वस्थ समाज की नींव है : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की नींव है। उन्होंने सभी से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। राज्यपाल मंगलवार को रांची के आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के जरिये आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वस्थ भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन स्वच्छता और सादगी का प्रतीक था। उनका जीवन हमें सिखाता है कि स्वच्छता केवल एक बाहरी सफाई नहीं है, बल्कि यह हमारे आंतरिक मन और समाज का भी प्रतिबिंब है। उन्होंने स्वच्छता को एक स्वस्थ समाज के लिए अनिवार्य माना। स्वच्छता ही सेवा अभियान बापू की इसी विचारधारा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।

राज्यपाल ने स्वच्छ भारत अभियान की 10वीं वर्षगांठ का भी उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री के जरिये प्रारम्भ स्वच्छ भारत अभियान आज एक जन आंदोलन बन चुका है और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। राज्यपाल ने एनएसएस स्वयंसेवकों का इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज में स्वच्छता का सकारात्मक संदेश पहुंचाना भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा का कार्य करेगा।

इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, एनएसएस रांची के समन्वयक डॉ. ब्रजेश कुमार, एनएसएस के स्वयंसेवक, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## धनबाद प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान तेतुलतल्ला दुर्गा पूजा समिति द्वारा किया गया



**धनबाद (एप्र)।** मंगलवार को तेतुलतल्ला पुनर कों किंजी श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ने धनबाद प्रेस क्लब 2024झ27 के नवनिर्वाचित कमिटी के पदाधिकारियों का सम्मान करने के लिए एक समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूजा समिति के अध्यक्ष जयदेव मनोज गुप्ता (जे डी दा) और सचिव सुरेंद्र यादव ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद धनबाद प्रेस क्लब के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। जे डी दा ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी भव्य पूजा और मेले का आयोजन किया जा रहा है। पूजा की शुरूआत स्वर्गीय हरेंद्र नाथ मुखर्जी, स्व. शंभू बनर्जी, स्व. नेताई दा और शांति बरारी ने की थी। इस वर्ष पंडाल का निर्माण सोनपुर (कोलकाता) द्वारा और 20 कुशल कारीगरों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के रूप में किया जाएगा, जिसमें श्री भगवान विष्णु के 10 रूप भी प्रदर्शित होंगे। मां दुर्गा और अन्य मूर्तियों का निर्माण प्रसिद्ध मूर्तिकार टिंकू पाल कर रहे हैं, और सभी प्रतिमाएं मोरपंख से सजाई जा रही हैं। पंडाल की ऊंचाई 45 फीट और चौड़ाई 60 फीट होगी। प्रकाश व्यवस्था पंकज कुमार सोनकर द्वारा की जाएगी। पूजा के लिए किशोर मुखर्जी देवघर और अन्य पंडितों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा, पंडाल के सामने मैदान में एक बड़ा मेला भी आयोजित किया जाएगा। श्रद्धालुओं हेतु पीने का पानी, महिलाओं के लिए शौचालय, प्राथमिक उपचार केंद्र, एम्बुलेंस सेवा, खोया-पाया केंद्र, जन सुविधा केंद्र, पुलिस सहायता केंद्र और सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरा और सी.सी.टी.वी. की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहेगा। सचिव सुरेंद्र यादव ने बताया कि पूजा समिति असहाय लोगों की सहायता, लड़कियों की शादी में मदद, जरूरतमंदों को रक्तदान, दाह-संस्कार के लिए लकड़ी की मुफ्त व्यवस्था, और पूजा के अवसर पर महिलाओं में साड़ी वितरण जैसे कार्य करती है।

## अलकडीहा ओपी में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**अलकडीहा (एप्र)।** दुर्गा पूजा पर्व के अवसर पर मंगलवार को अलकडीहा ओपी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अलकडीहा ओपी प्रभारी अरुनिश रोशन ने की, जबकि संचालन विरेन्द्र निषाद ने किया। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शांति समिति और दुर्गा पूजा समिति के सदस्य शामिल हुए। अरुनिश रोशन ने संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि का यह पर्व हिंदुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से विशेष सुरक्षा का ध्यान रखने और अव्यवस्थित तत्वों पर नजर रखने की अपील की। यदि किसी को किसी पर संदेह होता है, तो स्थानीय पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई, जो 24 घंटे आपकी सुरक्षा हेतु तत्पर रहेगी। पंडाल में डीजे बजाने पर रोक रहेगी, और सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया। आग और स्वास्थ्य अधिकारी के मोबाइल नंबर की जानकारी भी पंडाल परिसर में बड़े अक्षरों में लिखकर होर्डिंग लगाने के लिए दिया जाएगा, जिसमें यह भी उल्लेख होगा कि निगरानी सीसी कैमरों द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर राम अवतार गोप, बबन श्रीवास्तव,शरीफ कोरैशी, मिथलेश सिंह,धर्मेंद्र सिंह,सुभाष सिंह, बालकेशवर सिंह, रविंद्र निषाद, रिंकु पासवान, चंडीर चरण देव, रवींद्रनाथ सिंह, पिंक देवी, पार्वती देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

वर्ष 19 | अंक 92 | पृष्ठ 12
देवघर
बुधवार, 02 अक्टूबर 2024
मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ


पेज 12 : सचिन तेंदुलकर फिर उतरेंगे ...

www.shwetpatra.co.in | देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित | E-mail : shwetpatra10@gmail.com

### मुख्यमंत्री के हाथों डीबीटी के माध्यम से एक मुश्त 12 हजार रुपये का हस्तांतरण

# योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में जलसहियाओं की भूमिका अहम : हेमंत

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जलसहिया दीदियों की समस्याओं को हमारी सरकार ने सुलझाने का कार्य किया है। पूर्व की सरकारों ने जलसहिया दीदियों को उनका हक-अधिकार से वंचित रखने का काम किया था। हमारी सरकार आम नागरिक और सरकार के विभिन्न अंग को अपने साथ खड़े होने के लिए उन्हें उनका हक और अधिकार दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलसहिया दीदियों की समस्याओं पर राज्य सरकार का पूरा ध्यान है। हमारी सरकार एक-एक समस्याओं का निदान करने का काम कर रही है। हमारी सरकार ने ग्राम स्तर पर कार्यरत जलसहिया दीदियों की मानदेय राशि को बढ़ाकर 2 हजार रुपये प्रतिमाह किया है। हमारी सरकार ने राज्य के वृद्धजन, महिलाएं, नौजवान युवक-युवतियां, स्कूलों में अध्यनरत बच्चियों के लिए विशेष कार्ययोजना के साथ उनके समग्र विकास की दिशा में एक लम्बी लकीर खींचने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन


मंगलवार को रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित 'राज्य स्तरीय जलसहिया क्षमतावर्द्धन-सह-स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

### महिला स्वयं सहायता समूहों को दिए 12 हजार करोड़

मुख्यमंत्री के कहा कि अलग-अलग तरह से हमारी सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य योजना बनाई गई हैं। राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ा जा सके इस निमित्त निरंतर प्रयास किया गया है।साथ ही कहा कि पिछले 19 वर्षों में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को पूर्व की सरकारों द्वारा मात्र 600 से 700 करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध कराया गया था। हमारी सरकार ने विगत 4 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए 12 हजार करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा यह मानना है कि जब गांव मजबूत होगा तभी राज्य मजबूत होगा। जब राज्य मजबूत होगा तभी देश मजबूत हो सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में आप सभी जलसहिया दीदियों के माध्यम से राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाएं गांव-गांव तथा घर-घर तक पहुंचता है। आप याद कीजिए वह दिन जब पूर्व की सरकार में छोटे से कार्यकाल के भीतर मेरे मंत्री रहते आपसभी जलसहिया दीदियों की नियुक्ति हुई थी। आपकी समस्याओं को मुझसे ज्यादा कोई नही समझ सकता है। आज राज्य में आप सभी के उम्मीद और आकांक्षाओं की सरकार है। निश्चित रूप से आपकी कई अपेक्षाओं को पूरा करने में हमारी सरकार सफल भी रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी दीदी-बहनों को फिर से एक ताकतवर कड़ी बनाने का हमारा उद्देश्य है। हमारी सरकार संवेदनशील सरकार है। हमारी सरकार विशुद्ध रूप से इस राज्य के मूलवासियों-आदिवासियों की सरकार है। मैंने पहले भी कहा था और आज भी कह रहा हूं हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं, बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है।

# पीएम मोदी का झारखंड दौरा आज, देंगे करोड़ों की सौगात

= रांची एयरपोर्ट के 200 मीटर की परिधि में नो फ्लाइंग जोन



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर को अपने एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। 17 दिनों में पीएम मोदी का यह दूसरा झारखंड दौरा है। प्रधानमंत्री रांची एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर के द्वारा हजारीबाग जाने वाले हैं, ऐसे में रांची के कुछ इलाकों में नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की 200 मीटर की परिधि में नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के 200 मीटर की परिधि में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग के साथ-साथ हॉट बैलून्स के उड़ान पर पूर्णतः रोक रहेगी। अनुमंडल दंडाधिकारी सदर के द्वारा इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ रांची एयरपोर्ट पर पुलिस की टीम भी पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से लेकर उनके प्रस्थान तक 200 से अधिक पुलिसकर्मी और अधिकारी एयरपोर्ट से लेकर उसके आसपास के क्षेत्र में तैनात रहेंगे।

### सुबह 5 से रात 11 बजे तक निषेधाज्ञा

प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी सदर के द्वारा दो अक्टूबर की सुबह 5:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जारी आदेश में यह लिखा गया है कि दिनांक 2 अक्टूबर 2024 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रांची में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस क्रम में प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पधारेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून पूरी तरह से वर्जित एवं अन्य संबंधित गतिविधियों पर रोक लगाते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी सदर, रांची द्वारा नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न प्रकार की निषेधाज्ञा जारी की गयी है।

### हजारीबाग में फूंकेंगे परिवर्तन का बिगुल


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को झारखंड दौरे पर हजारीबाग आएंगे और मटवारी गांधी मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। वे हजारीबाग की धरती से कई योजनाओं की सौगात देंगे। इसके अलावा वे मटवारी गांधी मैदान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा महासभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे 3 घंटे 25 मिनट तक प्रदेश में ही रहेंगे। उनके आगमन को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

**बोकारो :** हेमन्त सोरेन ने 1240 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से 50 योजनाओं की दी सौगात

# 'योजनाओं के माध्यम से गरीबों की जिंदगी में ला रहे हैं बदलाव'



**बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बोकारो जिले के चंदनक्यारी प्रखंड स्थित चंडीपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य, सड़क परिवहन और ऊर्जा के क्षेत्र में तीन बड़ी सौगात सहित बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाग जिले को 1240 करोड़ 57 लाख रुपये की 50 विकास योजनाओं का मंगलवार को ऑनलाइन उद्घाटन-शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने यहां 500 बिस्तर की क्षमता वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की आधारशिला रखी। साथ ही तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन ललपनिया में 500 मेगावाट का सोलर पावर स्टेशन और रामगढ़ जिला के पतरातू में रेल ओवरब्रिज का ऑनलाइन शिलान्यास किया। लोगो को संबोधित करते हुए हेमंत ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई इसलिए भी लड़ी गई थी कि यहां की आर्थिक गतिविधियों में आदिवासियों-मूलवासियों को रोजगार और अधिकार मिले लेकिन अलग राज्य गठन के 20 वर्षों तक यहां के आदिवासी-मूलवासियों को आर्थिक गतिविधियों से अलग रखने का कार्य किया जाता रहा। जब हमारी सरकार बनी तो हमने यहां के सभी सभी निजी संस्थानों में स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के लिए नीति बनाई। इसी नीति का नतीजा है कि राज्य में संचालित कल-कारखानों और संस्थानों में स्थानियों को रोजगार मिल रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हर वर्ग और तबके को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की योजनाएं हैं। आज हर बुजुर्ग को पेंशन मिल रहा है। महिलाओं को सम्मान राशि देने का ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। किसानों के दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ हो चुका है। 200 यूनिट बिजली फ्री देने के साथ बकाया बिजली बिल माफ का दिया गया है। इसके अलावा अनेकों और योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से राज्य वासियों को सशक्त बना रहे हैं।

## एक नजर

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की भुगतान की मांग, आंदोलन की चेतावनी



**पाकुड़(एप्र)।** नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने जिला कल्याण पदाधिकारी को आवेदन देकर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2023-24 की राशि भुगतान करने की मांग की है। एनएसयूआई के जिला सचिव जैकी सादिक के नेतृत्व में आवेदन देने वालों में दर्जनों बीएड प्रशिक्षक छात्र-छात्राएं भी शामिल थे। आवेदन में कहा गया है कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2023-24 का अभी भी हजारों छात्रों को लाभ नहीं मिला है। ई कल्याण वेबसाइट के मुताबिक 4241 छात्रों को ही राशि प्राप्त हुआ है। शेष हजारों छात्रों को राशि नहीं मिला है। आवेदन में कहा है कि पाकुड़ जिला गरीबी के लिए जाना जाता है। यहां के अधिकतर छात्र-छात्राएं किसान और मजदूर घरों से आते हैं। किसान और मजदूर घरों से संबंध रखने के बावजूद छात्र-छात्राएं इस उम्मीद से परीक्षा का फीस बड़ी मुश्किल से जुटाते हैं कि छात्रवृत्ति की राशि मिलने पर भरपाई हो जाएगी। लेकिन छात्रवृत्ति की राशि के भुगतान में विलंब होने की वजह से छात्रों को काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला सचिव जैकी सादिक ने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि के भुगतान के लिए आवेदन दिया गया है। लेकिन अधिकारी या विभाग की ओर से ठोस आश्वासन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी का कहना है कि आवंटन नहीं मिला है। आवंटन मिलते ही बिना विलंब किए छात्रों को राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। जिला सचिव ने कहा कि छात्रों की ओर से एक सप्ताह का समय दिया गया है। अगर एक सप्ताह के अंदर राशि नहीं मिलती है, तो आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सज्जाद मेहना, बीएड प्रशिक्षक छात्र मनीरूल शेख, अंसारुल शेख, हिमसाहेब शेख, रिजवान शेख, मनीष साह, आलिमुन निशा, शमीमा खातून, मौईदूर रहमान, मुशर्रफ शेख मौजूद थे।

### पीएसपीसीएल एवं एमडीओ डीबीएल ने रैली निकाल स्वच्छता का दिया संदेश




**पाकुड़(एप्र)।** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक की आवंटी पीएसपीसीएल एवं एमडीओ कोल कंपनी डीबीएल ने मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा के तहत रैली निकाली।प्रखंड के अमीरजोला स्थित प्रशासनिक कार्यालय के पास से रैली निकाली गई और सार्वजनिक वैष्णवी दुर्गा मंदिर तक गई। रैली में शामिल लोगों ने संपूर्ण भारत को स्वच्छ बनाना है का नारा बुलंद किया। इस दौरान स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया और इस अभियान से जोड़ने का आग्रह किया गया। इससे पूर्व भी डीबीएल एवं पीएसपीसीएल द्वारा अपने कोयला उत्खनन क्षेत्र आलूबेड़ा स्थित कार्यालय एवं आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं पौधारोपण कार्यक्रम भी किया गया। इस स्वच्छता रैली का नेतृत्व पीएसपीसीएल के एजेंट राकेश कुमार सिंह ने किया। पीएसपीसीएल के एजेंट राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान उपस्थित कोल कंपनी के कर्मियों के द्वारा गांधी जी के सपनों का भारत बनाएंगे, चारों तरफ स्वच्छता फैलाएंगे, चलाओ जोरो से स्वच्छता अभियान तभी तो बनेगा हमारा भारत महान, हम सबका यही सपना स्वच्छ भारत हो अपना आदि के नारे लगाए गए। इस दौरान पीएसपीएसीएल के एजेंट राकेश सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत पीएसपीसीएल एवं डीबीएल संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता के प्रति पैदल मार्च कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से लोगों में जन सूचना देना है कि स्वच्छता ही सरवोपरि है। उक्त रैली में पीएसपीसीएल के मैनेजर केके सिंह, डीबीएल के मैनेजर राजकुमार डोंडा, भावेश दिवाकर, संजय दास, निपेंद्र कुमार सिंह, अमन कुमार, राजू महतो, अनूप सानडा, आर के मुखर्जी एवं इस स्वच्छता अभियान से जुड़े कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे।

### गुरु गोष्ठी में प्रबंध समिति के पुनर्गठन पर चर्चा

**हिरणपुर(एप्र)।** प्रखंड संसाधन केंद्र में मंगलवार को मासिक गुरुगोष्ठी आयोजित हुई। अध्यक्षता बीपीओ किशन भगत ने किया। गोष्ठी में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर विद्यालयवार समीक्षा की गई। बीपीओ ने उपस्थित शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में समिति के पुनर्गठन का कार्य निर्धारित समयानुसार पूर्ण करें। गोष्ठी में यू डाइस 2024-25 को लेकर समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि जल्द से जल्द युडाइस की प्रपत्र जमा करें। वहीं मध्यान्ह भोजन की समीक्षा के दौरान बच्चो की उपस्थिति को लेकर कहा कि सभी विद्यालयों में बच्चो की उपस्थिति शत प्रतिशत हो। इसको लेकर सघन रूप से कार्य की जाय। मेन्यू अनुरूप सभी बच्चो को भोजन मिले, इसकी अनुपालन करना सुनिश्चित करे। विद्यालयों में शौचालय व पानी की समुचित व्यवस्था को लेकर बीपीओ ने विद्यालयवार यथास्थिति की जानकारी लिया व शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। गोष्ठी में बच्चो की बैंक खाता, दिव्यांगता प्रमाणपत्र, किचेन गार्डेन की स्थिति, प्रयास कार्यक्रम आदि की समीक्षा की गई। इस अवसर पर बीआरपी संजय जयसवाल सहित सभी प्रधान शिक्षक उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को नियमित केंद्र संचालन का निर्देश

**लिट्टीपाड़ा(एप्र)।** प्रखंड के सभागार भवन में मंगलवार को बाल विकास परियोजना की मासिक बैठक सभी सेविकाओं के साथ पर्यवेक्षिका सोनाली कुमारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पर्यवेक्षिका सोनाली कुमारी ने सभी आंगनबाड़ी सेविका से कार्य की समीक्षा किया। साथ ही चल रही योजनाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मातृत्व वंदना योजना का आवेदन ऑनलाइन ससमय पुरा करने को कहा गया। पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों की एंट्री करने हेतू कहा गया। आधार कार्ड वेरिफिकेशन करने के लिए सभी सेविकाओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सेंटर सुचारू रूप समय से खुलने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि पोषण वितरण में कोई भी कोताही ना बरतें। अगर कोई भी सूचना मिलती है तो आप पर कार्रवाई होगी। मौके पर दर्जनों आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थी।

# पाकुड़ से शेख सैफुद्दीन व महेशपुर से गोपीन सोरेन होंगे सीपीआई (एम) के विधानसभा प्रत्याशी





**पाकुड़(एप्र)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सीपीआई (एम) ने पाकुड़ एवं महेशपुर सीट के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पाकुड़ विधानसभा सीट से कामरेड शेख सैफुद्दीन और महेशपुर विधानसभा सीट से कामरेड गोपीन सोरेन प्रत्याशी होंगे। यह जानकारी पार्टी के झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य मोहम्मद इकबाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि राज्य सचिव मंडल की बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया है। पार्टी ने राज्य सचिव मंडल की बैठक में दोनों प्रत्याशियों के नाम पर मोहर लगाई है। पार्टी इस बार पूरे दमखम के साथ चुनाव में उतरेगी। बता दें कि कामरेड शेख सैफुद्दीन और कामरेड गोपीन सोरेन लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं। महेशपुर से बतौर प्रत्याशी घोषित कामरेड गोपीन सोरेन की छवि जहां एक स्वच्छ और ईमानदारी की है, वहीं कामरेड शेख सैफुद्दीन की लोकप्रियता समाजसेवी व बुद्धिजीवी के रुप में है।

#### कामरेड शेख सैफुद्दीन का राजनीतिक सफर

पाकुड़ विधानसभा सीट से सीपीआई (एम) प्रत्याशी कामरेड शेख सैफुद्दीन का राजनीतिक सफर 54 साल पुराना है। उन्होंने बताया कि साल 1971 से पार्टी से जुड़े हुए हैं। इंटर की पढ़ाई राज प्लस टू हाई स्कूल से पूरी करने के बाद राजनीति में आना हुआ। इस दौरान कई अहम जिम्मेदारियां मिली। पार्टी ने मनीरामपुर ग्राम शाखा सचिव का जिम्मा सौंपा। इसके बाद 12 साल से लोकल कमेटी के सचिव के पद पर काबिज है। जिला कमेटी के मेंबर और जिला कमेटी सिक्रेटिएट मेंबर भी है। इसके अलावा अखिल भारतीय जिला किसान सभा के कन्वीनर (एआईकेएस) के पद पर भी काबिज हैं। सदर प्रखंड के मनीरामपुर गांव के रहने वाले कामरेड शेख सैफुद्दीन ग्रामीण चिकित्सक के रूप में लंबे समय से सेवा दे रहे हैं। इसके अलावा गांव में ही साल 2002 से संचालित एस रहमानिया अकैडमी के संस्थापक हैं। कामरेड शेख सैफुद्दीन की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले पंचायत चुनाव में जीत हासिल कर पंचायत समिति सदस्य बने। उन्होंने चुनाव में पंचायत के मतदाताओं का ध्यान खींचने में सफलता हासिल की।

#### किसान और मजदूरों को सशक्त बनाना चुनाव में रहेगा खास मुद्दा

कामरेड शेख सैफुद्दीन ने कहा कि सीपीआई (एम) पार्टी हमेशा से किसान और श्रमिक हित में काम करती रही है। किसान और मजदूरों की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाने का काम किया है। आने वाले चुनाव में भी किसान और श्रमिकों की बदहाल स्थिति पार्टी का मुख्य मुद्दा रहेगा। इसके साथ-साथ बेरोजगारी और पलायन के मुद्दों को लेकर भी जनता के बीच जाएंगे। केंद्र सरकार और बीजेपी की सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की भावना और बीजेपी के बांग्लादेशी घुसपैठ की मनगढ़ंत मुद्दों को भी जनता के बीच रखेंगे।

### अधिकारी व कर्मियों ने स्वच्छता को ले समाहरणालय में किया श्रमदान




**पाकुड़(एप्र)।** नया समाहरणालय परिसर में मंगलवार को डीएमएफटी के सौजन्य से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन एवं समाहरणालय के कर्मी शामिल हुए। मौके पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने स्वच्छ भारत मिशन का संदेश देते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई किया गया। वहीं स्वच्छता अभियान के तहत आसपास फैले कूड़े कचरे को इकट्ठा किया गया और उसे सफाई कर्मियों की मदद से उसका निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के साथ गंदगी से भी लोगों को आजादी मिले। इसी सोच के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी और आज इस कड़ी में हम सब मिलकर साफ-सफाई कर रहे हैं। ताकि हम स्वच्छ रहेंगे तो देश और राज्य स्वच्छ होगा।कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार भारती, डीपीओ यूआईडी रितेश कुमार, फिल्ड मैनेजर आदित्य कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

## चौकीदार नियुक्ति नियमावली पर आपत्ति, नए सिरे से बहाली की मांग



**पाकुड़(एप्र)।** युवाओं की एक टीम ने मंगलवार को उपायुक्त को आवेदन देकर चौकीदार के पद पर बहाली के लिए नियमों पर आपत्ति जताई है। युवाओं ने आवेदन के जरिए अपनी मांगों को रखते हुए उस पर त्वरित पहल करने की मांग की है। अन्यथा नए सिरे से विज्ञापन निकालकर चौकीदार की बहाली की मांग रखी है। आवेदन में कहा है कि जिस तरह से नोटिफिकेशन निकाला गया है, उस पर सहमत नहीं है। इस तरह नोटिफिकेशन के जरिए युवाओं को गुमराह किया गया है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि उम्र सीमा अधिक लिया गया है। अभ्यर्थी शारीरिक जांच में चौकीदार नियुक्ति के अनुकूल नहीं हो रहे हैं। आवेदन में जिन मांग और आपत्तियों को प्रमुखता से रखा गया है, उनमें 1/3 के अनुसार नोटिफिकेशन में मेरिट बनाने का नियम बताना और पालन नहीं करना, बीट के अनुसार कट ऑफ तैयार नहीं करना, 40 साल के उम्र के अभ्यर्थियों को 1600 मीटर दौड़ कराना, जबकि यह आर्मी दौड़ है और इसमें उम्र सीमा 18 से 25 साल होती है, चौकीदार नियुक्ति में 5 मिनट में 800 मीटर दौड़ हो, मैदान का सही नहीं होना, सभी के लिए दौड़ में 10 नंबर रखा जाए, नया से मेरिट निकल जाए और दौड़ कराया जाए की मांगे और आपत्तियां शामिल है। आवेदन देने वालों में कमल मुर्मू, निखिल हांसदा, बाबुजी हेंब्रम, मुकेश आदि शामिल थे।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में स्वच्छता दिवस को ले सभा का हुआ आयोजन, निकाली गई रैली




**पाकुड़ (एप्र)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में स्वच्छता दिवस से पूर्व स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता पर आधारित एक विशेष सभा आयोजित की गई। सभा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों ने स्वच्छता मिशन की आवश्यकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। शिक्षकों ने बच्चों को 2 अक्टूबर 2014 से गांधी जी को समर्पित पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय (एमडीडब्लूएस) द्वारा शुरू किए गए देशव्यापी स्वच्छता मिशन के कारण और उद्देश्यों के बारे में समझाया। बच्चों ने विभिन्न तरह के स्वच्छता से जुड़े स्लोगन जैसे स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत समृद्ध भारत, क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया आदि के माध्यम से स्वच्छता दिवस के उद्देश्यों को मंच पर प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों को शपथ दिलाई गई कि ना गंदगी करेंगे ना गंदगी करने देंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जेके शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि हमारे समाज, समुदाय और पर्यावरण के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए नियमित रूप से काम करना चाहिए। इसके लिए हमें सिर्फ सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। हम सबके सहयोग से ही स्वच्छता मिशन सफल हो सकता है। उन्होंने गांधी जी के वक्तव्य स्वच्छता में ही ईश्वर का वास है को समझते हुए बच्चों से कहा कि हमें अपने घर, स्कूल और समाज में स्वच्छता की महत्ता को समझाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों, छात्रों और एनसीसी कैडेट्स ने पाकुड़ नगर में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सिद्धू-कान्हू मुर्मू पार्क से हाथों में स्वच्छता से जुड़ी तख्तियां लेकर स्लोगन के साथ रैली निकाली गई।

### आठ सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर जाएंगी सेविकाएं



**लिट्टीपाड़ा(एप्र)।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका 5 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने को लेकर मंगलवार को पर्यवेक्षिका सोनाली कुमारी को आवेदन दिया। सेविका सवाना बेगम ने बताया कि आठ सूत्री मांग को लेकर प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं 5 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगी। इसको लेकर एक लिखित आवेदन बाल विकास कार्यालय को दिया गया। सेविका बेगम ने बताया कि जब तक हम लोगों की आठ सूत्री मांग को सरकार पूरा नहीं करेगी, तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। मौके पर जोहरा खातुन, साबित्री मुर्मू, मरियम सोरेन, सोनाली पहाड़िया, प्रेमलता मालतो, मेनका देवी, सुमिता कुमारी सहित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थी।

## बांसलोई नदी में नहाने गई दो बच्ची की डूबने से मौत



**महेशपुर(एप्र)।** थाना क्षेत्र के दुबराजपुर गांव में मंगलवार को नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्ची की मौत हो गई। दोनों बच्ची आपस में सहेलियां थी। घर के पीछे से गुजरी बांसलोई नदी में नहाने गई थी। इसी दौरान गहरी पानी में चली गई और डूब गई। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों को ग्रामीण और रिश्तेदार ढांढस बंधा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक जिन दो बच्ची की डूबने से मौत हुई है उनमें आठ वर्षीय मीता लेट एवं अनुष्का लेट शामिल हैं।घटना के बाद गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों ने लगभग 20 मिनट तक गोता लगाने बाद नदी के अंदर से दोनों को बाहर निकाला। उसके बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर लाया गया। जंहा डॉक्टर सुनील कुमार किस्कू ने स्वास्थ्य कर्मी ज्योतिष पासवान के साथ दोनों का जांच किया तथा रेफर कर दिया। डॉक्टर के अनुसार दोनों की स्थिति चिंताजनक थी। हालांकि डॉक्टर दोनों की मौत हुई थी या नहीं इसकी पुष्टि नहीं कर रहे थे। दोनों का स्वजन बच्ची को पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट अस्पताल लेकर गए, जंहा डॉक्टर ने जांच कर दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए बच्ची के स्वजनों ने बताया कि दोनों बच्ची सहेली है। दोपहर दो बजे के बाद दोनों एक साथ घर के पीछे बांसलोई नदी में नहाने गई थी। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में डूब गई। घटना के बाबत प्रत्यक्षदर्शी नौ वर्षीय मणिमा दास ने बताई कि वह पूर्व से नदी किनारे मछली धो रही थी। इसी दौरान दोनों बच्ची नदी में नहाने आई। पहले दोनों बच्ची नदी के किनारे नहा रही थी। उसके बाद अचानक नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में डूब गई। दोनों को डूबते हुए देख वह भाग कर गांव आई और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीण पहुंच कर गोता लगाकर दोनों को नदी से बाहर निकाला।

## ग्राहक सेवा केंद्र में बंदूक की नोंक पर लूट, बाइक से आए तीन अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम





**महेशपुर(एप्र)।** थाना क्षेत्र के अभुवा पंचायत अंतर्गत नारायणगढ़-खगड़ा मुख्य सड़क के मुगाडंगा गांव के समीप एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र में घुसकर मंगलवार को दिन-दहाड़े तीन अपराधियों ने बंदूक की नोंक पर एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालक एवं ग्राहकों को बंधक बनाते हुए 58 हजार रुपये एवं मोबाइल लूटकर फरार हो गया। घटना की जानकारी महेशपुर पुलिस एवं रद्दीपुर पुलिस को होते ही मोबाइल लोकेशन के आधार पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। घटना की जानकारी देते हुए एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालक छक्कूधारा गांव निवासी सैफ अली ने बताया कि मतदेना बीबी के नाम पर एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र है। प्रतिदिन की तरह वह आज भी सुबह देवीनगर स्टेट बैंक से डेढ़ लाख रुपए निकासी कर अपना केंद्र आया हुआ था। ग्राहक सेवा केंद्र में पैसा निकासी एवं खाता खोलने के लिए ग्राहक भी मौजूद थे। इसी दौरान दोपहर 12:45 से एक बजे के बीच एक मॉडिफाई काला बजाज पल्सर बाइक में तीन अज्ञात बदमाश हाथ में पिस्तौल लहराते हुए ग्राहक सेवा केंद्र में घुस गया। इस दौरान ग्राहक एवं संचालक के कनपटी में पिस्टल लगाकर ड्रायर से 58 हजार रुपये एवं उसका मोबाइल निकाल लिया। साथ ही केंद्र में सभी को बंद कर बाहर से लॉक करके भाग गया। घटना के बारे में रुपये का निकासी करने आए ग्राहक सुखी किस्कु, मिनिस्टर सोरेन, लिलमुनि मरांडी, मंजी हेम्ब्रम समेत अन्य ग्राहकों ने बताया कि अचानक एक पल्सर बाइक आ गया। किसी को कुछ समझने से पहले ही तीनों अज्ञात बदमाश हाथ में पिस्तौल लहराते हुए एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र में घुस गया। एक पिस्टल संचालक सैफ अली के कनपटी पर रख दिया जबकि दूसरा पिस्टल मकान मालिक मुजफ्फर अंसारी के कनपटी में रख दिया। तीसरा बदमाश केन्द्र के बाहर बंदूक लहराते हुए खड़े था। रुपया लूटने के बाद वे सभी बदमाश फरार हो गया। समाचार भेजे जाने तक महेशपुर थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात एवं रद्दीपुर ओपी प्रभारी विवेक कुमार लगातार छापेमारी कर रहे थे।

## मायापुर मंदिर के तर्ज पर बन रहा मां दुर्गा का पूजा पंडाल

**हिरणपुर(एप्र)।** प्रखंड मुख्यालय के हिरणपुर बाजार के निकट पुराना दामिन डाकबंगला परिसर में मायापुर मंदिर के तर्ज पर दुर्गा पूजा का पंडाल निर्माण सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा किया जा रहा है। वहीं इस दुर्गा पूजा पंडाल की लंबाई ओर चौड़ाई कुल दस हजार स्क्युवर फिट है। उक्त पंडाल का निर्माणकर्ता गौतम डोडिया गोपालपुर पाकुड़ के द्वारा किया जा रहा है। इस पंडाल का निर्माण इतनी सिद्दत व मेहनत से किया जा रहा है कि दर्शकों की नजरें हटते नहीं हटता है। अभी से ही पंडाल की आकृष्टता इतनी है कि लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं उक्त कमिटी के अध्यक्ष दीपक साहा ने बताया कि मां की प्रथम स्वरूप से लेकर नौवीं स्वरूप तक आरती व पूजा अर्चना किया जाएगा तथा 108 कुंवारी कन्याओं के द्वारा आगामी 3 अक्टूबर को कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, जो भव्य रहेगी। वहीं यह भी बताया कि इस पंडाल में कमिटी के कार्यकताओं की मेहनत हैं, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम, बच्चों का नृत्य, बंगाली एसोसिएशन के द्वारा नृत्य, डांडिया जो तीन दिन लगातार होगी। एकादशी के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होना तय है। जो भव्य होनी की आशा है। भीड़ भी होनी की उम्मीद है। वहीं पुरोहित सुजय पंडित ने बताया कि इस बार मां दुर्गा का धरती में आगमन पालकी में हो रही है। जो कुछ कुछ राशियों के लिए अशुभ एवं कुछ कुछ राशियों के लिए शुभ होगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटी के रविंद्र भगत, नारायण भगत, जय किशन भगत, रंजीत भगत, अजय यादव, राजकुमार भगत, अमित सिन्हा, चंदन दत्त, मिलन रुज आदि कार्यकर्ताओ का योगदान रहा है।

## एक नजर

### बुजुर्गों के लिए एम्स में विशेष क्लीनिक शुरू



**बैद्यनाथधाम(निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध व्यक्ति दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर में मल्टीस्पेशियलिटी जेरिएट्रिक क्लिनिक का उद्घाटन हुआ। इस समारोह में संस्थान के निदेशक, डॉ. प्रोफेसर सौरभ वार्ष्णेय ने भाग लिया और बुजुर्ग जनसंख्या के लिए विशेष देखभाल के महत्व पर जोर दिया। यह क्लिनिक छह प्रमुख विभागों (मनोचिकित्सा, सामान्य चिकित्सा, ऑर्थोपेडिक्स, नेत्र विज्ञान, शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास, और प्रसूति एवं स्त्री रोग) के सहयोगात्मक प्रयास से स्थापित किया गया है। यह बहु-विभागीय दृष्टिकोण वृद्ध समुदाय के लिए (60 वर्ष से अधिक) विशेष रूप से अनुकूलित स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से काम करेगा। डॉ. आदेश कुमार अग्रवाल को इस क्लिनिक के नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। यह क्लिनिक हर महीने के पहले और तीसरे गुरुवार को दोपहर एक से चार बजे तकसंचालित होगा। उद्घाटन समारोह में डॉ. हरमिंदर सिंह (डीन अकादमिक), अमरेंद्र कुमार (उप निदेशक प्रशासन), डॉ. प्रतिमा गुप्ता (डीन अनुसंधान), डॉ. राजेश (उप चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. राजत अग्रवाल (उप चिकित्सा अधीक्षक), प्रो. (डॉ.) सी. वसंथा कालयानी (प्रिंसिपल, नर्सिंग कॉलेज), डॉ. सौम्या मिश्रा, डॉ सान्तनु नाथ, डॉ. मनीष राज (ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. दीपक कुमार, और अन्य उल्लेखनीय फैकल्टी सदस्य शामिल हुए। वर्तमान में मरीजों को पूर्व अपॉइंटमेंट के आधार पर देखा जाएगा।

### दुर्गा पूजा में डीजे पर पूर्ण पाबंदी रहेगी : थानेदार

**मोहनपुर (एप्र)।** मोहनपुर थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार चौधरी ने की। इस दौरान थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूजा समिति के दर्जनों लोग व जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य मौजूद थे। इंस्पेक्टर शिवनारायण कामत ने अपने-अपने क्षेत्र में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग मनाने की अपील की। दुर्गा पूजा में प्रशासनिक तौर पर डीजे पर पाबंदी है। किसी प्रकार की डीजे ना बजाए। पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे होना अति आवश्यक है एवं किसी प्रकार मूर्ति विसर्जन रूट लाइन की बदलाव नहीं की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि मोहनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जितने भी जगह पर दुर्गा पूजा में मेला लगते हैं, वहां की पूजा कमेटी का लिस्ट बनाकर थाने में देना होगा। ताकि हुड़दंग होने पर पुलिस कमेटी से संपर्क करेगी। थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार ने कहा की पूजा पंडाल के समीप असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। दुर्गा पूजा पर्व में मेला के दौरान शराबियों हुड़दंग करने वाले एवं असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बैठक में उपस्थित राजद नेता भूतनाथ यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष हेमंत चौधरी, राजेश गुप्ता, नवीन देव यादव, मिस्टी गुप्ता, सुधीर यादव, मुखिया के जयप्रकाश यादव, मुखिया पांडव कापरी, समाजसेवी दिलीप यादव, जिला परिषद सदस्य गीता मंडल, विष्णु मंडल, विनोद कुमार, रफीक अंसारी, किशोर कुमार, धनेश्वर मंडल व अन्य थे।

### एम्स में रक्तदान शिविर का आयोजन

**देवघर (का. प्र.)।** एम्स देवघर में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया। इसका उदघाटन एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, उप-निदेशक (प्रशासन) अमरेंद्र कुमार, प्रो. (डॉ.) हरमिंदर सिंह, प्रो. (डॉ.) प्रतिमा गुप्ता, प्रो. (डॉ.) सी. वसंत कल्याणी, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. विधु विबोध, डॉ. इंद्रनील दास ने संयुक्त रूप से किया। कार्यकारी निदेशक, उप निदेशक (प्रशासन) और संकाय, नर्सिंग अधिकारियों, छात्रों और अन्य कर्मचारियों और लोगों ने राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर नियमित रूप से रक्तदान करने की शपथ ली। स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व बारे में दूसरों के बीच जागरूकता फैलाना और जब भी किसी को रक्त की आवश्यकता हो तो दान करने की शपथ लिए गए। इसके बाद सम्मानित अतिथियों का अभिनंदन और नियमित स्वैच्छिक रक्त दाताओं के सम्मानित किया गया। मौके पर 35 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तवीरों को अतिथियों ने सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में संकाय, नर्सिंग अधिकारियों, छात्रों, इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों और अन्य स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### आवासीय विद्यालय में मनाया जन्मदिन

**मोहनपुर (एप्र)।** मोहनपुर प्रखंड के चूल्हीया अनाथालय आवासीय विद्यालय में युवा मोर्चा जिला सचिव सह मंत्री प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग देवघर के प्रकाश पांडे ने बच्चों के साथ केक काटकर एवं मिठाई बांट कर जन्मदिन मनाया। साथ ही बच्चों को जन्मदिन उपलक्ष्य पर कलम कॉपी व अन्य सामग्री भी वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों को कहा कि तुम लोग अच्छे से लिखना पढ़ना बीच-बीच में यहां आते रहेंगे एवं कॉपी कलम की सामग्री को वितरण करते रहेंगे। इस दौरान मौके पर उपस्थित युवा जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार दास, संतोष कुमार, विनोद मनी मोहनपुर प्रखंड के संगठन सचिव श्रीकांत यादव, युवा नेता पुरुषोत्तम यादव प्रखंड युवा उपाध्यक्ष सिकंदर राउत एवं सभी बच्चों एवं शिक्षक - शिक्षिका उपस्थित थे।

### पर्यटन स्थलों की हुई सफाई

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** नेहरू युवा केंद्र देवघर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाली स्वच्छता की सेवा अभियान के तहत बैद्यनाथ धाम स्टेशन, तपोवन, नौलखा मंदिर, बाबा मंदिर आदि विभिन्न पर्यटक स्थलों में स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई किया। साथ ही लोगों को स्वच्छ रहने के लिए जागरूक किया गया । स्वच्छता के प्रति शपथ ग्रहण भी करवाया गया। मौके पर ए एस महाविद्यालय के डॉ. टी.पी सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ भारती प्रसाद, डॉ पुष्पलता, डॉ कुमारी पामेला, संगीता हेंब्रम, डॉ वत्सला पन्ना , पूनम दयाल,आशा बेसरा, सोनू कुमार मेहता,युवराज सिंह,किट्टू प्रजापति, अर्पित सेठ,शैलेश कुमार चौधरी, रितिका, स्वाति, खुशी, प्रिया, मुस्कान, अंकेश, केशव, चांदनी, काजल, अर्पिता, पूर्वी, कुमकुम मौजूद थी।

### देवीपुर के नए सीओ ने लिया प्रभार

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** देवीपुर अंचल कार्यालय में नए अंचलाधिकारी खोपलाल राम ने निवर्तवान अंचलाधिकारी ऋषि देव कमल से प्रभार ग्रहण किया। साथ नए अंचलाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया। वहीं पुराने अंचलाधिकारी ऋषि देव कमल को माला पहनाकर विदा किया गया। इस मौके प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बारला, प्रखंड प्रमुख प्रमिला देवी, प्रमुख प्रतिनिधि नीलम यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र यादव, हल्का कर्मचारी अमरनाथ अमर, मुकेश मुर्मू, बालमुकुंद मोदी, निर्मल वाजपेई, अमीन रोहित कुमार, जेएसएस सह बीपीआरओ बिनोद कुमार, एमओ रोहित कुमार, जनसेवक सौरव आदि दर्जनों उपस्थित थे।

# जिले के 31 गैर मजरूआ जमीन पर बने कब्रिस्तान की होगी घेराबंदी

- कब्रिस्तान घेराबंदी व सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव को मिली मंजूरी
- डीसी ने मंत्री और अधिकारियों की साथ की ऑनलाइन बैठक



**देवघर (का.प्र.)।** डीसी विशाल सागर की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कब्रिस्तान घेराबंदी व सौंदर्यीकरण के आए हुए प्रस्ताव से संबंधित एक बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन तथा नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन उपस्थित रहे।

**कब्रिस्तान का होगा सौंदर्यीकरण, सोलर लाइट लगेगी**

डीसी ने जिला स्तरीय स्थल चयन समिति द्वारा अवलोकनोपरान्त कुल 31 गैर मजरूआ जमीन पर कब्रिस्तान घेराबंदी, कियोस्क निर्माण, छात्रावास जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण सोलर लाइट लगाने के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की और विभाग को फाइल भेजी गई।

**रैयती जमीन पर बने कब्रिस्तानों का होगा संरक्षण**

इसके अलावा रैयती जमीन पर कब्रिस्तानों का संरक्षण एवं विकास हेतु प्राप्त कुल 7 प्रस्तावों पर डीसी द्वारा निर्देश दिया गया कि उक्त प्रस्ताव पर निबंधन कार्यालय एवं संबंधित अंचल कार्यालय से उचित मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई किया जाए। बैठक में नुमंडल पदाधिकारी देवघर, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर, जिला कल्याण पदाधिकारी, समिति के सभी सदस्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## 100 साल के मतदाताओं को जिला प्रशासन ने घर जाकर किया सम्मानित



**देवघर (का.प्र.)।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के पर शतायु (100 प्लस) मतदाताओं को जिला प्रशासन की ओर से लोकतंत्र में उनकी बहुमूल्य सहभागिता सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया। डीसी विशाल सागर के निर्देश पर एसडीओ रवि कुमार शतायु मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें शॉल और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। एसडीओ ने सभी शतायु मतदाताओं के निर्वाचन प्रक्रिया में निरंतर योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए उनके समर्पण की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। इसके अलावा उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए बुजुर्गों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी शत प्रतिशत सुनिश्चित करते हुए युवा मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। साथ ही जानकारी दी कि फॉर्म भरकर घर बैठे मतदान की सुविधा भी दी है। इसलिए एक-एक वोट के महत्व को ध्यान में रखते हुए मतदान जरूर करें। इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवघर अनंत झा, जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग संतोष कुमार, अंचल अधिकारी देवघर अनिल कुमार, सेविका, सहिया व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## तम्बाकू निषेध पर कार्यशाला का आयोजन



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डीडीसी और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह- नोडल पदाधिकारी एन0सी0डी0 कोषांग देवघर की अध्यक्षता में मंगलवार को ओल्ड ऐज होम चांदडीह के बच्चों, शिक्षकों एवं वृद्धाजनो के साथ तंबाकू निषेध पर कार्यशाला एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में डॉ० मनीष शेखर ने तंबाकू के हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह 01 से 31 अक्टूबर 2024 तक मनाया जाना है। इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह का थीम कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय है। इसके बाद डीडीसी ने कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी बच्चों को स्कूल बैग, वाटर बोतल एवं कलर पेंसिल बॉक्स देकर पुरस्कृत किया। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के द्वारा गांधी जयंती की पूर्व संध्या उपस्थित लोगों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई। कार्यशाला में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ.संचयन, डॉ. अभिषेक प्रकाश, स्कूल के संचालक, ट्रेनर, प्रशांत मालवीय, कुमार अभिषेक, अभिमन्यु दांगी, रवि सिन्हा, रवि चन्द्र मुर्मू, अभिषेक सिन्हा मौजूद थे।

## पूर्व सीनेट सदस्य ने पढ़ाई के लिए चार बच्चों को लिया गोद



**देवघर (का.प्र.)।** पूर्व सीनेट सदस्य सह छात्र संघ के पूर्व सचिव विश्वराज सिंह ने गिधनी निवासी छात्रा खुशबू और उसके तीन भाई-बहनों को स्नातक तक की पढ़ाई के लिए गोद लिया है। देवघर कॉलेज भ्रमण के दौरान विश्वराज से छात्रा की मुलाकात हुई थी। छात्रा ने आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण और शैक्षणिक संसाधनों के अभाव में हो रही समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद विश्वराज ने खुशबू के घर जाकर पूरे परिवार से मुलाकात की और छात्रा समेत उसके भाई-बहनों को स्नातक तक पढ़ाने की पूरी जिम्मेवारी लेने का भरोसा दिया। खुशबू और उसकी बहन पिंकी का नामांकन देवघर महाविद्यालय और दोनों छोटे भाई हिमांशु और सुधांशु का नामांकन कोठिया विद्यालय में निजी खर्च से कराया। विश्वराज सिंह अपने भाई एवम सहयोगियों सेसन,अंकित,रिंकू,सोनू के साथ खुशबू के घर स्कूल बैग,साइकिल, कलम, कॉपी इत्यादि पठन-पाठन सामग्री के साथ पहुंचे। इस पर खुशबू का पूरा परिवार काफी हुआ।

## एसडीपीओ सुमित सौरभ लकड़ा को दी गई विदाई



**मधुपुर (निसं)।** शहर के काली मण्डा स्थित अदिति इन के सभागार में सोमवार की देर शाम मधुपुर प्रेस क्लब के द्वारा निवर्तमान एसडीपीओ सुमित सौरभ लकड़ा को भावपूर्ण विदाई दी गई।

इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी विनय कुमार पांडेय, अंचलाधिकारी यामुन रविदास, अंचल पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार, इंस्पेक्टर इंचार्ज सह मधुपुर थाना प्रभारी त्रिलोचन तामसोय व पूर्व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा ने निवर्तमान एसडीपीओ सुमित सौरभ लकड़ा को माला पहनाकर विदाई दी। उपस्थित अतिथियों के द्वारा एक स्वर में सुमित सौरभ लकड़ा के अल्प कार्यकाल की सराहना की गयी। उपस्थित वक्ताओं ने उनके कार्यकाल पर अल्प समय में किये गए कई गए कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया। मंच संचालन पत्रकार रामचन्द्र झा ने किया। इस मौके पर मधुपुर महाविद्यालय के प्रोफेसर प्रेम रोशन एक्का, प्रो अनिता गुआ हेंब्रम, प्रो रंजीत कुमार प्रसाद, सजंय शर्मा, कन्हैयालाल कन्नू, सुशील सिंह, गुफरान जाफरी, अंकित लच्क्षीरामका,शेखर लच्क्षीरामका, प्रसाद चटर्जी, समेत पत्रकार प्रिंस समद, बलराम भैया,महेश मिश्रा,राजेश कुमार,अजित आनंद,अवधेश सिंह,अरशद मधुपुरी, अजय तिवारी, गौरव जयसवाल, अरूप गांगुली, मोहम्मद असलम, मोहम्मद अकबर आदि मौजूद थे।

## असामाजिक तत्वों पर रखी जाएगी नजर : थानेदार

- पथरड्डा ओपी में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**सारठ(एप्र)।** पथरड्डा ओपी परिसर में दुगार्पूजा को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक ओपी प्रभारी सालो हेम्ब्रम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा दुगार्पूजा के दौरान क्षेत्र में पड़ने वाले दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से पूजा के दौरान मन्दिरों जुटने वाले भीड़ समेत विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली। साथ ही पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि भीड़-भाड़ के दौरान चोरी, पॉकेटमारी व असमाजिक तत्वों द्वारा किए जाने वाली गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए मन्दिरों में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखें। साथ ही समिति अपने कार्यकताओं को भी शांति बनाए रखने के लिए सक्रिय रखें। पूजा के दौरान पुलिस पूर्णतः सक्रिय रहेगी। पूजा स्थलों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। साथ ही थाने की टीम द्वारा निरंतर गश्ती कर सभी प्रकार की गतिविधियों पर नजर बनाए रखेगी। बावजूद क्षेत्र में शांति पूर्ण माहौल में त्यौहार संपन्न करने के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग अति आवश्यक है। बैठक में डुमरिया दुर्गा मंदिर के प्रतिनिधि रूपेश राय, पथरडा दुर्गा मंदिर से सोहन बिष्टु, बोच बांध पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र सिंह, रविन्द्र नाथ तिवारी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मी के निधन पर शोक सभा




**मधुपुर (निसं)।** अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत एमपीडब्ल्यू राजीव रंजन के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को अस्पताल परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।जिसमें मृतक की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इसके पूर्व अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद सहित सभी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जानकारी हो कि राजीव रंजन मधुपुर में एमपीडब्ल्यू के पद पर प्रतिनियुक्त थे।एक रोड एक्सीडेंट में गंभीर रूप से जख्मी होने के उपरांत उन्हें बेहतर इलाज हेतु दुगार्पुर हेल्थ वर्ल्ड अस्पताल ले जाया गया। परंतु सिर में गंभीर चोट रहने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। शोकसभा के उपरांत चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि वह कार्य के प्रति समर्पित व्यक्ति थे तथा पूरी लगन व निष्ठा भाव से कार्य करते थे। उनके आकस्मिक निधन से अस्पताल को काफी क्षति पहुंची है। वे मृदुभाषी और सरल स्वभाव के थे । मरीजों के प्रति उनका व्यवहार काफी कुशल और सराहनीय था।

शोक सभा में उपाधीक्षक डा० मो शाहिद, डा० इकबाल अंसारी, डा० नीलकमल भारद्वाज, डा० सुमिति, डा० गोपाल पंडित, बिष्णु कुंवर, बासुदेव चौधरी,महेंद्र प्रसाद,रूपेश कुमार, दामोदर वर्मा, अजय कुमार दास, देशराज समेत सभी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

# ट्रेड और इंडस्ट्रीज की प्रगति में राज्य सरकार से सामंजस्य बनायेंगे : परेश

- फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर के अध्यक्ष का देवघर में स्वागत



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रांची के नवनिर्वाचित अध्यक्ष परेश गट्टानी और संयुक्त सचिव विकास विजयवर्गीय का देवघर में स्वागत किया गया। चैंबर अध्यक्ष आलोक मल्लिक के साथ दोनों ने बाबा बैद्यनाथ का दर्शन किया। बाबा से राज्य में उद्योग और व्यापार की प्रगति और खुशहाली की कामना की।

**चैंबर के साथ अनौपचारिक बैठक की**

इसके बाद संताल परगना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज देवघर ने दोनों का बुके देकर स्वागत किया तथा एक संक्षिप्त अनौपचारिक बैठक की। बैठक में चैंबर अध्यक्ष आलोक मल्लिक, महासचिव रितेश टिबड़ेवाल, पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा और संजीत कुमार सिंह उपस्थित थे। फेडरेशन के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि निर्वाचित होने के एक सप्ताह के अंदर बाबा का दर्शन करने का सौभाग्य मिला। बाबा का आशीर्वाद लेकर हमलोग राज्य के सभी जिलों के चैंबर के साथ मिलकर, योजना बनाकर ट्रेड और इंडस्ट्रीज की प्रगति में सरकार से सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ेंगे।

**फेडरेशन की नई टीम पूरे राज्य का दौरा करेगी**

फेडरेशन की नई टीम पूरे राज्य का दौरा करेगी और वहां की समस्याओं से अवगत होकर योजनाएं बनाएगी। स्थानीय चैंबर के अध्यक्ष और महासचिव ने कहा कि फेडरेशन के साथ मिलकर देवघर और संताल परगना में औद्योगिकरण और व्यापार को मजबूत करने की दिशा में हमलोग काम करेंगे।

## आयुष्मान रोगियों के राशन कार्ड में नाम सुधार के लिए विभाग को लिखा पत्र






**बैद्यनाथधाम (निसं)।** आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के लाभुक मरीजों का आयुष्मान कार्ड बना कर उनको बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा सके, इस दिशा में जिला नोडल पदाधिकारी द्वारा शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है।

लाभुकों का नाम राशन कार्ड और आधार कार्ड में अलग होने के कारण उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा था और सरकार से मिलने वाली मुफ्त स्वास्थ्य योजनाओं के लाभ से उन्हे वंचित होना पड़ रहा था। जिला नोडल एवं सिविल सर्जन डॉक्टर रंजन सिन्हा ने संयुक्त रूप से जिला खाद्य एवं आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से इस दिशा में समुचित कारवाई करने के लिए कहा गया है। ऐसे जिन भी लाभुकों की परेशानी है, वे खाद्य आपूर्ति कार्यालय जा कर अपने नाम में सुधार करवा सकते है। डॉक्टर शरद कुमार ने कहा की जिला के सिविल सर्जन और सदर अस्पताल के उपाधीक्षक के सहयोग से जल्द से जल्द आयुष्मान योजना के लाभुक मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024



## सुभाषितम्

संसार में ऐसे लोग थोड़े ही होते हैं, जो कठोर किंतु हित की बात कहने वाले होते है।
**- महर्षि वाल्मीकि**

# सबसे बड़े अमीर कहलाने से डरने लगे हैं बड़े-बड़े उद्योगपति

**चीन और भारत में पूंजीपतियों को** लेकर एक जैसे हालात चीन और भारत में देखने को मिलने लगे हैं। इस कारण भारत के उद्योगपति भी इन दिनों भयभीत हैं। भारतीय उद्योगपतियों में सरकार का डर भय बना हुआ है। ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी संस्थाएं तथा सरकार द्वारा बार-बार कानून में बदलाव किए जाने से उद्योगपति भयभीत हैं। उद्योगपतियों को सुनयोजित रूप से सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। जनता के बीच में भी उद्योगपतियों की छवि खराब बनाई जा रही है। इस स्थिति को देखते हुए चीन और भारत से हजारों रिच मैन हर साल बड़ी संख्या में चीन और भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता लेकर अपने देश से पलायन कर रहे हैं। हाल ही में चीन में एक बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। जैसे ही कोई सबसे बड़ा सुपर रिच मैन बनता है। उसके बाद वह अपनी कंपनी के शेयरों के दाम गिराकर सुपर रिच मैन की सूची से तुरंत नीचे आने का प्रयास करने लगता है। पिछले दिनों चीन की ई-कॉमर्स कंपनी के दिग्गज डीडीडी के संस्थापक कोलिन हुआंग जो चीन में हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। हाल ही में चीन के सबसे बड़े अमीर व्यक्ति बनने के बाद, उन्होंने खुद ही अपनी कंपनी के बारे में निवेशकों से कहा, भविष्य में उनकी कंपनी के लाभ में कमी होगी। जिसके बाद उनके शेयरों की बिकवाली शुरू हो गई। एक झटके में उनकी कंपनी के शेयर के दाम गिरे। वह सबसे बड़े कारोबारी की सूची में नीचे आ गए। इसको सारी दुनिया में आश्चर्य के रूप में देखा जा रहा है। हुआंग ने अपने ही एक बयान से अपनी कंपनी का 14 अरब डॉलर का नुकसान किया। सरकार और जनता की निगाह में आने से बचने के लिए उन्होंने यह काम जानबूझकर किया। ऐसा चीन में कहा जा रहा है। उनके इस कृत्य ने दुनिया के सभी सुपर रिचमैनो को आश्चर्यचकित कर दिया है। 1970 के दशक तक चीन में कम्युनिस्ट राज था। 1970 में चीन के नए राष्ट्रपति जियाओपिंग सर्वोच्च नेता बने। उन्होंने उदारवादी दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को भी स्वीकार किया। जिसके कारण चीन में पूंजीवादी व्यवस्था भी बनना शुरू हुई। आज चीन सबसे बड़ा पूंजीवादी देश के रूप में विकसित हुआ है। कई विकासशील देशों की तुलना में चीन ने सबसे ज्यादा पूंजी का निर्माण किया है। चीन के उद्योगपति सारी दुनिया के देशों में पिछले तीन दशकों में बड़ी तेजी के साथ पहुंचे। 2000 आते-आते तक चीन ने अपनी धाक पूरी दुनिया के देशों में बना ली। चीन के दो बड़े उद्योगपतियों की कुल संपत्ति 2010 तक 10 अरब डॉलर के ऊपर पहुंच गई थी। चीन की शासन व्यवस्था में बदलाव आया। बड़े उद्योगपतियों के ऊपर चीन की सरकार की निगाहें खराब हुई। भ्रष्टाचार के आरोप में चीन के कई उद्योगपतियों को जेल भेजा गया। सत्ता में बैठे हुए चीनी नेताओं ने पूंजी पतियों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया। उसके बाद बड़े-बड़े पूंजीपति चीन छोड़कर दूसरे देशों में जाकर शरण लेने लगे। वर्तमान में चीन के जो उद्योगपति हैं। वह सरकार और जनता की निगाह में सबसे बड़े सुपर रिच मैन की भूमिका में नहीं आना चाहते हैं। जिसके कारण वहां अब कोई रिच मैन बनने के लिए तैयार नहीं होता है। जिसका असर अब चीन में देखने को मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में यही स्थिति भारत में देखने को मिल रही है। भारत से पिछले 10 सालों से हर साल हजारों पूंजीपति देश छोड़कर विदेशों में शरण ले रहे हैं। वहां की नागरिकता ले रहे हैं। वहां पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत सरकार की निगाहें दो बड़े पूंजीपतियों को छोड़कर, अन्य पूंजीपतियों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने वाली नहीं हैं। जिसके कारण भारत छोड़कर जाने वाली पूंजीपतियों की संख्या हर साल हजारों में हो गई है। लाखों पूंजीपति उद्योगपति भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता ले चुके हैं। जिस तरह से क्रोनि पूंजीबाद का असर भारत में देखने को मिल रहा है।

## चिंतन-मनन

### उत्सव है बुद्धत्व

**बुद्धत्व मौलिक रूप से प्रांति है, विद्रोह है,** बगावत है। काशी के पंडितों की सभा प्रमाणपत्र थोड़े ही देगी बुद्ध को! बुद्धपुरुष तुम्हें पोप की पदवियों पर नहीं मिलेंगे और न शंकराचायरें की पदवियों पर मिलेंगे। क्योंकि ये तो परंपराएं हैं। और परंपरा में जो आदमी सफल होता है, वह मुर्दा हो तो ही सफल हो पाता है। परंपरा के द्वारा पद पाना सिर्फ मुर्दों के भाग्य में हैं, जीवंत लोगों के नहीं। यह सौभाग्य है जीवितों का और मुर्दों का दुर्भाग्य! इसलिए तुम कैसे पहचानोगे और पूरी पहचान का तुम विचार ही मत करना। क्योंकि तुम पूरा पहचानोगे तो तुम बुद्ध हो जाओगे और तुम बुद्ध होते तो पहचानने की जरूरत न थी। तुम नहीं हो, इसीलिए तो पहचानने चले हो।


इसलिए पूरे-पूरे का खयाल मत करना। छोटा सा टुकड़ा चांदनी का तैर आए तुम्हारे पास, तो बहुत धन्यभाग! अहोभाग! तुम उतने ही पर भरोसा करना। उस चांदनी के टुकड़े को पकड़ कर अगर बढ़ते रहे, चलते रहे, तो किसी दिन पूरे चांद के भी मालिक हो जाओगे। किसी दिन पूरा आकाश भी तुम्हारा हो जाएगा। तुम्हारा है; लेकिन अभी तुम्हें पहुंचना नहीं आया, चलना नहीं आया। अभी तुम घुटने के बल चलते हुए छोटे बच्चे की भांति हो। अभी तुम्हें चलने का अभ्यास करना है।

तो संत उदास नहीं होंगे। बुद्धपुरुष उदास नहीं होंगे। जिनको तुम देखते हो मंदिरों-मस्जिदों में बैठे गुरु-गंभीर लोग, लंबे चेहरों वाले लोग, बुद्धपुरुष वैसे नहीं होंगे। बुद्धपुरुष तो उत्सव है। बुद्धपुरुष तो ऐसा है जिसमें अस्तित्व के कमल खिल गए। बुद्धपुरुष गंभीर नहीं। बुद्धपुरुष के पास तो मृदुहास मिलेगा। हल्की-हल्की हंसी। एक मुस्कुराहट। एक स्मित। एक उत्सव। एक आनंदभाव। तो तुम्हारी आंसुओं से भरी आंखों और कारागृह में दबे चित्त के पास अगर तुम्हें कभी कोई एक स्मित, एक हास, एक उत्सव की झलक भी आ जाए, तो छोड़ा मत उन चरणों को।

# वाकई गांधी बनना कितना कठिन है!

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

**आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जिंदा** न होते हुए भी अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण व अहिंसा संदेश के कारण हर वर्ष याद किए जाते है।वही कुछ सिरफिरे लोग महात्मा गांधी के हत्यारे नाथू राम गोडसे का भी महिमा मंडन करने का आज भी दुस्साहस कर रहे है। आज के समय मे गांधी बनना आसान नही है,वह भी तब जब उन्ही के हत्यारे गोडसे का कुछ लोगो के द्वारा महिमामण्डन का दुस्साहस किया जा रहा हो। वे लोग भूल जाते है कि गांधी बनने में सदियां बीत जाती है, लेकिन गोडसे क्षण भर में बना जा सकता है। जितनी देर मोहनदास करमचंद गांधी को गांधी या फिर महात्मा गांधी अथवा बापू बनने में लगी, उतनी से ज्यादा देर तक गांधी जिंदा भी रहेगा, जबकि गोडसे जिसका जन्म ही क्षणभर में हुआ उसे उतनी ही जल्दी मरना भी पड़ेगा।यही अकाट्य सत्य है।यही सृष्टि का नियम भी है।गांधी की विराटता को लेकर अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहते थे कि आने वाली पीढ़ियों को इस बात पर विश्वास करना मुश्किल होगा कि गांधी जैसा कोई व्यक्ति इस धरती पर चला करता था। वही डॉक्टर मार्टिन लूथर किंग जूनियर का भी मानना था कि अगर मानवता को आगे बढ़ाना है तो गांधी बहुत ही जरूरी हैं। दुनिया में शांति और सद्भाव के लिए ही वह जीते, सोचते और काम करते थे। हम अपने जोखिम पर ही उन्हें नजरअंदाज कर सकते हैं। अन्यथा गांधी तो हमेशा अमर रहेगा। बौद्ध गुरु दलाई लामा के शब्दों में, गांधी जी एक ऐसे महान व्यक्ति थे, जिन्हें मानवता की समझ थी। उनकी जिंदगी ने मुझे बचपन से ही प्रेरित किया है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराकओबामा कहते है कि अपनी जिंदगी में प्रेरणा के लिए मैं हमेशा गांधी की तरफ देखता हूं क्योंकि वह बताते हैं कि खुद में बदलाव कर साधारण व्यक्ति भी असाधारण काम कर सकता है। इसी तरह रबिंद्रनाथ टैगोर का कहना था कि महात्मा गांधी लाखों बेसहारा लोगों के दरवाजे पर पहुंच जाते हैं, उनसे उन्हीं की भाषा में बात करते हैं। आखिर और कौन है, जो इतनी सहजता से इस बड़े वर्ग को अपना रहा है। जवाहर लाल नेहरू की सोच थी कि इस देश में जो लौ महात्मा गांधी के रूप में रोशन हुई, वह साधारण नहीं थी। यह लौ आने वाले हजारों सालों तक भी राह दिखाती रहेगी। लॉर्ड माउंटबेटन कहा करते थे कि इतिहास में महात्मा गांधी को गौतम बुद्ध और ईसा मसीह के बराबर देखा जाएगा। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों में,2 अक्तूबर को पोरबंदर में एक व्यक्ति ने जन्म नहीं लिया था बल्कि एक युग की शुरूआत हुई थी। मुझे इस बात पर पूरा विश्वास है कि वह आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने अपने समय में थे। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के शब्दों में, महात्मा गांधी ने दुनिया को अहिंसा, सत्यता, राष्ट्रभक्ति की राह दिखाई, सचमुच वे एक महान आत्मा थे।सच यही है कि महात्मा गांधी को कुछ लोग विचारो के रूप मानते है तो कुछ लोग नोटो पर गांधी जी का चित्र छपा होने के कारण उन्हे सीने से लगाकर रखते है। यानि हर किसी को किसी न किसी रूप में गांधी हमेशा




याद रहते है। आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी की गिनती नरम नेता के रूप में होती थी।लेकिन उक्त आन्दोलन के गरम दल के नेता भी उनका उतना ही सम्मान करते थे जितना नरम दल के लोग उनका आदर भाव करते थे।

गरम दल के नेता के रूप में चर्चित रहे नेताजी सुभाष चन्द्र बोश भी उन्हे अपना नेता मानते थे। यही गांधी जी की अहिंसा की सबसे बडी कामयाबी थी। बैरिस्टर जैसे सम्मानजनक व्यवसाय को छोडकर देश के लिए वे आजादी के आन्दोलन में कूद पडे थे। उनका एक ही नारा था कि जैसे भी हो हम हथियार नही उठायेगे और बिना हथियार ही भारत मां को आजादी दिलायेगें। इसके लिए उन्होने स्वयं भी अंग्रेजो की लाठिया खायी और उन्हे बहुत सी यातना भी सहन करनी पडी। लेकिन देश की खातिर उन्होने कभी उफ तक नही की। अहिंसा के पुजारी कहे जाने वाले मोहन दास कर्मचन्द गांधी जिन्हे सम्मान से बापू या फिर महात्मा गांधी कहकर पुकारा जाता है,का दुनियाभर में आज भी नाम है और हमेशा रहेगा। उनकी शान में लिखा गीत,देदी हमें आजादी बिना खडग बिना ढाल साबरमती के सन्त तूने कर दिया कमाल पंक्तिया चरितार्थ कर दिखाने वाले बापू के प्रति दुनियाभर के लोगों ने भरपूर सम्मान प्रकट किया है। महात्मा गांधी विश्व के ऐसे महान नायक थे जो धोर तपष्चर्या का जीवन व्यतीत करते थे। करोडों देशवासी उन्हे महान सन्त मानते थे। लक्ष्य साधन में उनकी सच्चाई और निष्ठा पर उंगली नहीं उठाई जा सकती थी। महात्मा गांधी के जीवित रहने से सारा संसार सम्पन्न था और उनके निधन से दुनिया भर को लगा कि पूरा संसार ही विपन्न हो गया है। गांधी के परामर्श देश के लिए सदा सहायक सिद्ध हुए।जिनके बल पर देश को आजादी प्राप्त हुई। महात्मा गांधी एक ऐसे विजयी योद्धा थे जिसने बल प्रयोग का सदा निरादर किया वे बुद्धिमान नम्र, द्रढसंकल्पी और निश्चय के धनी थे।सच तो यह है कि आधुनिक इतिहास में किसी भी एक व्यक्ति ने अपनी चरित्र की वैयक्तिक शक्ति, ध्येय की पावनता और अंगीकृत उद्देश्य के प्रति निस्वार्थ निष्ठा से लोगों के दिमागों पर इतना असर नहीं डाला, जितना महात्मा गांधी का असर दुनिया पर हुआ था। देश और दुनिया के लिए महात्मा गांधी उन महान व्यक्तित्वों में से एक थें जो अपने विश्वास पर हिमालय की तरह अटल और दृढ़ रहते थे। ससांर का प्रत्येक व्यक्ति सोचता है कि गांधी जी एक उत्तम व्यक्ति थें तो उन्हे क्यों मार डाला गया, यह सवाल अनेक लोगों ने उठाया भी, इसका जवाब है कि कुछ लोग नही चाहते कि देश दुनिया में भले लोगो का वजूद कायम रहे इसी कारण कुछ सिरफिरे ऐसे महानतम लोगो के भी दुश्मन बन जाते है। महात्मा गांधी हर रोज सुबह सबसे पहले प्रार्थना जरूर करते थे। अपने देश के लोगों की नजरों में भी महात्मा गांधी शीर्ष स्तर पर छाये रहे। प्रथम प्रधानमन्त्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू उन्हे एक उच्च सिद्धान्तवादी और सत्य का अनुयायी सन्त मानते थे। उनकी नजर में गांधी जनता की नब्ज को खूब पहचानते थे, वे कहा करते थे कि वास्तव में यदि कोई सार रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने में योग्य था तो वह सिर्फ और सिर्फ महात्मा गांधी थे। बहुत सी बातों में लोगों का गांधी जी से मतभेद हो सकता है और बहुत से लोग उनसे अधिक विद्वान हो सकते है परन्तु उनमें चरित्र की जो महतता रही,उसके कारण वह सब लोगों के आदर्श बन गये थे। गांधी जी निसंदेह उस धातु के बने हुए है जिस धातु से शुरमा और बलिदानी लोगों का निर्माण होता हैं ।आत्मिक शक्ति के बल पर महात्मा गांधी विश्व भर में छाये रहे। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश को आजाद कराने का प्रबल आधार स्तभ बने महात्मा गांधी के प्रति कृज्ञता अभिव्यक्त करने के बजाए कुछ लोग उनके हत्यारे को महिमा मंडित करने का निदंनीय प्रयास कर रहे है।

## देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत रहने वाले व्यक्ति थे लाल बहादुर शास्त्री

**मुकेश तिवारी**

**जवाहरलाल नेहरू के निधन** के पश्चात देश के समक्ष एक चुनौती खड़ी हो गई थी कि अगला प्रधानमंत्री किसे बनाया जाए ऐसे में श्री लाल बहादुर शास्त्री को हिंदुस्तान का दूसरा प्रधानमंत्री बनने पर आम सहमति हो गई उन कठिन परिस्थितियों में जब उन्होंने देश का नेतृत्व संभाला, तो उनकी कार्य कुशलता, समझदारी, धैर्य परिपक्वता आदि बहुत से गुणों से सारा मुल्क भली-भांति अवगत हुआ साथ ही लोगों के सामने यह भी उदाहरण उभर कर आया कि हिंदुस्तान जैसे देश का प्रधानमंत्री एक साधारण घर का व्यक्ति भी हो सकता है। व्यक्ति कठोर परिश्रम, आत्मावलंबन, आत्मसम्मान, दूरदर्शिता, विनम्रता और सहनशीलता जैसे गुणों के कारण ही महान बनता है। इसके ज्वलंत उदाहरण थे- लालबहादुर शास्त्री। लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अकटूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में हुआ था। इनके पिता का नाम मुंशी शारदा प्रसाद श्रीवास्तव और मां का नाम राम दुलारी देवी था। शास्त्री जी के पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। उन्हे लोग मुंशी जी कहकर संबोधित करते थे। शास्त्री जी के बाल्यकाल में ही इनके सिर से इनके पिता का साया उठ गया था। पिता के निधन के पश्चात उनकी मां रामदुलारी देवी अपने पिता हजारीलाल के घर मिजार्पुर आ गई। हालांकि कुछ समय बाद ही शास्त्री के नाना भी चल बसे ऐसी स्थिति में लालबहादुर शास्त्री की परवरिश करने में उनके मौसा मौसी ने उनकी मां की हर तरह से मदद की। इस सबके बावजूद वे उन सुनहरे दिनों से वंचित हो गए जिसके वे हकदार थे। खेलने खाने की उम्र में उन्हें अभावों में जीवन यापन करने पर विवश होना पड़ा। यही अहम् वजह थी कि उनमें स्वावलंबन की प्रवृत्ति बाल्यकाल से भरी हुई थी। वे बाल्यकाल से ही भोजन बनाने। कपड़े साफ करने से लेकर अपना सारा काम स्वयं ही अपने हाथों से करते थे। अभावों ने उन्हें संयमशील, परिश्रमी, कर्मशील, स्वाभिमानी और स्वावलंबी बनाया, जो जीवनपर्यंत उनकी पूंजी रही, लालबहादुर शास्त्री जी में ज्ञान प्राप्ति की इतनी बलवती थी कि उसके आगे अभाव रुपी सारी बाधाएं बोनी हो जाती। पढ़ने की लगन और अभावों के बीच जब अंतर्द्वंद्व छिड़ता तो अभाव



ही हमेशा पराजित होता। यह बात इस उदाहरण से स्पष्ट होती है कि जब शास्त्री जी के पास नाविक को देने के लिए पैसे नहीं होते थे। तो वे रामनगर से गंगा नदी को तैरकर पार करके हरिश्चंद्र स्कूल पहुंचते और अपनी कक्षा में सबसे ज्यादा अंकों से उत्तीर्ण होते थे। आगे चलकर स्वयं के सभी काम अपने हाथ से करना उनकी आदत बन गई थी। वह जेल में होते थे या बाहर अपने कपड़े स्वयं ही धोते थे। प्रधानमंत्री बनने पर भी कभी-कभी वह अपने कमरे की सफाई स्वयं कर लेते थे। नौकर जब तक बिस्तर बछाने के लिए आते तब तक वे स्वयं ही बिछा चुके होते थे। उनकी इस आदत को देखकर यदि कोई उन्हें मना करता तो वे बड़े आदर से कहते भाई। जो आदत बाल्यकाल से बनी है। उसमें क्यों परिवर्तन किया जाए। ईश्वर ने जब हाथ पैर सही सलामत दिए हैं तब दूसरों को कष्ट क्यों दिया जाए। शास्त्री जी ने जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त कर्म की ही उपासना की उन्होंने किसी आवश्यक वस्तुओं की। अभिलाषा कभी नहीं रखी यह उनके व्यक्तित्व कि सबसे बड़ी खासियत थी। शास्त्री जी सदा आत्मसम्मानी को बनाए रखने में भरोसा करते थे। पाकिस्तान द्वारा भारत पर आक्रमण कर देने पर शास्त्री जी ने सैनिकों का मनोबल बढ़ाया तथा किसानों को भी उनके बराबर का दर्जा दिया। जय जवान जय किसान का नारा देकर उन्होंने तत्कालीन परिस्थितियों में दोनों को आवश्यक माना। शास्त्री जी सैनिकों को सतत रूप से खाद्य साम्रगी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हफ्ते में स्वयं एक दिन व्रत रखते थे। साथ ही उन्होंने समूचे देशवासियों से भी एक दिन का व्रत रखने की अपील की। इसका सकारात्मक प्रभाव यह हुआ कि पूरा देश उनसे सहमत होकर एक दिवसीय उपवास रखने लगा और इस तरह उपवास से बचा राशन सीमा पर जूझ रहे जवानों को उपलब्ध होता रहा इसका सकारात्मक प्रभाव शास्त्री जी के जीवन पर यह पड़ा कि उनके हृदय में दीन-हीन। पिछड़े ,शोषित तथा उपेक्षित वर्ग के लोगों के लिए करुणा का भाव उमड़ पड़ा था। अभावों ने उन्हें संयमशील, परिश्रमी कर्मशील, स्वाभिमानी व स्वावलंबी बनाया जो मरते दम तक उनकी पूजी रही। इससे यह बात स्पष्ट होती है कि यदि किसी बात के लिए व्यक्ति दृढ़ संकल्प ले ले तो उसे अपने कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। शास्त्री जी का व्यक्तित्व गलत बातों को कभी भी स्वीकार नहीं कर सका। प्रायः ऐसा होता है कि हम दूसरों को तो नसीहत देते हैं परंतु स्वयं उस नसीहत का पालन नहीं करते। शास्त्री जी स्वयं कोई कार्य करके। तब दूसरों को नसीहत देते थे। उदाहरणार्थ घर के भीतर टहलते हुए वे पुस्तकों, पेन, पेंसिल, रबर, कपड़ों आदि को यथा स्थान रख देते थे, इससे उनका तात्पर्य मात्र इतना ही था कि घर के अन्य सदस्य यह सीख ले कि वस्तुओं को यथा स्थान पर रखना चाहिए। हकीकत में सदस्यों को कुछ कहने सुनने की अपेक्षा उनके ऊपर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता और वे मन ही मन यह दृढ़ निश्चय करते कि अब आगे से उन्हें वैसा करने का मौका नही देता। ऐसे अनेक उदाहरण है। जो लाल बहादुर शास्त्री के स्व -प्रणेता होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। शास्त्री जी अपने वाक चातुर्य से कर्म क्षेत्र में सदैव ही अपना विशिष्ट प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। उनकी खासियत यह थी कि वह प्रत्येक कार्य वक्त पर करते थे। शास्त्री जी अपने जीवन में नैतिक गुणों पर ज्यादा बल देते थे। कोई भी प्रलोभन उन्हें सही मार्ग से विचलित नहीं कर सका। इस शास्त्री जी का कहना था कि व्यक्ति कहीं भी रहें। कितना भी ऊंचा उठ जाए या नीचे गिरे। उसे अपने भीतर के सत्य को नही शास्त्री जी विनम्र व सहनशील व्यक्ति थे। यदि कोई उन्हें कठोर शब्दों में कुछ बोल देता था तो भी वे उस का तत्काल प्रतिकार नहीं करते थे। शास्त्री का खान-पान पूर्णतः शाकाहारी था। भोजन में उन्हें दाल रोटी, सब्जी, चावल पसंद थे। शास्त्री जी का जीवन सादगीपूर्ण था।

## कर्म से ही जीवन की गतिशीलता

**ओपी श्रीवास्तव**

**कर्म से जीवन में गति आती है, मानसिक** और शारीरिक सक्रियता आती है। यह रजोगुण के लक्षण हैं। इस स्थिति में मनुष्य नई कामनाएँ करता है और उनकी पूर्ति के प्रयास करता है। इसमें जीवन के संघर्ष, द्वंद्व व तनावों से सामना होता है। यह अनुभव होता है कि कोई भी कामना पूर्ति कुछ समय तक ही सुख देती है फिर उसका स्थान नई कामना ले लेती है और फिर वही दुष्चक्र प्रारंभ हो जाता है। कई ऐसी कामनाएँ होती हैं जो पूरे पुरुषार्थ से काम करने पर भी पूरी नहीं होतीं। तब मनुष्य को सृष्टि में अपनी तुच्छता और असमर्थता समझ में आती है और वह ईश्वर से सहयोग की प्रार्थना करता है। उसमें दूसरों को अपने जैसा समझने, उनका भला करने और सहयोग करने का भाव आता है। ऐसे कर्मों को गीता में यज्ञ कहा गया है। यह रजोगुण से सतोगुण में प्रवेश है। इस अवस्था में भगवान्‌ कहते हैं कि तुम मेरी ओर से, मेरे एजेंट के रूप में काम करो - निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन (11.33)। इसके बाद मनुष्य को अनुभव होता है कि वह निमित्त अवश्य है परंतु कर्ता भी स्वयं है। तब वह इससे भी मुक्ति चाहता है और जीवन का सारा भार भगवान्‌ पर छोड़ देता है झ सर्वधर्मान्‌ परित्यज्य मामेकं शरणं ब्रज (18.66) । इस अवस्था में वह तीनों गुणों से परे हो जाता है और उसके सारे कर्म ईश्वर प्रेरणा से संचालित होने लगते हैं। अब वह कर्म करता नहीं है उसके माध्यम से कर्म होने लगते हैं। यह कर्मयोग की सर्वोच्च स्थिति है। इसी अवस्था को प्राप्त करने का विचार वेदों के अंतिम भाग ह्युपनिषदह्ण में किया गया है । यह संग्रह से त्याग तक की यात्रा है। जीवन के चार आश्रम भी इसी क्रम में बने हैं। पहले 25 वर्ष ब्रह्मचर्य आश्रम में मेहनत करना, सेवा करना, विद्याध्ययन करना है। इसमें प्रकृति प्रदत्त तमस समाप्त होती है। फिर 50 वर्ष की अवस्था तक गृहस्थ आश्रम में ज्ञान का व्यवहारिक उपयोग करना, संसार के उत्पादन में योगदान देना, धन संपत्ति अर्जित करके कामनाओं की पूर्ति करना है। यह रजोगुण की अवस्था है। फिर शुरू होती है वानप्रस्थ अवस्था जिसमें संसार से पृथक होने की तैयारी, समाज को अपने अनुभवों से मार्गदर्शन देना शामिल है। यह सतोगुण की अवस्था है। इसके बाद संन्यास आश्रम आता है जिसमें सब कुछ त्यागकर एकमात्र ईश्वर के लक्ष्य के लिए साधना करना है। यह तीनों गुणों से पार जाने की अवस्था है। गीता में भी भगवान्‌ ने अर्जुन से ऐसा ही आह्वान किया है - निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन (2.45)। सारे वैदिक ग्रंथ इसी जीवनचर्या को अनुशंसित करते हैं। इसमें चमत्कारों और अंधविश्वासों के लिए कोई स्थान नहीं है। विवेकानन्द जी कहते थे कि लोग उनके पास साधु बनने के लिए आते थे तो वह उनसे पूछते थे कि तुम्हारे पास त्यागने के लिए अभी है क्या न तो बलिष्ठ शरीर है, न धन है, न अहं है, फिर त्यागोगे क्या वह कहते थे कि पहले कुछ अर्जित तो करो। पहले तमोगुण के पशुवत जीवन से निकलकर मनुष्य बनो तब तो साधु बनोगे। प्रसिद्ध संत प्रेमानंद जी महाराज के पास एक श्रद्धालु पीठ दर्द का इलाज पूछने गया तो उन्होंने कहा कि पीठ दर्द है तो डॉक्टर के पास जाओ, इसमें बाबा क्या करेगा यही सत्यता है। पहले पुरुषार्थ से बल, धन, शक्ति की प्राप्ति, संग्रह और फिर श्रद्धा, जिज्ञासा और विवेक बुद्धि पर आधारति साधना से उनकी निरर्थकता की अनुभूति कर उनका लोक कल्याण के लिए त्याग। परंतु ज्ञान और तप से हीन, कुछ वाचाल कथावाचक अपना उल्लू सीधा करने के लिए श्रद्धालुओं को धर्म के प्रमाणित मार्ग से विचलित कर सीधे मोह माया के त्याग, चमत्कारों से सफलता की बात करके अकर्मण्य बना रहे हैं और अंधविश्वासों में उलझाए पड़े हैं।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा। | **तुला** कारोबार से संबंधित कोई अनुबंध और पढ़ाई करने के बारे में सोच सकते हैं। |
| **वृषभ** आज आर्थिक मामलों में तकदीर आपका साथ देगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। | **वृश्चिक** आज करियर के मामले में लाभ होगा। कोई काम आपकी सोच के विपरीत हो जाते हैं। |
| **मिथुन** प्रतिभा पर भरोसा रखें और कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा तामझाम की जरूरत नहीं होती। | **धनु** कई दिनों से आप किसी छोटे मोटे काम के बिगड़ जाने से आश्चर्यचकित हैं। |
| **कर्क** आज दिन काफी सावधानी से भरा होगा। सुबह से ही कुछ प्रतिकूल समय आपके लिए चल रहा है। | **मकर** आज लाभ होगा और आपकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। |
| **सिंह** किसी बड़े अधिकारी के वरदहस्त होने से नौकरी में भी आपकी स्थिति मजबूत है। | **कुंभ** कार्यक्षेत्र में आने जाने और सभी कार्यों को समय पर निबटाने का दौर चल रहा है। |
| **कन्या** आज दिन सम्मान से भरा होगा। अपने चहेतों का भला करने में पीछे नहीं रहते हैं। | **मीन** दिन के पहले हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ आपके सामने लटके रहेंगे। |

## राजकाज

### केजरीवाल की स्वामी भक्ति से पहचानी जाएगी आतिशी

**दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने** अपनी एक नई पहचान बनाई है। जिस तरह से भारत में राजा भरत कोस्वामी भक्ति के लिए याद किया जाता है। राम को जब 14 साल का वनवास हुआ था। तब राम ने भरत को राज सिंहासन पर बिठाया था। 14 साल का वनवास पूरा होने तक भरत साधु की तरह सिंहासन में राम की खड़ाऊ रखकर राजकाज चलाते रहे। जब राम बनवास से लौटे, तो उन्हें सिंहासन सौंप कर स्वामी भक्ति का इतिहास राजा भरत ने लिखा था। वह अभी तक चला आ रहा है। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने केजरीवाल को लेकर नया इतिहास लिखने जा रही हैं। जिसके कारण सारे देश में उनकी स्वामी भक्ति की प्रशंसा हो रही है। भरत की स्वामी भक्ति के साथ-साथ अब आतिशी का भी नाम इतिहास में जुड़ गया है। वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठी। उन्होंने अपने लिए एक नई कुर्सी मंगवाई। केजरीवाल के निर्देश पर वह काम कर रही हैं। निश्चित रूप से इससे एक नया इतिहास तो बनेगा ही।

### भारतीय शेयर बाजार पर सारी दुनिया में रिसर्च

**भारतीय शेयर बाजार ने दुनिया के** सभी शेयर बाजारों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया रिकॉर्ड बना लिया है। अपने ही रिकार्ड को भारत बार-बार तोड़ रहा है। विश्व के किसी देश में भारत का रिकॉर्ड तोड़ने की दम नहीं है। हिंडनबर्ग जैसी कंपनियों ने पूरी ताकत लगा दी। अदानी समूह को लेकर दुनिया के बड़े-बड़े लोग उनके पीछे पड़े हैं। इसके बाद भी भारतीय शेयर बाजार ने 85000 के अंक को जिस तेजी के साथ छुआ है। उसके कारण भारतीय शेयर बाजार की चर्चा दुनिया के हर देश में हो रही है।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1492 इंग्लैंड नरेश हेनरी सप्तम ने फ्रांस पर हमला किया। 1823 स्पेन नरेश फडीनांड सप्तम ने अपने दुश्मनों को मौत के घाट उतारने का आदेश जारी किया। 1869 राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म। 1870 रोम इटली की राजधानी बना। 1904 प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म। 1929 गांधी जी ने नवजीवन कार्यालय की सार्वजनिक न्यास बना दिया। 1934 भारतीय शाही नौसेना का गठन हुआ। 1947 द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी ने मास्को पर जोरदार हमला शुरू किया।1951व भारतीय जनसंघ की स्थापना डॉ। श्याम प्रसाद मुखर्जी ने की थी। 1952 सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी। 1964 भारतीय जहाजरानी निगम की स्थापना हुई थी। 197। गांधी सदन जहाँ गांधीजी की हत्या हुई थी राष्ट्र को समर्पित किया गया। 1977 इजरायल ने अमरीका और सोवियत संघ के पश्चिम एशिया सम्मेलन के उद्देश्यों की घोषणा अस्वीकार कर दी।

## दैनिक पंचांग

**2 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.24 बजे से |
| चंद्र | मेष में | सिंह | 08.40 बजे से |
| मंगल | मेष में | कन्या | 10.52 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.03 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृश्चिक | 15.17 ब.से |
| शुक्र | मिथुन में | धनु | 17.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.38 बजे से |
| राहु | मीन में | कुंभ | 21.25 बजे से |
| केतु | कन्या में | मीन | 22.58 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | मेष | 00.28 बजे से |
| | | वृष | 02.08 बजे स |
| | | मिथुन | 04.06 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 184 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 08.43 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** भरणी 05.27 बजे तदनन्तर कृत्तिका 04.40 बजे प्रात: को समाप्त।
**योग** धृति 11.17 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 08.43 बजे तदनन्तर कौलव 19.55 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 01'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872028
**जूलियन दिन** 2460493.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 25 **विशेष** योगिनी एकादशी, मासिक कार्तिगाई।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### स्कूली छात्राओं के बीच बांटा साइकिल



**पथरगामा।** मंगलवार को पथरगामा प्रखंड कार्यालय परिसर में स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रमुख के नेतृत्व में किया गया। साइकिल वितरण बालिका उच्च विद्यालय पथरगामा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोहवारा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुलसीकित्ता के सैकड़ों छात्रों के बीच किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा में बढ़ावा देना और उन्हें बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान करना है। साइकिल मिलने से छात्राओं को स्कूल जाने में सहूलियत होगी और उनकी शिक्षा में वृद्धि होगी। स्थानीय प्रशासन और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की और छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख अवधेश शाह, बीपीओ कमालउद्दीन, शिक्षक जयप्रकाश भगत आदि मौजूद रहे।

### चौकीदार बहाली में एडमिट कार्ड जारी नहीं होने पर छात्रों ने जताई नाराजगी

**पथरगामा।** मंगलवार को चौकीदार बहाली में एडमिट कार्ड जारी न होने पर छात्रों ने अपनी नाराजगी जताई है। छात्रों का कहना है कि समय पर एडमिट कार्ड नहीं मिलने से उनकी तैयारी और परीक्षा में हिस्सा लेने की संभावना पर असर पड़ा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जल्द समाधान की मांग की है, ताकि वे परीक्षा में शामिल हो सके। छात्रों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वे उग्र आंदोलन कर सकते हैं और उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटा सकते हैं। छात्रों ने बताया कि बीट के अंदर आने वाले छात्रों का एडमिट कार्ड अब तक प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि सारे दस्तावेज पथरगामा अंचल कार्यालय में सबमिट भी कर दिया गया है। जबकि बीट से बाहर के छात्रों को एडमिट कार्ड प्राप्त हो गया है। छात्रों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहां कि हम आदिवासी छात्र लगातार ऑफिस का चक्कर लगा रहे हैं पर अब तक हमें न्याय नहीं मिल पाया है। मौके पर प्रकाश मरांडी, रोबिन मुर्मू, धर्मेंद्र हेंब्रम, तेजनारायण टुडू, प्रवीण कुमार टुडू, ब्रह्मदेव मरांडी, मुकेश सोरेन, सुबोध कुमार टुडु, शिशिर मरांडी, अजय किस्कू आदि छात्र मौजूद रहे।

### कृषक मित्रों ने बैठक कर कृषि मंत्री पर जाहिर की नाराजगी



**पथरगामा।** आत्मा कार्यालय में कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष शंकर कुमार के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में कृषि मंत्री के द्वारा वादा न निभाने के कारण नाराजगी जाहिर की गई। प्रखंड अध्यक्ष शंकर कुमार ने कहा कि हम कृषक मित्र पिछले 14 वर्ष से कृषि के क्षेत्र में सेवा देते आ रहे हैं पर हम कृषक मित्रों के लिए कोई भी सम्मानजनक मानदेय नहीं मिल पा रहा है। कृषक मित्र अनवर ने कहा कि कृषि मंत्री ने अपने आवास पर कहा था कि हम कृषक मित्रों का मानदेय अवश्य लागू करेंगे पर उन्होंने हम कृषक मित्रों को ठगने का कार्य किया है, जबकि दीपिका पांडे सिंह को कृषि मंत्री बनने में कृषक मित्रों ने जबरदस्त आंदोलन किया था, ताकि हमारा मानदेय लागू हो सके। कृषि मंत्री बनने के साथ ही कहा था कि कृषक मित्र हमारे प्राथमिकता के तौर पर है और उनके उज्जवल भविष्य के लिए जो भी मांगे हैं पूरी की जाएगी, पर उन्होंने हम कृषक मित्रों को लॉलीपॉप देने का केवल कार्य किया है। कृषक मित्र गुलजार ने कहा कि 1000 प्रोत्साहन राशि बढ़ोतरी राशि तो पूर्व कृषि मंत्री बदल पत्रलेख ने हीं किया था। इन्होंने हम कृषक मित्रों को हमेशा केवल झूठ बोला और ठगने का कार्य किया है। मौके पर दिवाकर आशिक हुसैन ,मुरारी यादव, बीवी नुसरत खातून, दीपक यादव, रामजी मरांडी, मोहसिन अंसारी, नईमुद्दीन, नितेश हेंब्रम, महावीर मांझी, मनोज सिंह, रविंद्र कुमार मंडल, शीलधर यादव, कलीमुद्दीन अंसारी ,अब्दुल समद अंसारी ,गुलजार अंसारी ,अनीता देवी, रामनरेश यादव, सुबोध यादव, जयप्रकाश महतो ,इकबाल, मो यासीन ,इकबाल जफर ,अशरफील आलम, इकरामुल हक, शमशेर आलम सहित काफी संख्या में कृषक मित्र मौजूद रहे।

### पहाड़ी पर ढिबरा चुनने के दौरान एक नाबालिग की मौत, तीन घायल



**गिरिडीह (निसं)।** गावां थाना क्षेत्र के बेला खुट्टा के पहाड़ी पर ढिबरा चुनने के दौरान तीन नाबालिग बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद एक 16 वर्षीय किशोर बिरेंद्र कुमार, पिता रामदेव यादव को घायल अवस्था में आनन फानन में गावां सीएचसी लेकर पहुंचें, जहां डॉक्टर हबीबुल्लाह खान प्राथमिक उपचार के बाद उसके बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया। किशोर के शरीर पर बालू और माइका अंश चिपका हुआ था। वहीं करीब एक घंटे बाद दूसरी नाबालिग लड़की मुन्नी कुमारी किसुन यादव को 108 के माध्यम से गावां सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि माल्डा नीम चौक के पास एक अवैध क्लिनिक इलाज करा रही थी। डॉक्टरों के अनुसार उक्त बच्ची की मौत अवैध क्लीनिक में ही हो गई थी। जिसके बाद परिजन बच्ची का शव लेकर एक गाड़ी में रख कर फरार हो गए। परिजनों के अनुसार यह घटना सड़क पर पर एक अज्ञात ट्रैक्टर के टक्कर से हुई है। लेकिन सूत्रों के अनुसार घटना अवैध माइका खदान में हुई है। तीसरे बच्चे का इलाज बेला टांड़ अस्पताल में चल रहा है। बताया गया कि खदान में जेसीबी मशीन से खनन किया जा रहा था इसी दौरान जेसीबी के बोकेट से मारने से चाल वहां माइका चुन रहे नाबालिग बच्चों पर गिर गया और बच्चे दब कर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि वहां कई नाबालिग माइका चुन रहे थे लेकिन तीन बच्चों को गंभीर चोटें लगी है। फिलहाल गावां पुलिस उक्त किशोरी का शव जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। रेंजर अनिल कुमार ने कहा कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। यदि कोई दोषी पाए जाते हैं तो कार्रवाई किया जायेगा। वहीं थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि थाना में आवेदन दिया गया है। फिलहाल शव को जब्त कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# पूजा पंडालों में सुरक्षा का करें पुख्ता इंतजाम : उपायुक्त

**गिरिडीह (निसं)।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने सभी अनुमंडल/प्रखंडों व थानों से जिले में दुर्गा पूजा विधि व्यवस्था से संबंधित तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त किया। जिसमें सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया कि शांति समिति की बैठक पूर्ण किया जा चुका है। पूजा पंडाल समितियों के साथ भी बैठक किया जा चुका है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। सहित अपने-अपने तैयारी के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके अलावा बैठक के दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों ने जिला प्रशासन से दुर्गा पूजा के दौरान बिजली, पानी, यातायात व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में विधि व्यवस्था संधारण हेतु आज की बैठक आयोजित की गई है। उपायुक्त ने सभी




पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाए। पंडालों में समुचित लाइट की व्यवस्था, एंट्री और एग्जिट के लिए समुचित रास्ते, पंडाल के समीप वाहन पार्किंग ना हो, इसका भी विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। साथ ही ज्वलनशील पदार्थ पर भी विशेष रूप से निगरानी रखी जाए। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे भी अवश्य रूप से लगाया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करें। इसके साथ ही पूजा पंडालों में होने वाले भीड़ का आकलन कर लें तथा बिजली के लटकते तारों को ठीक करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को दुर्गा पूजा की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख नंबर सभी पदाधिकारी आपस में साझा करेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर समन्वय स्थापित किया जा सके। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट या व्हाट्सएप ग्रुप में भड़काऊ मैसेज करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई करने हेतु भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने बताया कि पर्व के दौरान पूरे शहर एवं जिले के हर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि जिन थानों में अभी तक शांति समिति की बैठक नहीं हुई है, वो अपने यथाशीघ्र शांति समिति की बैठक करें। दुर्गा पूजा के मद्देनजर हमें सुरक्षा के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देना होगी ताकि कोई अप्रिय घटना न घटित हो। इसके साथ ही जिला प्रशासन की नजर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कंट्रोल रूम संचालित की जाएगी। साथ ही उन्होंने आगजनी जैसे अप्रिय घटनाओं से बचने हेतु पूजा समिति के सदस्यों को समुचित पानी एवं बालू आदि की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित करने को कहा। साथ ही अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी को भी इस प्रकार के अप्रिय घटनाओं से बचने हेतु पूरी मुस्तैदी के साथ तैयार रहने हेतु निर्देशित किया गया। उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को पूजा पंडाल के सदस्यों को अपने-अपने पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा निश्चित तौर पर अधिष्ठापित करने हेतु निर्देशित करने को कहा गया। इसके अलावा बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, श्रीकांत विस्पुते के द्वारा बताया गया कि दुर्गा पूजा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों को दुरुस्त कर लें। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन वालो रूटों का भ्रमण कर लेंगे। सभी पंडालों में फायर सेफ्टी और पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही साउंड सिस्टम में सीमित साउंड का संधारण करेंगे। इसके साथ ही रावण दहन सार्वजनिक स्थल पर न हो, यह सुनिश्चित कराएंगे। तथा यातायात व्यवस्था को लेकर सारी तैयारियां सुनिश्चित कर लेंगे। साथ ही विभिन्न थाना प्रभारियों एवं बीडीओ/सीओ को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही गई। सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने सूचना तंत्र मजबूत व सक्रिय रखे जाने की बात कही गई। सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी थाना अध्यक्षों को पूजा स्थल एवं विसर्जन स्थलों के रूट चार्ट को वेरीफाई कर लेने की बात कही गई एवं कोई भी जुलूस का संचालन बिना पुलिस बलों के संचालित नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## ग्राहकों की लंबी कतार देख बैंककर्मी नो लिंक का बोर्ड रख निकले

**गोड्डा संवाददाता।** सरकारी बैंक में ग्राहकों को कितनी फजीहत झेलनी पड़ती है अगर यह देखना समझना है तो इंडियन बैंक की गोड्डा मुख्यालय स्थित शाखा में पहुंच जाइए। यकीन मानिए दुबारा बैंक में जाने की इच्छा नहीं होगी। दोपहर का वक्त उमस भरी गर्मी और मुश्किल से बीस गुना बीस वर्ग फीट के दड़बेनुमा जगह में पचास साठ की संख्या में महिला पुरुष काउंटर पर कतार में खड़े होकर अपनी बारी के आने का इंतजार कर रहे हैं और उतनी ही संख्या में लोग बगल में खड़े है। टिफिन का वक्त हो चुका है, तभी काउंटर पर बैठे बाबू उठते है अगल बगल देखते हैं और नो लिंक लिखा बोर्ड खिड़की पर रखकर निकल जाते है। बगल के दूसरे काउंटर पर बैठे बाबू ने तो लिंक फेल का बोर्ड भी नही टांगा और काउंटर से बाहर



निकल लिए जबकि कतार में महिला बच्चियां इंतजार ही करती रह गई। बैंक के नए नियम के मुताबिक सभी स्टाफ को एक साथ लंच में नही जाना है। अस्सी नब्बे की संख्या में खड़े ग्राहकों को इस भयानक गर्मी मे राहत देने के लिए दीवार पर लगे एकमात्र पंखा भी बैंक कर्मियों की कार्यशैली के अनुरूप अपनी गति में घूम रहा था। यहां ग्राहकों के लिए ना तो पर्याप्त संख्या में पंखा ही लगा है और ना ही एग्जॉस्ट फैन। एयरकंडीशनर तो बहुत दूर की बात है। ग्राहकों के खड़े होने की पूरे जगह पर गरम हवा का परत बना रहता है। वैसे माहौल में पांच मिनट भी खड़ा रहना मुश्किल है वैसे जगहों पर भोले भाले ग्रामीण अपने एक हजार पाने के लिए घंटो खड़े रहकर इंतजार करते है। सबसे प्रमुख बात यह है कि बैंक के अधिकारी का भी इस और कोई ध्यान नहीं जाता है। बैंक प्रबंधक का चैंबर खाली ही रहता है। बैंक में व्याप्त इस कुव्यवस्था के लिए कौन जिम्मेवार है यह तय कर पाना मुश्किल है।

## जिला स्तरीय तेली समाज का बैठक आयोजित

**महागामा संवाददाता।** महागामा प्रखंड मुख्यालय स्थित ज्ञानचक गांव में मंगलवार को गोड्डा जिला स्तरीय तेली समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तेली समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति नंद कुमार गुप्ता एवं मंच संचालन उत्तम कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साह एवं उपमुखिया गोपाल कुमार शामिल थे। बैठक में सभी वक्ताओं ने आगामी तेली समाज को ज्यादा से ज्यादा टिकट दिलाने के लिए भाजपा से मांग रखने के लिए प्रदेश नेतृत्व और केन्द्रीय नेतृत्व के पास रखने के लिए एक प्रारूप तैयार किया गया। गोड्डा जिला तेली समाज के सभी विधानसभा प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष सहित बूथ स्तर के लोगों ने तेली समाज के वरिष्ठ नेता को कहा कि तेली समाज के सभी लोगों द्वारा आज देश के लोकप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर भाजपा को वोट देती हैं। झारखंड राज्य में तेली की आबादी 24 प्रतिशत हैं। जो कि आदिवासी एवं मुस्लिमों के बाद सबसे ज्यादा तेली समाज के लोगों की है और अबतक एमएलए, एमपी बनने में जब भी बारी आती है तो सबसे कम आबादी वाले 5 हजार से 10 हजार हजार वाले लोग का चुनाव एमएलए एवं एमपी प्रत्याशी के लिए किया जाता हैं। तेली की आबादी सभी विधानसभा में 50 हजार से कम नहीं हैं। तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साह ने कहा कि संताल परगना के गोड्डा, महागामा, पाकुड़, पोड़ैयाहाट, जामताड़ा और जरमुंडी में जो भी तेली समाज के लोग भाजपा में वर्षों से संगठन का कार्य कर रहे हैं। उन सबों में से ही अच्छे प्रत्याशी का चयन होना चाहिए। इसमें पहली प्राथमिकता बीजेपी को दिया जाएगा, क्योंकि भाजपा को तेली समाज के लोग ज्यादा से ज्यादा वोट देते हैं। अगर भाजपा तेली को अनदेखी करेगी तो जेएमएम कांग्रेस राजद से भी मांग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो भी राजनीतिक दल तेली समाज को ज्यादा से ज्यादा टिकट देगी वैसे राजनीतिक दल का पूरे राज्य में तेली समाज समर्थन करेगा। बैठक में मुख्य रूप से नकुल साह,गणेश साह, चंद्रशेखर साह, दिलीप साह,अर्जुन साह, संजय साह,रामलखण साह, दिगम्बर साह,पवन साह,एवं लखन साह सहित दर्जनों तेली समाज के लोग शामिल थे।

## पारिवारिक विवाद में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**गोड्डा संवाददाता।** घर में हुए पारिवारिक विवाद के बाद बाइस वर्षीय युवती काजल कुमारी ने आत्महत्या कर लिया। घटना बीते सोमवार की संध्या जिले के मेहरमा थाना अंतर्गत ग्राम वाजितपुर की है। मेहरमा थाना की पुलिस को यह सूचना मिली कि गांव में युवती ने घर पर फांसी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दिया है। इस सूचना पर मेहरमा पुलिस ने पहुंचकर आवश्यक पड़ताल किया। जरूरी कागजी प्रक्रियाओं को पूरी करने के करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा भेज दिया गया, मगर रात्रि हो जाने से पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद मृत शरीर को घरवालों के जिम्मे दे दिया गया। घरवालों के अनुसार घर में विवाद हो जाने के बाद गुस्से में आकर बच्ची में आत्महत्या कर लिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की




कारवाई की जायेगी। इधर एक अन्य घटना में पति पत्नी के बीच हुए विवाद के के बाद पत्नी ने गुस्से में आकर जहर का सेवन कर लिया। घटना मंगलवार की सुबह जिले के सुंदरपहाड़ी थाना अंतर्गत ग्राम करमाटांड़ की है। पति पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पत्नी ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर घरवालों ने तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज किए जाने के बाद महिला की हालत स्थिर बनी हुई है। घरवालों के अनुसार दोनो ने आपस में प्रेम विवाह किया है मगर दोनो एक दूसरे पर शक करते हैं। इस वजह आपस में विवाद होते रहता है।

## चलंत लोक अदालत सह जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**गिरिडीह (निसं)।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह गोपाल पांडेय के आदेशानुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह सोनम बिश्नोई के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय परिसर से चलंत लोक अदालत सह जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर गिरिडीह जिले के



सभी प्रखंडों में एवं सुदूर वर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग तिथियो में जाकर जागरूकता फैलाने एवं अधिक से अधिक लोगों को कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह गोपाल पांडेय अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय न्यायाधीश अमित कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अष्टम यशवंत प्रकाश, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय मनोज चंद्र झा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय एस एन सिकदर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गिरिडीह एवं गिरिडीह न्याय मंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारी की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के पश्चात आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अंतर्गत गिरिडीह प्रखंड कार्यालय में चलंत लोक अदालत सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गिरिडीह प्रखंड के अंचलाधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया जिसमें पैनल अधिवक्ता विपिन कुमार यादव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निशुल्क कानूनी सहायता, सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी, फ्रंट कार्यालय, स्थाई लोक अदालत के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी कार्यक्रम में रमेश कुमार तिवारी एवं रवि शर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन पीएलबी दिलिप कुमार ने किया। आज के इस चलंत लोक अदालत सह जागरूकता कार्यक्रम में 15 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन में तीन मामलों का निष्पादन कार्यक्रम की पश्चात किया गया एवं अन्य मामलों में कार्रवाई हेतु विभिन्न विभागों में स्थानांतरित किया गया। आज के कार्यक्रम में पी एल बी अशोक कुमार वर्मा, कामेश्वर कुमार, संतोष कुमार, सुनील कुमार, सीमा देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राज्यस्तरीय गतका प्रतियोगिता में भाग लेने गोड्डा की टीम रांची रवाना

**गोड्डा संवाददाता।** खेलो झारखंड राज्यस्तरीय गतका के ओपन ट्रायल में भाग लेने के लिए मंगलवार को गोड्डा से खिलाड़ी रांची के लिए रवाना हुए। जिनमे विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं शामिल है। ओपन ट्रायल में बालिका वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में मीनू साक्षी, सुलोचना कुमारी, ज्योति कुमारी, काजल कुमारी, मनीषा कुमारी, जानकी कुमारी, पुष्पा कुमारी, आरती कुमारी,चांदनी कुमारी तथा बालक वर्ग में शशि कुमार, अमर कुमार, आयुष राज, अजीत कुमार ठाकुर, अमित कुमार, अनिमेष, पीयूष, गौरव कुमार, सूरज ठाकुर ओपन ट्रायल में हिस्सा लेंगे। बालिका वर्ग का कोच आर्या कुमारी तथा बालक वर्ग में कोच के रूप में करण कुमार कश्यप बच्चो के साथ रांची रवाना हुए। गोड्डा जिला के गतका संघ के अध्यक्ष प्रीतम कुमार गाडिया, कोषाध्यक्ष अजय कुमार राय ने खिलाड़ियों को शुभकामना देकर कहा सभी खिलाड़ी ओपन ट्रायल में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करे।

# ऐतिहासिक स्थल संताल काटा पोखर का किया जाये विकास : सुनिलाल

**दुमका (काप्र)।** दिसोम मरांग बुरु संताली अरी चली आर लेग्चर अखड़ा के बैनर तले दुमका प्रखंड के ऐतिहासिक गांव हिजला में अखड़ा के अध्यक्ष व गांव के मंझी बाबा सुनिलाल हांसदा की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने संताल हूल के ऐतिहासिक स्थल संताल काटा पोखर को लेकर स्वशासन मंझी परगना व्यवस्था के तहत बैठक का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता संग्राम संताल हुल के संताल काटा पोखर वीर स्वतंत्रता सेनानी सिदो-कान्हू मुर्मू, फूलो-झानो मुर्मू, चांद भैरो मुर्मू और हजारों गुमनाम शहीदों के सम्मान में बना एक धरोहर है, जो झारखंड के साथ-साथ पूरे देश को गौरवान्वित करता है। संताल काटा पोखर में अंगेजो के द्वारा संताल हुल के समय हजारों क्रांतिकारियों का निर्मम हत्या कर इस पोखर में डुबो दिया गया था। कुछ दिन पूर्व संताल काटा पोखर के पास पथ निर्माण विभाग की ओर से लगाये गए ऐतिहासिक स्थल संताल काटा पोखर का सूचना बोर्ड और तालाब के मेड़ पर लगाये गए लोहे की रैलिंग वर्षा और आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त होकर टूट कर गिर गया है। अभी तक प्रशासन द्वारा मरम्मति का कार्य शुरू नहीं होने पर अखड़ा और ग्रामीणों ने चिंता और रोष व्यक्त किया है। अखड़ा और ग्रामीणों का कहना है कि अबुवा दिसोम अबुवा राज होने के बाद भी ऐतिहासिक स्थल संताल काटा पोखर का उपेक्षित रहना, बहुत दुःख की बात है। कहा कि ऐतिहासिक स्थल संताल काटा पोखर का जितना विकास होना चाहिये था, उतना विकास नहीं हो पाया है। जबकि ग्रामीण हमेशा इसके विकास की मांग करते आये हैं। अखड़ा और ग्रामीणों ने सरकार, प्रशासन और जन प्रतिनिधियों से ऐतिहासिक स्थल संताल काटा पोखर के लिये निम्नलिखित मांगे रखी है। उनकी मांगों में अविलंब संताल काटा पोखर के पास पथ निर्माण विभाग की ओर से लगाये गए ऐतिहासिक स्थल संताल काटा पोखर का सूचना बोर्ड और तालाब के मेड़ पर लगाये गए लोहे की रैलिंग का मरम्मति कराने, गुमनाम शहीदों के नाम शहीद स्तंभ बनाने, पोखरा के चारो ओर अधूरा चहारदीवारी को पूरा करने, स्वतंत्रता सेनानी सिदो मुर्मू, कान्हू मुर्मू, चांद मुर्मू,भैरो मुर्मू,फूलो मुर्मू, झानो मुर्मू का प्रतिमा संताल आदिवासी के विधि विधान के अनुसार स्थापित करने, शहीद ग्राम भोगनाडीह में आयोजित संताल हुल दिवस के तर्ज पर संताल काटा पोखर में 22 दिसम्बर संताल परगना स्थापना दिवस पर भव्य सरकारी कार्यक्रम आयोजित करने, संताल काटा पोखर का और सुंदरीकरण करने, 22 दिसम्बर को संताल परगना स्थापना दिवस के पावन अवसर पर राजकीय अवकाश घोषित करने, संताल काटा पोखर में संताली रीति रिवाज के अनुसार घाट का निर्माण करने आदि की मांग शामिल है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगर जल्द ही इन मांगो पर विचार नहीं किया जाता है तो अखड़ा और ग्रामीण नेताओं का सामाजिक बहिष्कार किया जायेगा और आंदोलन के लिये बाध्य होंगे।

## अपहरण के दो आरोपी को घटना के कुछ घंटे के अंदर गिरफ्तार



**गोड्डा संवाददाता।** आपसी विवाद में युवक का अपहरण कर लिए जाने की घटना में गोड्डा पुलिस ने दो अपहरकताओं को घटना के महज कुछ घंटो में गिरफ्तार कर लिया। घटना नगर थाना अंतर्गत ग्राम कसबा की है। बनारसी मंडल( 60 ) ने अपने पुत्र का अपहरण कर लिए जाने की घटना को लेकर नगर थाना में लिखित शिकायत किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते एसआईटी टीम का गठन कर छापेमारी आरंभ कर दिया। इसी क्रम में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसकी पहचान अक्षय कुमार पिता अनिकांत यादव ग्राम कठौन एवं राहुल कुमार पिता प्रमोद यादव ग्राम बिरनियां के रूप में हुई। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया गया। घटना को लेकर नगर थाना कांड संख्या 234/24 दर्ज करते हुए अपहरण के आरोप में दोनो युवकों को जेल भेज दिया गया बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस टीम में नगर थाना प्रभारी दिनेश महली मोतिया थाना प्रभारी महावीर पंडित के अलावा नगर थाना के शशिकांत, संजय कुमार सिंह, विपिन यादव भोलानाथ यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024



## एक नजर

### दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारी को ले हुई बैठक

**साहेबगंज (एप्र)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा (दशहरा) पर्व 2024 के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारियों, पूजा समिति के सदस्यों, पुलिस बल और नगर परिषद के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में उपायुक्त ने पूजा पंडालों में सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पंडालों में ऐसे कपड़ों का इस्तेमाल हो, जिनमें आग जल्दी न लगे। साथ ही, आग बुझाने वाले यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पंडालों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**अवैध चंदा वसूली पर रोक**

उपायुक्त ने सख्ती से निर्देशित किया कि पूजा के दौरान अवैध चंदा वसूली पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी। साथ ही, मूर्ति विसर्जन के समय हाई कोर्ट के आदेशानुसार डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। विसर्जन रूट पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, विशेषकर हाई रिस्क जोन में, ताकि सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार की घटना से बचा जा सके।

**विसर्जन स्थल पर विशेष व्यवस्था**

विसर्जन स्थलों पर हाइड्रा मशीनें उपलब्ध रहेंगी ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। इसके अलावा, गोताखोरों की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे जल से संबंधित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। दशमी के दिन शराब की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने का भी निर्देश जारी किया गया।

**कंट्रोल रूम और सफाई व्यवस्था**

सभी पूजा पंडालों में कंट्रोल रूम का नंबर प्रदर्शित किया जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। नगर परिषद, साहेबगंज और राजमहल क्षेत्र में विशेष रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ेंगे अधिकारी**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि पूजा समितियों और अधिकारियों के बीच बेहतर संवाद और समन्वय के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण किया जाएगा। इस ग्रुप में उपायुक्त भी शामिल होंगे। इससे संबंधित जानकारी को समय पर साझा किया जा सकेगा और व्यवस्था को सफल बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

### तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**तालझारी (एप्र)।** साहिबगंज जिला अंतर्गत तालझारी सीएचसी में मंगलवार को मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तालझारी डॉक्टर रंजन कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सभी सहिया साथी बीटीटी एवं ए एन एम ने भाग लिया। इस दौरान इस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विजय राम के द्वारा ऑडीके एसेसमेंट पर चर्चा के साथ एनीमिया टी 4 तक चर्चा किया गया। फिर यक्ष्मा पर्यवेक्षक कुणाल हांसदा के द्वारा वयस्क बीसीजी पर विशेष चर्चा किया गया, फिर हल्ङ मॉनिटर विकास शर्मा के द्वारा भ्रमण किए गए क्षेत्र का गैप को निदान के विषय में चर्चा किया गया।आयुष्मान मित्र स्टीफन मरांडी के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर सभी से चर्चा के साथ जोर दिया गया। मौके पर सहिया साथी सजनी मुर्मू, मेरी मालतो, ए एन एम टेरेसा मुर्मू, किशोरी सिन्हा ,लूसी कुमारी सहिया पर्यवेक्षक अवधेश कुमार ठाकुर ,हल्ङ मॉनिटर विकास शर्मा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विजय राम सहित अन्य उपस्थित थे ।

### राजमहल अनुमंडल अस्पताल में मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**राजमहल (एप्र)।** साहिबगंज जिला अंतर्गत राजमहल अनुमंडल अस्पताल में 30 सितंबर 2024 को उपाधीक्षक उदय टुडू की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के एएनएम, सहिया साथी एवं बीटीटी उपस्थित रहे।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रमों की बारीकी से समीक्षा करते हुए एडल्ट बीसीजी टीकाकरण का भी समीक्षा किया गया एवं उधवा प्रखंड में कम उपलब्धि पर रोष प्रकट किया गया। साथ ही संबंधित वरीय यछमा पर्यवेक्षक को निषेश करते हुए कहा गया की कार्य योजना तैयार कर जल्द से जल्द लक्ष्य की प्राप्ति करना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर उक्त बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन के बासुकीनाथ यादव, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक मधुसूदन महतो, वरीय लक्ष्मण पर्यवेक्षक संजय यादव एवंरवि कुमार, अर्चना कुमारी, सिंधु कुमारी सहित अन्य उपस्थित थें।

### आजीविका महिला संकुल स्तरीय स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की सीएलएफ का हुआ उद्घाटन

**साहिबगंज (एप्र)।** पलाश जेएसएलपीएस के तत्वावधान में सोमवार को राजमहल पंचायत बाबूपुर के तीनपहाङ आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्रथमिक स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा एवं सीएलएफ का उद्घाटन किया गया। इस संकुल में कुल 5 पंचायतों के 26 राजस्व ग्रामों से जुड़े 241 सखी मंडलों की कुल 2842 महिलाएं सम्मिलित हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ना था। संकुल संगठन द्वारा महिलाओं को ऋण सुविधाएं, जैसे सामुदायिक निवेश निधि, चक्रीय निधि और कैश क्रेडिट लिंकेज, उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

**महिला सशक्तिकरण में योगदान**

संकुल के माध्यम से 17 महिला कैडर ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जो स्वयं की आजीविका के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी सशक्त, स्वावलंबी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके प्रयासों के चलते ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्थायी रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं। वहीं कार्यक्रम के दौरान रामचौकी आजीविका ग्राम संगठन को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया साथ ही प्रखंड कार्यालय में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये कैडर को सम्मानित किया.

### झगराही हटिया से हेंडिल लॉक बाइक ले उड़े चोर

**सारठ ।** थाना क्षेत्र के झगराही मोड़ पर मंगलवार शाम को लगे साप्ताहिक हाट से एक बाइक की चोरी होने का मामला सामने आया है। वहीं घटित घटना को लेकर भुगतभोगी बाइक मालिक (खागा थाना के सोनातर गांव निवासी) संतोष यादव ने बताया कि वो सारठ से वापस घर लौट रहा था और रास्ते में झगराही मोड़ पर लगे हाट में सब्जी लेने के लिए रुका था। बताया कि सड़क किनारे जहां और भी कई बाइक खड़ी थी, संतोष ने भी अपनी हीरो स्पलेंडर बाइक संख्या जेएच 15 क्यू 7966 को खड़ी कर हैंडिल लॉक करके सब्जी खरीदने के लिए गया था और महज 10-15 मिनट बाद जब वापस आया तो अपनी बाइक को मौके से गायब पाया। बताया गया कि अपनी बाइक को गायब देख वो काफी हैरान परेशान भी हो गया और काफी लोगों से पूछताछ भी किया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने संतोष यादव को घटना की लिखित शिकायत सारठ थाने में करने का सुझाव देते हुए आए दिन हाट-बाजारों से लगातार हो रही बाइक चोरी की घटना को लेकर अफसोस जताते दिखे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता दुर्गा पूजा विधि व्यवस्था संधारण हेतु ज़िला शांति समिति की हुई बैठक



**साहिबगंज (एप्र)।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा/ दशहरा पर्व को देखते हुए विधि व्यवस्था संधारण हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न प्रखण्डों अंतर्गत थाना क्षेत्रों में कितने पूजा समितियां हैं, लाइसेंसी पंडाल कितने हैं, आदि की जानकारी ली तथा संबंधित पूजा समितियों से व्यवस्था को लेकर आ रही समस्याओं के विषय में जानकारी ली। थाना प्रभारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ आने की संभावना रहती है तो पूजा समितियां सीसीटीवी कैमरा लगवाना, अग्निशामक एक्सटेंशन लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीसीटीवी का पूरा फुटेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर निगरानी रखी जा सके।वहीं प्रशासन द्वारा तय किये गए समय यानी अपराह्न 5:00 बजे से पूर्व चिन्हित किया गये स्थान पर विसर्जन कराने का निर्देश दिया गया।

**कहते हैं एसपी ?**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि सही जगह पर पुलिस बल प्रतिनियुक्त कर विधि व्यवस्था पर निगरानी रखी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने भी सभी पूजा समितियां से कहा कि अपनी ओर से पूरी सतर्कता बरती जाए एवं प्रकाश, पानी आदि की संपूर्ण व्यवस्था रखें तथा भीड़ नियंत्रित करने के लिए प्रयास करते रहें।उन्होंने कहा कि कोई असामाजिक तत्व अप्रिय घटना को अंजाम न दें। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी, पूजा समितियां, अंचलाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को सभी व्हाट्सएप ग्रुप एवं अन्य सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। ताकि किसी प्रकार की असामाजिक तस्वीर एवं पोस्ट साझा ना हो एवं ऐसी किसी प्रकार की पोस्ट या तस्वीर की जानकारी तत्काल एडमिन जिला नियंत्रण या संबंधित थाना क्षेत्र को दें। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि ड्रोन से निगरानी करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावें विसर्जन के दिन आपदा मित्रों को तैयार रहने का निर्देश भी दिया गया। वहीं उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शहर तथा ज़िले वासियों को दुर्गा पूजा, नवरात्रि एवं दशहरे की शुभकामनाएं दी एवं कहा कि लोग शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाये इसके लिए ज़िला एवं पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है।

## विश्व वृद्ध दिवस स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम में आयोजित




**साहिबगंज (एप्र)।** एनसीडी सेल स्वास्थ्य समिति साहिबगंज द्वारा मंगलवार को विश्व वृद्ध दिवस स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम धोबी झरना साहिबगंज में आयोजित की गई । कार्यक्रम का उद्धघाटन सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया , डॉ विजय कुमार, डॉ अमित कुमार, प्रो रंजीत कुमार, डॉ राजेश कुमार तथा बाल विकास पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा बताया गया हर महीने के तीसरे शनिवार को वृद्ध आश्रम में एनसीडी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच किया जाता है। साथ ही साथ लोगों को यह भी बताया गया कि अगर लोग अपने माता-पिता और बुजुर्गों का सही से सम्मान करेंगे एवं ख्याल रखेंगे तो इस वृद्ध आश्रम की जरूरत नहीं होगी। सिविल सर्जन के द्वारा विश्व वृद्ध दिवस के अवसर पर आने वाले शरद ऋतु के लिए सभी वृद्ध जनों को कंबल देकर सम्मानित किए गए । वहीं डॉक्टर विजय कुमार द्वारा वृद्ध लोगों के प्रति सम्मान एवं संवेदनशील रहने हेतु विषय पर व्यापक जानकारी दी गई।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति एवं उत्पन्न महामारी की रोकथाम हेतु आपदा प्रबंधन की हुई बैठक



**साहिबगंज (एप्र)।** अपर समाहर्ता गौतम भगत की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति एवं उत्पन्न महामारी की रोकथाम हेतु पूर्व तैयारी व आपदा प्रबंधन अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। अपर समाहर्ता श्री भगत ने सर्वप्रथम दोनों अनुमंडल के बाढ़ की वर्तमान स्थिति कि जानकारी ली। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया की बाढ़ के पानी में नियंत्रण कमी आ रही है जिससे हालात अच्छे बने हुए हैं। बाढ़ के दौरान ग्रामीणों के बीच वितरण किए गए खाद्य समाग्रियों के रिपोर्ट के विषय में जानकारी ली एवं कहा कि वितरण हेतु खाद्य समाग्रियों की जरुरत हो तो वह अधोहस्ताक्षरी को डिमांड प्रतिवेदन समर्पित करें। उन्होंने बताया कि बाढ़ के पानी से होने वाले मुख्य स्वास्थ्य जोखिम जल-जनित बीमारियों का संक्रमण हैं। बाढ़ के पानी के संपर्क में आने से पेट की बीमारी, घाव और त्वचा में संक्रमण और चकत्ते हो सकते हैं। बाढ़ के पानी के संपर्क में आए दूषित फल और सब्ज़ियाँ खाने से भी बीमारी हो सकती है। अपर समाहर्ता सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा सभी अपने क्षेत्र में नजर बनाए रखे, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी उपस्थित थें।

## सीएचसी बरहरवा में रक्तदान शिविर आयोजित

**बरहरवा (एप्र)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा में मंगलवार को जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कांग्रेस बरहरवा प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कर्मकार, दन्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ऋषभदेव के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर किया गया। वहीं खबर लिखे जाने तक इस शिविर में स्थानीय पांच युवाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं रक्तदान करने वाले के लिए अस्पताल की ओर से ओआरएस , मिठा आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई । मौके पर मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा के बीपीएम दिनेश कुमार, एलटी नौशाद अहमद, रंजीत कुमार ,एएनएम अनीता कुमारी, फार्मासिस्ट तबारक हुसैन, बीटीटी रास बिहारी दास, भोला पंडित, सुकमल सहित अन्य मौजूद थें।

## विद्यालय प्रबंध समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बने तारिकुल आलम

**बरहरवा (एप्र)।** प्रखंड क्षेत्र के महाराजपुर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर में मंगलवार को प्रबंध समिति का गठन कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं इस प्रबंध समिति में कुल 12 सदस्य चयनित किए गए। वहीं तारिकुल आलम को प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर के प्रबंध समिति का निर्विरोध अध्यक्ष एवं सुनाती कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। मौके पर परिबेचक लाल बहादुर प्रभात, विद्यालय प्रभारी जनार्धन कुमार मंडल, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष तैमूर जहां अंसारी, वार्ड सदस्य अमीरूल इस्लाम, वार्ड सदस्य पति रतन पाईन, सहायक शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद थे।



### जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, पाकुड़

**-: अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, पाकुड़ के तहत उपायुक्त, पाकुड़ के आदेश ज्ञापांक–518/वि0, पाकुड़, दिनांक 16.09.2023 से प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त योजना–"**Promotion of journalism education thorough press club, Pakur**" के कार्यान्वयन के निमित्त विभिन्न सामग्री/उपस्करों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य का न्यूनतम दर निर्धारण करने के लिए इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता/प्रतिशठान से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक पंजीकृत फर्म/आपूर्तिकर्ता/प्रतिष्ठान तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफा में निविदा कार्यालय अवधि में जिला जनसम्पर्क कार्यालय, पाकुड़ में दे सकते हैं। निविदा दिनांक 08.10.2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त किया जाएगा तथा दिनांक 08.10.2024 को 03:00 बजे अपराह्न में क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदा की शर्त्ते तथा सामग्री/कार्य की विवरणी पाकुड़ जिला के सरकारी वेबसाईट www.pakur.nic.in/prdjharkhand.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी,
पाकुड़।

PR.NO.337829 IPRD(24-25):D

### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल, पाकुड़।

**अतिअल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

सूचना सं0–.WRD/IRR.DIV.PAKUR– F2-10/2024-25 Date-30.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, पाकुड़। |
| 2 | बेवसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 03/10/2024 के 11:00 बजे पूर्वाहन से |
| 3 | निविदा अभिलेख प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08/10/2024 के संध्या 5:00 बजे तक |
| 4 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 10/10/2024 01:00 बजे अपराहन में। |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, पाकुड़ |
| 6 | योजना मद का नाम | DMFT |
| 7 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9931811963 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 8294086758 |

**कार्य की विस्तृत विवरणी**

| क सं | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्रखंड का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 में | अग्रधन की राशि रु0 में | परिमाण विपत्र की राशि रु0 में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 05 | पंचायत बाबूदाहा ग्राम लोगांव में मुख्य सड़क से पराणीक पोखरा तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | महेशपुर | 22499890.00 | 46000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 02 | 10 | ग्राम तेलियापोखर डीलार टोला से भुबिन मराण्डी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | महेशपुर | 2493060.00 | 50000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 03 | 17 | ग्राम सोनारपाड़ा में नियामत शेख के घर से मस्जिद तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | महेशपुर | 541900.00 | 12000.00 | 2000.00 | 90 दिन। |

नोट:–9. सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार किये जाएंगे ज्यादा जानकारी http://jharkhandtender.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
10. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार्य होगा। प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकता है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगा।
11. विभागीय पत्रांक–430 दिनांक–19.11.2020 के अनुसार निविदित दर अनुमान्य दर से 10 प्रतिशत से अधिक नीचे दिये जाने पर 10 प्रतिशत से नीचे के दर पर Additional performance security देय होगी।
12. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल Online माध्यम से ही स्वीकार्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल पाकुड़।

PR 337846 (Irrigation) 24-25 (D)

### झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय सिंचाई प्रमंडल, पाकुड़।

**अतिअल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

सूचना सं0–.WRD/IRR.DIV.PAKUR– Re-F2-09/2024-25 Date-30.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, पाकुड़। |
| 2 | बेवसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 03/10/2024 के 11:00 बजे पूर्वाहन से |
| 3 | निविदा अभिलेख प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08/10/2024 के संध्या 5:00 बजे तक |
| 4 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 10/10/2024 01:00 बजे अपराहन में। |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, पाकुड़ |
| 6 | योजना मद का नाम | DMFT |
| 7 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9931811963 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 8294086758 |

**कार्य की विस्तृत विवरणी**

| क सं | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्रखंड का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 में | अग्रधन की राशि रु0 में | परिमाण विपत्र की राशि रु0 में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | पंचायत बारोतकुण्डी,ग्राम– भिण्डीबोना ग्रामीण पथ पर अल्फेड टुडू के घर से एलियस टुडू के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | पाकुड़िया | 22,36,672.00 | 45000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 02 | 05 | पंचायत बारोतकुण्डी,ग्राम– भिण्डीबोना ग्रामीण पथ से इसराईल टुडू के घर से तीन सीमाना मोड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | पाकुड़िया | 17,15,167.00 | 34500.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 03 | 10 | खकसा ग्राम में शिव जतन मराण्डी के पोखर से सोस किस्कु के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | पाकुड़िया | 2498140.00 | 50000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 04 | 15 | बाजलापाड़ा में रानीला किस्कू के घर से कल्भर्ट तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | पाकुड़िया | 2267420.00 | 46000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 05 | 16 | बाकड़ाबिल में पुलिया से ईमली पेड़ तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | पाकुड़िया | 2267420.00 | 46000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |

नोट:–9. सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार किये जाएंगे ज्यादा जानकारी http://jharkhandtender.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
10. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार्य होगा। प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकता है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगा।
11. विभागीय पत्रांक–430 दिनांक–19.11.2020 के अनुसार निविदित दर अनुमान्य दर से 10 प्रतिशत से अधिक नीचे दिये जाने पर 10 प्रतिशत से नीचे के दर पर Additional performance security देय होगी।
12. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल Online माध्यम से ही स्वीकार्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल पाकुड़।

PR 337845 Irrigation(24-25)D

### झारखण्ड सरकार
### जिला अभियंता का कार्यालय
### जिला परिषद, देवघर

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–15/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, देवघर।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक–07.10.2024 को अप० 3:00 बजे तक।
3. निविदा विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियन्ता कार्यालय, देवघर।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–08.10.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, देवघर।
6. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– जिला परिषद कार्यालय, देवघर में 08.10.2024 को अप0 3:00 बजे।

**कार्य की विवरणी : वित्तीय वर्ष 2024–25**

| क्र० | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | कुल प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मधुपुर | गडिया | मधुपुर प्रखण्ड के गड़िया पंचायत अंतर्गत 5 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 386000.00 | 750.00 | एक माह |
| 2 | मधुपुर | दलहा | मधुपुर प्रखण्ड के दलहा पंचायत अंतर्गत 5 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 386000.00 | 750.00 | एक माह |
| 3 | मधुपुर | पथलजोर | मधुपुर प्रखण्ड के पथलजोर पंचायत अंतर्गत 5 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 386000.00 | 750.00 | एक माह |
| 4 | मधुपुर | सुग्गापहाडी | मधुपुर प्रखण्ड के सुग्गापहाडी पंचायत 5 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 386000.00 | 750.00 | एक माह |
| 5 | मधुपुर | सिकटिया | मधुपुर प्रखण्ड के सिकटिया पंचायत 5 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 386000.00 | 750.00 | एक माह |
| 6 | मधुपुर | जमुनी | मधुपुर प्रखण्ड के जमुनी पंचायत 4 अदद चापाकाल का अधिष्ठान कार्य | 308800.00 | 750.00 | एक माह |
| 7 | मधुपुर | बड़ा नारायणपुर | मधुपुर प्रखण्ड के बड़ानारायणपुर पंचायत अंतर्गत 3 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 231600.00 | 500.00 | एक माह |
| 8 | करौं | बघनाडीह | करौं प्रखण्ड के बघनाडीह पंचायत अंतर्गत 2 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 154400.00 | 500.00 | एक माह |
| 9 | करौं | बारा | करौं प्रखण्ड के बारा पंचायत अंतर्गत 5 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 386000.00 | 750.00 | एक माह |
| 10 | करौं | सिरसा | करौं प्रखण्ड के सिरसा पंचायत अंतर्गत 5 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 386000.00 | 750.00 | एक माह |
| 11 | करौं | पथरोल | करौं प्रखण्ड के पथरोल पंचायत अंतर्गत 5 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 386000.00 | 750.00 | एक माह |
| 12 | करौं | टेकरा | करौं प्रखण्ड के टेकरा पंचायत अंतर्गत 5 अदद चापाकाल का अधिष्ठापन कार्य | 386000.00 | 750.00 | एक माह |
| 13 | सारवाँ | सारवाँ | Renovation of Aganbari Centre at Vill-Tilambatar, Block-Sarwan Dist-Deoghar | 533400.00 | 1250.00 | एक माह |
| 14 | सारवाँ | भण्डारो | Renovation of Aganbari Centre at Vill-Balidih Block-Sarwan Dist-Deoghar | 607400.00 | 1250.00 | एक माह |
| 15 | सारवाँ | रक्ति | Renovation of Aganbari Centre-Harijan tola, Block-Sarwan Dist-Deoghar | 469100.00 | 750.00 | एक माह |
| 16 | सारवाँ | रक्ति | Renovation of Aganbari Centre at Vill-Tuhiyo, Block-Sarwan Dist-Deoghar | 475300.00 | 750.00 | एक माह |
| 17 | सारवाँ | कुशमाहा | Renovation of Aganbari Centre at Vill.-Harladih, Block-Sarwan Dist-Deoghar | 607500.00 | 1250.00 | एक माह |
| 18 | सारवाँ | कुशमाहा | Renovation of Aganbari Centre at Vill-Baniyadih Block-Sarwan Dist-Deoghar | 469100.00 | 750.00 | एक माह |
| 19 | सारवाँ | बैजुकुरा | Renovation of Aganbari Centre at Vill.-Madwa, , Block-Sarwan Dist-Deoghar | 499500.00 | 750.00 | एक माह |
| 20 | सारवाँ | कुशमाहा | Renovation of Aganbari Centre at Vill-Bichgadha, G.P.-Kushmaha, Block-Sarwan Dist-Deoghar | 536500.00 | 1250.00 | एक माह |
| 21 | सारवाँ | कुशमाहा | Renovation of Aganbari Centre at Vill-Danipur, Block-Sarwan Dist-Deoghar | 490500.00 | 750.00 | एक माह |
| 22 | सारवाँ | रक्ति | Renovation of Aganbari Centre at Village-Laskardih Block-Sarwan Dist-Deoghar | 546900.00 | 1250.00 | एक माह |
| | | | कुल | 9404000.00 | | |

नोट :– (1)परिमाण विपत्र प्राप्त करने हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, देवघर (**D.D.C.-CUM-C.E.O, District Board, Deoghar**) के पदनाम से देय होगा तथा विज्ञापन तिथि के बाद का स्वीकार्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट में संवेदक का नाम उल्लेखित होना अनिवार्य है। **प्रत्येक ग्रुप संख्या के परिमाण विपत्र क्रय के लिए अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट देना अनिवार्य होगा।**
(2) निविदा की शर्त्ते जिला परिषद कार्यालय, देवघर के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
(3) झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका–163 (a) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10% की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। सम्प्रति 10% से नीचे की दर की निविदाएँ अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए **Additional Performance Security** के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से (i) 10 से 20 प्रतिशत **below** तक की राशि का 20% तथा (ii) 20% से अधिक **below** की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172 (a) के रूप में समाहित होगा। पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे।

उपरोक्त सभी झारखण्ड सरकार पथ निर्माण विभाग, राँची के संकल्प संख्या 2146 (S) दिनांक 09.09.2020 से आच्छादित होगा।
(4) जिला परिषद, देवघर के दिनांक 13.11.2021 की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार वैसे संवेदक जिनको जिला परिषद में कार्य आवंटित है तथा कार्य लम्बित है एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि समाप्त हो चुकी है वैसे संवेदकों को निविदा में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, देवघर।

PR 337799 (Deoghar) 24-25 (D)

## एक नजर

### नेशनल ह्यूमन राइट जस्टिस मूवमेंट का महासम्मेलन 7 अक्टूबर को



**जामताड़ा (एप्र)।** नेशनल ह्यूमन राइट जस्टिस मूवमेंट की बैठक मंगलवार को नामूपाडा मोहल्ले में की गई। बैठक में केंद्रीय सचिव हाफिज एहतेशामुल मिर्जा शामिल हुए। उन्होंने कार्यकताओं के साथ संगठन को लेकर चर्चा किया। लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि ह्यूमन राइट जस्टिस मूवमेंट को हर घर तक पहुंचने का कार्य करें और संगठन को मजबूत करें। हाफिज मिर्जा ने बताया कि आने वाले 7 अक्टूबर को पटोदिया धर्मशाला में महा सम्मेलन आयोजित की जाएगी। झारखंड में जितने भी ह्यूमन राइट के पदाधिकारी हैं सभी इस कार्यक्रम में समय पर पहुंचकर सभा को सफल बनाने का कार्य करें। महासभा में नेशनल ह्यूमन राइट जस्टिस मूवमेंट के केंद्रीय अध्यक्ष, पूर्व विधायक जौनपुर, मदर टेरेसा फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष उपस्थित होंगे।

### सीआरसी में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**जामताड़ा (एप्र)।** मंगलवार को करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिंडारी में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पिंडारी संकुल के संकुल साधन सेवी सहदेव मंडल सेवानिर्वित हुए हैं वहीं शिक्षक विकास पांडेय और तेतुलबंधा विद्यालय की शिक्षिका पिंकी देवी का ट्रांसफर अपने गृह जिला देवघर में हो गया है। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने फूल माला और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया है। पिंडारी विद्यालय के प्रधान शिक्षक श्याम सिंह ने कहा कि इन शिक्षकों का विद्यालय में योगदान सराहनीय रहा है इन लोगों की मंगल कामना हम सभी शिक्षक गण करते हैं। वहीं सहदेव मंडल ने कहा कि यह प्रकृति का नियम है मिलना और बिछड़ना। आगे कहा कि जो जिस सेवा में लगे हैं उन्हें अपना कार्य को ईमानदारी और लगन से निभाना चाहिए। वरना रिटायरमेंट के बाद पछतावा होता है। वहीं विकास पांडेय ने कहा कि सरकारी नियमों के अनुसार भले ही हम दूसरे जगह चले गए हैं पर आप सब हमारे दिलों में ही रहेंगे। आप सब हमेशा याद आएंगे। मौके पर मकसूद अंसारी, प्रभु मंगल, परिमल मंडल, बीपीओ सावित्री किस्कू, नोनी गोपाल मंडल, पवन सिंह आदि उपस्थित थे।

### नारायणपुर में मनाया गया वृद्ध मतदाता दिवस



**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर प्रखंड में मंगलवार को वृद्ध मतदाता दिवस मनाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह के द्वारा पोखरिया गांव में वृद्ध मतदाता दिवस मनाया गया। पोखरिया गांव के हबीजन बीबी को सम्मानित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर वृद्ध मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन बुजूर्ग मतदाताओं को सम्मानित करना है। पोखरिया गांव के हबीजन बीबी की उम्र करीब 100 वर्ष है। इसलिए उसे सम्मानित किया तथा मतदान को लेकर जागरूक किया। मौके पर मनोज कुमार बीएलओ सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राजकीय विशेषज्ञों का क्षमता संवर्धन दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**गिरिडीह (निसं)।** निदेशक प्रारंभिक शिक्षा -सह - सदस्य सचिव, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, झारखंड के निदेर्शानुसार देवघर जिला में स्थित पंचायत प्रशिक्षण संस्थान, जसीडीह के प्रशिक्षण सभागार में उल्लास के अंतर्गत झारखंड राज्य के राजकीय विशेषज्ञों का क्षमता संवर्धन का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यकर्म में 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी निरक्षकों को वर्ष 2027 तक साक्षर बनाने का लक्ष्य पर चर्चा की गई। गिरिडीह जिला से राज्य संसाधन समूह के सदस्य शिक्षक संजीव कुमार, पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह, गिरिडीह एवं शिक्षक मनोज कुमार यादव, प्राथमिक विद्यालय अकदोनीखुर्द गिरिडीह कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन उपरांत शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षक संजीव कुमार ने कहा कि उल्लास - नव भारत साक्षरता मिशन के जिला से विधालय तक की बनी समितियों को प्रोत्साहित कर जिला को पूर्ण रूप से साक्षर बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता, संस्थाओं एवम् मीडिया के सहयोग से पूर्ण साक्षरता के लिए तत्पर रहना है।

### दूर्गा पूजा में विधि-व्यवस्था का एसडीएम ने लिया जायजा

**महागामा।** आगामी दूर्गा पूजा के मौके पर क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था की तैयारी को लेकर महागामा एसडीएम आलोक वरण केसरी ने मंगलवार देर शाम महागामा बीडीओ सोनाराम हांसदा, अंचलाधिकारी खगेन महतो एवं थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह ने संयुक्त रूप से महागामा प्राचीन दुर्गा मंदिर प्रांगण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महागामा प्राचीन दुर्गा मंदिर में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर वॉलिंटियर एवं सुरक्षा बल की तैनाती, साफ-सफाई एवं रोशनी सहित अन्य व्यवस्था की तैयारी को लेकर जायजा लिया।

# 4. 69 लाख नगदी के साथ छह शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

➲ 18 मोबाइल, 20 फर्जी सिम, 9 एटीएम, पासबुक सहित एक लैपटॉप बरामद



**जामताड़ा (एप्र)।** जामताड़ा साइबर क्राइम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। साइबर अपराध करते हुए रंगे हाथों 6 शातिर साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर का जन्म स्थान करमाटांड़ थाना क्षेत्र के पिंडारी गांव से 6 शातिर साइबर अपराधी को जामताड़ा साइबर क्राइम थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से चार लाख 69 हजार 500 रुपए नगद राशि ,18 मोबाइल, 20 फर्जी सिम कार्ड, 9 एटीएम कार्ड ,पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, सहित एक लैपटॉप बरामद किया है। मामले का खुलासा जामताड़ा एसपी डॉ एहतेशाम वकारिब ने साइबर थाना में प्रेस वार्ता कर किया। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि करमाटांड़ थाना क्षेत्र के पिंडारी गांव में कुछ साइबर अपराधी संगठित होकर साइबर अपराध की घटना को अंजाम दे रहे हैं। सूचना का सत्यापन करते हुए एसपी ने साइबर थाना प्रभारी अब्दुल रहमान के नेतृत्व में पुलिस इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार वर्मा, एसआई मनीष कुमार गुप्ता, प्रशांत कुमार और अन्य पुलिस कर्मियों को शामिल करते हुए नारायणपुर व करमाटांड़ थाना अंतर्गत पिंडारी गांव के दास टोला और मुस्लिम टोला में छापेमारी कर 6 शातिर साइबर अपराधी निरंजन दास, प्रदीप कुमार दास, रहमत अंसारी, अख्तर अंसारी, चारों का ग्राम पिंडारी, वहीं महरुद्दीन अंसारी, और आशिक अंसारी ग्राम अल्गचुवा थाना करमाटांड़ को साइबर क्राइम करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि ये लोग एक्सिस बैंक के फर्जी अधिकारी बनकर लोगों को फोन करके केवाईसी अपडेट करने के नाम पर लोगों से 16 अंक का एटीएम नंबर, सीवीवी नंबर एवं ओटीपी नंबर प्राप्त कर विभिन्न ई वॉलेट एवं फर्जी बैंक खातों के माध्यम से अपने खातों में पैसा ट्रांसफर कर साइबर अपराध करता था। साथ ही गूगल में विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों ई पेमेंट कंपनियां उपभोक्ता सामग्री कंपनियों के कस्टमर केयर नंबर के रूप में अपना फर्जी मोबाइल नंबर डालकर उपभोक्ताओं का कॉल प्राप्त कर उनके आने वाली समस्याओं का निपटारा करने के नाम पर उनके मोबाइल पर क्विक सपोर्ट, एनीडेस्क, जैसे मोबाइल शेयरिंग एप डाउनलोड करवा कर उनके सारी बैंक की गोपनीयता जानकारी प्राप्त कर साइबर ठगी करता था। उन्होंने बताया कि इन साइबर अपराधियों का कार्य क्षेत्र पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड था । एसपी ने बताया की यह लोग लंबे समय से साइबर अपराध में लिप्त है। साइबर अपराध के जरिए लाखों की संपत्ति अर्जित की है पुलिस ने इसको बड़ी उपलब्धि बताया है। साइबर अपराधियों के विरुद्ध साइबर क्राइम थाना जामताड़ा में मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत से जामताड़ा जेल भेज दिया गया है।

### कुत्ता के काटने से दो लोग घायल

**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के नवघटा एवं करमाटांड थाना क्षेत्र के बिराजपुर गांव में कुत्ते के काटने से 2 लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर में किए जाने के बाद उसे एंटी रेबीज इंजेक्शन देकर समय-समय पर एंटी रेबीज का इंजेक्शन लेने का सलाह देकर घर भेज दिया गया। पहली घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे की बताई जा रही है। जब करमाटांड थाना क्षेत्र के बिराजपुर निवासी जमाल अंसारी ( 36 वर्ष) ट्रेन पकड़ने रेलवे स्टेशन विद्यासागर बाइक से जा रहे थे। तभी अचानक उसे एक आवारा कुत्ता ने काट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरी घटना मंगलवार सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। जब नारायणपुर थाना क्षेत्र के नवघटा निवासी निलांबर राय अपने घर से निकल कर राशन दुकान राशन खरीदने जा रहे थे। तभी अचानक उसे एक आवारा कुत्ता ने काट कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना के बाद दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर में किए जाने के बाद एंटी रेबीज इंजेक्शन देकर घर भेज दिया।

### नारायणपुर में नए सीओ के रूप में देवराज गुप्ता ने किया योगदान



**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर में अंचलाधिकारी के पद पर देवराज गुप्ता ने मंगलवार को योगदान किया। उन्होंने पूर्व अंचलाधिकारी मुरली यादव से प्रभार ग्रहण किया। मौके पर देवराज गुप्ता ने कहा कि सरकार की योजना का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य होगा। प्रावधान के अनुरूप कार्य होंगे तथा लोगों को लाभ दिया जाएगा। टीम वर्क के साथ कार्य होगा ताकि इसके अच्छे फलाफल सामने आए। नारायणपुर अंचल कार्यालय का कार्य बहुत अच्छा है। इसे और आगे बढ़ाने के जवाबदेही उनपर होगी। पूर्व सीओ मुरली यादव ने वर्तमान अंचलाधिकारी को शुभकामनाएं दी और उन्हें लेकर कुर्सी तक गए। गौरतलब है कि नारायणपुर बीडीओ मुरली यादव ने प्रभार में सीओ के पद पर कार्यरत थे। देवराज गुप्ता की पोस्टिग बतौर अंचलाधिकारी हुई है। इस अवसर पर अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक अंचल नाजिर, अभिषेक कुमार, रूपेश कुमार, विक्की पांडेय, गिरजा प्रसाद सिंह, आदि उपस्थित थे।

### समाहरणालय से एक बाइक की चोरी

**जामताड़ा (एप्र)।** हिंदुओ का पर्व त्यौहार का सीजन शुरू होते ही अपराधीक घटनाओं में बढ़ोतरी होने लगी है। सोमवार रात को जहां करमाटांड़ थाना क्षेत्र में छिनतई की घटना घटी वहीं मंगलवार दोपहर समाहरणालय परिसर से एक बाइक की चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार काशीटांड़ निवासी तालेश्वर मंडल अपने पुत्र के साथ समाहरणालय ओबीसी प्रमाण पत्र बनाने के लिए आए हुए थे। वे समाहरणालय परिसर में उपायुक्त के पोर्टिको के पास अपनी बाइक खड़ा कर ऊपर कार्यालय में हुए गए थे। 10 मिनट बाद जैसे ही वे बाहर आए तो देखा कि उनकी स्प्लेंडर बाइक वहां से गायब है। उन्होंने काफी खोज बीन की लेकिन गाड़ी का कोई पता नहीं चला। उन्होंने इस बात की सूचना जामताड़ा थाना में दी है

### विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने की सुपरवाइजरों संग बैठक



**नाला (एप्र)।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर नाला प्रखंड सभागार में सुपरवाइजर की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अकांक्षा कुमारी ने की। इस दौरान कुण्डहित अंचलाधिकारी अमित किस्कू ने चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। इस दौरान सभी सुपरवाइजरों को होम वोटिंग वोटर-सही ढंग से चयन करने, रूट चार्ट - सही ढंग से लैंडमार्क के साथ, एएसडी लिस्ट- सूची का निर्माण भौतिक सत्यापन के साथ करने, 1200 वोटर्स से अधिक के लिए पांच पोलिंग पार्टी आदि की जानकारी दी गई। उन्होंने सुपरवाइजर को निर्देश देते हुए कहा कि केबिनेट को ऐसे लगाना है कि कोई भी पोलिंग ऑफिसर बीयू को न देख सके। इस क्रम में 200 मीटर में मार्क लगाने, लाइट रेडियस का पर्याप्त व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावे कैमरा का लोकेशन पी 1, पी 2, पी 3 पर फोकस होना चाहिए साथ ही तीन लाइन होगी पुरूष, महिला, दिव्यांग, वृद्धजन, होम वोटिंग के लिए रूट चार्ट सही ढंग से करने, ईभीएम भीभीपैट जागरूकता आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर फतेहपुर बीडीओ प्रेम कुमार दास, उपेन्द्र कुमार यादव, आनंद हांसदा, कालीदास टुडू,हरिपद रूईदास, प्रफुल्ल कुमार माजी,गौर किशोर महतो, समीर कुमार बाद्यकर, उत्पल सोरेन, प्रमोद कुमार सिंह, सुनील सोरेन, संदीप कुमार हेम्ब्रम, धनंजय प्रसाद वर्मा, मनोरंजन मिर्धा, ए पुजहर, मोतीलाल मरांडी, वासुदेव सिंह, रंजीत मरांडी, चंचल दास, विभीषण टुडू, निर्वाचन कार्यालय के राजेंद्र बेसरा, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण कुमार सहित अन्य बीएलओ सुपरवाइजर आदि मौजूद थे।

### सुनील कुमार ने डीपीआरओ का किया पदभार ग्रहण

**जामताड़ा (एप्र)।** जिला जनसंपर्क विभाग के डीपीआरओ के रूप में धनबाद के डीपीआरओ सुनील कुमार सिंह ने अतिरिक्त प्रभार मंगलवार को ग्रहण किया है। यह प्रभार उन्होंने कार्यपालक दंडाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी से लिया है। बता दे की कार्यपालक दंडाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी को ग्रामीण विकास सेवा में वापसी होने के बाद यह प्रभार लिया गया है। बीते दिनों इस संदर्भ में सरकार की ओर से अधिसूचना जारी की गई थी। प्रभार ग्रहण करने के बाद डीपीआरओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सरकार और प्रशासन के कार्यों, योजनाओं के संचालन एवं जनहित से संबंधित आवश्यक कार्य, सूचना एवं प्रगति की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने का काम किया जाएगा, उन्होंने मीडिया से भी सहयोग मांगा कि इस कार्य में अंतिम व्यक्ति तक सूचना पहुंचाने में सहयोग करें। मौके पर एपीआरओ अक्षय कुमार तिवारी, गौरव कुमार, दिलीप झा सहित अन्य मौजूद थे।

### बीडीओ ने पंचायत सचिव व मुखिया के साथ की बैठक



**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव की अध्यक्षता में प्रखंड के पंचायत सचिव एवं मुखिया के साथ बैठक आयोजित कर अबुआ आवास का रजिस्ट्रेशन, जियो टैगिंग, एजी ऑडिट एवं का ऑडिट 2 अक्टूबर को ग्राम सभा, आम बागवानी में सौ प्रतिशत पौधा लगवाने, मेड़बंदी में डिमांड करने, कुआं में डिमांड करने एवं पुरानी योजना को बंद करने को लेकर चर्चा किया साथ ही मतदान केदो में सुविधा एवं मईया सम्मान योजना, 15वां वित्त आयोग को लेकर भी कई अहम दिशा निर्देश दिए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मनरेगा कार्य में पुरानी योजना को बंद कर वर्तमान में चल रही योजनाओं में डिमांड करवाने सहित 15 वित्त आयोग की राशि को जल्द से जल्द खर्च करें। 2 अक्टूबर को प्रखंड के सभी पंचायत भवन में ग्राम सभा आयोजित कर योजना स्वीकृति को लेकर दिशा निर्देश दिया। मौके पर कनीय अभियंता जितेंद्र टुडू, कुंदन कुमार, अमित कुमार सिंह, कैलाश मंडल, सुमन पंडित पंचायत सचिव कृष्ण मंडल, अनिकेत सिंह, अमरेंद्र झा, सुबोध कुमार, पम्पा माझी, पूजा माझी, गीता लगोरी मुखिया दिलीप बास्की वीरेंद्र प्रताप हेंब्रम ,कृष्णा सोरेन बबलू किस्कु, मुन्नी मरांडी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
National Highway Division, RCD, Deoghar
Circular Road, Near D.C. Residence,
Deoghar, Jharkhand (814112)
E-mail ID : eenhdeoghar@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

Tender Ref. No. NH/Deoghar/01/2024-25 Dated:- 06.08.2024, which was published in daily newspaper [PR No. 332162 (Deoghar) 24-25(D)] for DPR Consultancy is hereby cancelled due to unavoidable circumstances.

Sd/-
Executive Engineer
National Highway Division,
Deoghar

PR 337864 Deoghar(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल,पाकुड़

**शुद्धि पत्र**

Minor Irrigation Division,Pakur(2024-25) द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0-WRD/MID/PAKUR/F2-08/2024-25 ,PR NO- 337332 मे योजना सं0 कमांक–05 में प्रकाशित योजना महेशपुर प्रखंड के बाबुदाहा पंचायत में ग्राम सिंगना में किरता मुख्य सड़क से स्कूल भवन तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य का निविदा अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल,पाकुड़

PR 337868 (Minor Irrigation)24-25*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल,पाकुड़

**शुद्धि पत्र**

Minor Irrigation Division,Pakur(2024-25) द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0-WRD/MID/PAKUR/F2-07/2024-25, PR NO- 337330 मे योजना सं0 कमांक–20 में प्रकाशित योजना अमड़ापाड़ा प्रखंड के जराकी पंचायत में ग्राम चटरा पहाड़ में मेन रोड से चटरा पहाड़ गॉव तक पक्की सड़क निर्माण 500मीटर का निर्माण कार्य का निविदा अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, पाकुड

PR 337867 Minor Irrigation(24-25)#D

# झारखंड विधानसभा अध्यक्ष का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**नाला (एप्र)।** फतेहपुर गांव में ग्रामीणों की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन कर स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रावन सोरेन ने किया। इस दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को पगड़ी पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान रावन सोरेन ने स्थानीय विधायक के विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इनके कार्यकाल में सड़क, पुल-पुलिया सहित महिलाओं के विकास को लेकर भी ऐतिहासिक पहल की गई है। इस दौरान पूर्व मुखिया दिलीप मुर्मू ने भी स्थानीय विधायक सह विस अध्यक्ष के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और वर्तमान राज्य सरकार हेमंत सोरेन के द्वारा किए गए महिला सशक्तिकरण को लेकर मईया सम्मान योजना आदि की प्रशंसा की।वहीं नारायण मरांडी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और आगामी विधानसभा चुनाव में एकजूट होकर विकास के प्रतिक स्थानीय विधायक को वोट देकर जीताने की अपील की। इस अवसर पर 20 सुत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और ग्रामीणों के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की। वहीं स्थानीय विधायक रविंद्र नाथ महतो ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुरूजी शिबु सोरेन के झारखंड निर्माण में योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि आज हमारे गुरूजी के पुत्र संथाल समाज के हाथ में है ये बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने एकत्रित बिहार की बात करते हुए कहा कि 32 साल के संघर्ष के बाद अलग राज्य की स्थापना गुरूजी के नेतृत्व में किए हैं। उन्होंने कहा जब गुरूजी अलग राज्य का आंदोलन किए थे तभी विपक्षी तथा कुछ लोगों का कहना था न राधा का नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी। परंतु आज झारखण्ड राज्य अलग करके हमने एक मिसाल कायम की है।आज झारखंड का विकास चारों ओर दिख रहा है।पूर्व में समाज व्यवस्था अलग थी परंतु गुरूजी के प्रयास से सभी विषमताओं को दूर किया गया। वहीं कार्यक्रम को डॉ राधु मंडल ने भी संबोधित किया और स्थानीय विधायक के विकास कार्यों की सराहना की। इस दौरान ग्रामीणों ने अन्य समस्या भी सुनाई। इस अवसर पर 20 सूत्री सदस्य भवसिंधु लायेक, डॉ राधु मंडल, दयामय घोष, गणेश मुर्मू,जलधर हेम्ब्रम, नारायण मरांडी, महादेव मुर्मू, रामधन मरांडी, गौतम सोरेन, सुमन सोरेन, विभीषण सोरेन, बाबुजन मुर्मू, शिवलाल सोरेन, मानिक हेम्ब्रम, बनमाली मंडल, राजू दास, मुकेश झा, नीलकंठ मंडल, सुनील मंडल, मानिक बाउरी, स्वपन बाउरी, निलांबर सोरेन आदि मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम का मंच संचालन युवा नेता राजू दास ने किया।

## 83 के ब्लू डार्ट एक्सप्रेस के शेयर ने 1 लाख के निवेश को बना दिया 1 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्लू डार्ट एक्सप्रेस के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर में आज 7 प्रतिशत यानी 580.55 रुपये चढ़कर 8778 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी घोषणा है। दरअसल, कंपनी ने 1 जनवरी, 2025 से प्रभावी जनरल प्राइस इंक्रीज (जीपीआई) में 9 प्रतिशत से 12 प्रतिशत के बीच की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि यह बढ़ोतरी प्रोडक्ट विशिष्टताओं और शिपिंग प्रोफाइल के आधार पर अलग-अलग होगी। इस बीच, 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर के बीच साइन अप करने वाले ग्राहकों को इस बढ़ोतरी से छूट दी जाएगी। बता दें कि ब्लू डार्ट की कीमतों में बढ़ोतरी इंडस्ट्रीज के प्रमुख ऑलकार्गो गति द्वारा 1 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाली औसत सामान्य कीमत में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा के कुछ दिनों बाद आई है।

### कंपनी के शेयरों के हाल


ब्लू डार्ट एक्सप्रेस के शेयर पिछले छह महीने में 42 प्रतिशत और इस साल YTD में अब तक 20 प्रतिशत चढ़ा है। सालभर में इस शेयर में 30 प्रतिशत की तेजी आई है। पांच साल में इस शेयर में 280 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई है। इसका मैक्सिमम रिटर्न 10,288 प्रतिशत से अधिक का है। बता दें कि कंपनी के शेयर 5 जुलाई 2002 को 83 रुपये के भाव पर थे। यानी इस दौरान इसके एक लाख के निवेश को बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दिया है। बता दें कि कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई प्राइस 9,483.85 रुपये और 52 वीक लो प्राइस 5,490 रुपये है। इसका मार्केट कैप 20,616.25 करोड़ रुपये है।

## निवेश में जारी है मुकाबला सोने ने दी चुनौती

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** वर्तमान में सोना और सेंसेक्स दोनों में आगे निकलने के लिए दौड़ जारी है। इस समय सोने में तेजी देखी जा रही है, जिससे निवेशकों का उत्साह बढ़ा है क्योंकि सोने ने इस साल जनवरी से अब तक रिटर्न के मामले में बीएसई सेंसेक्स को पीछे छोड़ दिया है। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले महिनों में सोने में और तेजी देखी जा सकती है। हालांकि, देखा जाए तो एक साल की अवधि में सेंसेक्स ने सोने को काफी हद तक पछाड़ दिया है। जुलाई में बजट के दौरान सोने पर सीमा शुल्क में कमी के बावजूद निवेशकों की निराशा केवल दो महीने में खुशी में बदल गई। दूसरी ओर जून में लोकसभा चुनाव के दौरान शेयर बाजार में आई गिरावट ने निवेशकों को चिंतित कर दिया था।

# भारत छोड़कर चीन की तरफ भाग रहे निवेशक!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दो साल में एमर्जिंग मार्केट निवेशकों ने भारत में खरीदो और चीन में बेचो की नीति का पालन करते हुए खूब पैसा बनाया। लेकिन चीन के एक कदम से यह स्थिति पलट गई है। चीन की सरकार ने अपनी इकॉनमी में जान फूंकने के लिए हाल में स्टीम्युलस पैकेज का ऐलान किया है। इसके बाद से वहां के शेयर मार्केट में काफी तेजी आई है। इससे निवेशक भारत से पैसा निकालकर चीन का रुख कर रहे हैं। चीन के सीएसआई 300 इंडेक्स में एक सप्ताह में 25 प्रतिशत उछाल आई है जबकि हैंग सेंग 16 प्रतिशत चढ़ गया। दूसरी ओर निफ्टी और सेंसेक्स दोनों ही बिकवाली का दबाव है। सोमवार के कारोबार में एफआईआई ने एक अरब डॉलर से अधिक की निकासी की। इससे सेंसेक्स में लगभग 1,300 अंक की गिरावट आई।





सिंगापुर की वित्तीय सेवा फर्म डीबीएस ग्रुप के जोआन सिउ चिन ने कहा कि भारत ने मजबूत प्रदर्शन किया है और हम अन्य बाजारों पर भी नजर रख रहे हैं। चीन और आसियान वास्तव में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। भारत वास्तव में एक डोमेस्टिक लिक्विडिटी मार्केट है। चीन सरकार के मौद्रिक और तरलता उपायों की घोषणा के बाद उसका प्रदर्शन इस साल के बाकी महीनों में भारत से बेहतर रहेगा। लिक्विडिटी को मुक्त करने के लिए चीन ने बैंकों के लिए रिजर्व रेश्यो को 50 आधार अंकों से कम कर दिया है। इसने मौजूदा आवास के लिए मोर्टगेज रेट को भी 50 बीपीएस से कम कर दिया है।

### चीन में तेजी

चीन सरकार के इन उपायों से उपभोग की मांग बढ़ेगी। इसके अलावा पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने भी निकट भविष्य में अपनी नीति में ढील देने का संकेत दिया है। नोमुरा के चेतन सेठ ने कहा कि निवेशकों से मिली प्रतिक्रिया और कुछ बाजार संकेतकों का आकलन करने से पता चलता है कि इस बार रैली पिछली बार की तुलना में अधिक टिकाऊ हो सकती है। निवेशक हांगकांग/चीन के शेयरों में कम निवेश कर रहे थे। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। उम्मीद की जा रही है कि चीन के बाजार लंबी नींद के बाद अब उठेंगे। हाल ही में एमएससीआई एसी वर्ल्ड इन्वेस्टेबल मार्केट इंडेक्स में भारत का वेट चीन से अधिक हो गया था। इससे एफआईआई को फिर से चीन में निवेश करने के लिए पर्याप्त जगह मिल गई है। चीनी शेयरों का सस्ता वैल्यूएशन उन्हें आकर्षित कर रहा है। जियोजित के डॉ. वी के विजयकुमार ने कहा कि चीन में तेजी लंबे समय तक बनी रह सकती है। इसका मतलब है कि एफआईआई भारत में बेचना जारी रख सकते हैं और बेहतर प्रदर्शन करने वाले बाजारों में कुछ और पैसा लगा सकते हैं। लेकिन इससे भारतीय बाजार पर कोई खास असर पड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि भारी घरेलू निवेशक भी मजबूत हैं।

### क्या होगा असर

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के विश्लेषकों ने कहा कि भारत में एफआईआई का प्रवाह निष्क्रिय किस्म का रहा है और सक्रिय एफआईआई चीन का रुख कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने इस बात पर संदेह जताया कि सक्रिय एफपीआई भारत में अपने स्टॉक का अहम हिस्सा बेचेंगे और उसे चीन ले जाएंगे। जीईएम ईटीएफ फंड से निष्क्रिय या ईटीएफ इन्क्रीमेंटल फ्लो में कुछ कमी देखी जा सकती है। विभिन्न बेंचमार्क सूचकांकों में दोनों देशों के रिलेटिव वेट भार में किसी भी बदलाव से केवल जीईएम ईटीएफ फंड से इन्क्रीमेंटल फ्लो पर असर होगा।

## फेस्टिव सीजन में मिल सकता है सस्ते हवाई सफर का तोहफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेस्टिव सीजन में अगर आप हवाई सफर करने को सोच रहे हैं तो यह आपके फायदे की खबर हो सकती है। दरअसल एविएशन टर्बाइन फ्यूल या विमानन ईंधन के दाम में करीब 6000 रुपए तक की कटौती की गई है, जिस कारण हवाई किराए में कमी की उम्मीद की जा रही है। राजधानी दिल्ली में एटीएफ के दाम 5882.78 रुपए प्रति किलोलीटर घटकर 87,597.22 रुपए प्रति किलोलीटर पर आ गए हैं। प्रतिशत के हिसाब से देखें तो ये 6.30 फीसदी की कटौती है और इसे खासी अच्छी कटौती मानी जा सकती है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर देश के चारों महानगरों में जेट फ्यूल यानी एयर टबाईन फ्यूल कितना सस्ता हो चुका है।

देश की राजधानी दिल्ली में घरेलू उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमतों में 5,883 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती है, जिसके बाद दाम 87,597.22 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं।

कोलकाता में जेट फ्यूल की कीमतों में 5,687.64 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती है। जिसके बाद दाम 90,610.80 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं।

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में घरेलू उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमतों में 5,566.65 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती है, जिसके बाद दाम 81,866.13 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं।

सबसे ज्यादा कटौती चेन्नई में देखने को मिली है। घरेलू उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमतों में 6,099.89 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती है, जिसके बाद दाम 90,964.43 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं।

### दो महीने में कितना सस्ता हुआ एटीफ

दो महीनों मूं देश की राजधानी दिल्ली में एटीएफ की कीमतों में 10,378.5 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती देखने को मिल चुकी है।

अगर बात कोलकाता की करें तो इस दौरान जेट फ्यूल की कीमतों में 9,910.08 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौजी आ चुकी है।

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में दो महीने में जेट फ्यूल की कीमत में 9,784.21 गिरावट आई है।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों बीते दो महीनों मं जेट फ्यूल की कीमतों में सबसे ज्यादा सस्ता 10,667.65 रुपए दाम कम हैं।

### इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट पर अपडेट हुए प्राइस

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट पर एटीएफ के दाम अपडेट हो चुके हैं और आप वहां पर नए रेट जान सकते हैं। ये नए दाम आज से ही लागू हो गए हैं और महीने के पहले दिन ही एटीएफ के दाम में गिरावट आ चुकी है। जेट फ्यूल की कीमतों में बड़ी कटौती होने के बाद एयरलाइन अपनी टिकटों में कटौती कर सकती है। एयरलाइन की पूरी कॉस्ट में 40 फीसदी का वेटेज जेट फ्यूल की कीमतों का होता है। खास बात तो ये है कि त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में हवाई सफर सस्ता होगा तो आम लोगों के लिए दोहरी खुशी होगी। जानकारों की मानें तो हर साल फेस्टिव सीजन में एयराइन अपनी टिकटों की कीमत तेजी देखने को मिलती है। ऐसे में अगर इस कटौती देखने को मिले तो कोई हैरानी की बात नहीं होगी।

## गोल्ड लोन देने वालों को आरबीआई की बड़ी चेतावनी, जारी की सख्त गाइडलाइन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को सोने के बदले कर्ज देने वाले संस्थानों में कई अनियमितताओं की पहचान की है और उनसे अपनी नीतियों एवं प्रक्रियाओं की व्यापक समीक्षा करने को कहा है। सेंट्रल बैंक ने कर्जदाताओं को भेजे एक संदेश में बताया कि हाल की समीक्षा में सोने के आभूषणों को गिरवी रखकर दिए जाने वाले ऋणों के संबंध में कई खामियां सामने आई हैं। आरबीआई के मुताबिक, कर्जों के स्रोत और मूल्यांकन के लिए तीसरे पक्ष के उपयोग में कमियां, ग्राहक की गैर-मौजूदगी में सोने का मूल्यांकन, अपर्याप्त जांच-पड़ताल और स्वर्ण ऋण के अंतिम उपयोग पर निगाह रखने में कमी और चूक होने पर सोने के आभूषणों की नीलामी के दौरान पारदर्शिता का अभाव जैसी खामियां पाई गई हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा के हाल के अध्ययन में कहा गया है कि आरबीआई की तरफ से हाल में उठाए गए कदमों के बावजूद स्वर्ण ऋण में अच्छी वृद्धि हुई है और मार्च, 2025 तक संगठित कर्जदाताओं का पोर्टफोलियो 10 लाख करोड़ रुपए तक हो जाने का अनुमान है।

आरबीआई ने सोने के बदले कर्ज देने के कारोबार में शामिल सभी संस्थाओं को अपनी नीतियों और प्रक्रिया की व्यापक समीक्षा करने, कमियों की पहचान करने और समयबद्ध तरीके से उचित सुधारात्मक उपाय शुरू करने की सलाह दी। आरबीआई अधिसूचना के मुताबिक, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आउटसोर्स की गई गतिविधियों और तीसरे पक्ष के सेवा प्रदाताओं पर इन संस्थाओं का पर्याप्त नियंत्रण हो। इसमें कहा गया है कि स्वर्ण ऋण देने वाली संस्थाएं आरबीआई के वरिष्ठ पर्यवेक्षी प्रबंधक को तीन महीने के भीतर अपनी कार्रवाई के बारे में सूचित कर सकती हैं। इस संबंध में दिशानिर्देशों का पालन न करने को रिजर्व बैंक गंभीरता से लेगा।




कार्यालय, नगर परिषद, महिजाम

नगर परिषद महिजाम की ओर से सभी नगरवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनायें

- प्रधानमंत्री आवास योजना घटक III के तहत 96 फ्लैट का निर्माण किया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना घटक IV के अंतर्गत 2279 में से 1452 को गृह प्रवेश करा दिया गया है।
- ठोष अपशिष्ट प्रबंधन योजना अन्तर्गत वर्तमान में राजबाड़ी में अपशिष्ट प्रसंस्करण योजना का कार्यान्वयन हो रहा है।
- मुख्यमंत्री श्रमिक योजना अन्तर्गत अकुशल मजदूरों को रोजगार का अवसर प्रदान की जा रही है।
- DAY NULM के तहत Vending Zone का निर्माण पूर्ण हो चुका है।
- कच्ची सड़कों को पीसीसीकरण किया जा रहा है एवं नालियों का निर्माण किया जा रहा है।
- 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत शहरी जलापूर्ति में पाईपलाईन का विस्तार का कार्य प्रगति पर है।
- 15वें वित्त आयोग से रोड एवं नाली का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

अपील

नागरिकों से अपील :-

- जहाँ-तहाँ कूड़ा कचड़ा न फेंके, घर-दूकान से कूड़ा निकालकर नाली में न फेंके।
- सेप्टिक टैंक एवं ड्रेन की सफाई पंजीकृत एवं प्रशिक्षित कर्मी समुचित सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल करते हुए ही करेंगे, अन्यथा विधिसम्मत जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
- सभी व्यवसायीगण ट्रेड लाईसेंस ले, निर्गत ट्रेड लाईसेंस को ससमय नवीकरण करावें।
- अपने-अपने भवन एवं जमीन का ब्योरा देकर प्रोपर्टी टैक्स एसेसमेन्ट कराकर सयम पर शुल्क जमा करें साथ ही Water Tax समय पर जमा करें।
- जल बचाव हेतु Rain Water Harvesting प्रत्येक घर में लगायें।
- घरों से निकलने वाले कूड़े-कचड़े को नगर परिषद से कचड़ा संग्रह वाहन में डालें।



ज्ञापांक : 1023/एम.एन.पी. दिनांक 01.10.2024

# डीएम ने की सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक



**जमुई (नि.स.)।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी जमुई श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति वर्ष 2024 माह सितंबर की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिला पदाधिकारी ने कार्य सूची के अनुसार सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं यथा जिले में सड़क दुर्घटनाओं, जिले में सड़क सुरक्षा गतिविधियों, सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की निगरानी एवं कारणों की पहचान, सड़क सुरक्षा मानकों के क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, राज्य सुरक्षा नीति के क्रियान्वयन और इसके तहत निर्धारित निगरानी की प्राप्ति, भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी सड़क सुरक्षा निदेशों को लागू करने, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद के नियमों को जिलों में क्रियान्वयन कराना, गति सीमा एवं ट्रैफिक कालमिंग मेजर्स , बिहार सड़क सुरक्षा परिषद को नियमित रूप से जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं से समय-समय पर अवगत कराना, दुर्घटना के आंकड़ों का मासिक आधार पर सार्वजनिक पटल पर प्रकाशन, जिले में होने वाली सामूहिक मृत्यु के लिए मोटर अधिनियम 1988 के धारा 135 ए के तहत दुर्घटना का फोरेसिक जांच करना, उचित स्थान पर एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करना ताकि पीड़ित को ससमय अस्पताल पहुंचने में सुविधा हो और प्रतिक्रिया में सुधार हो सके, जिले में पूर्व मे हुई घटना की संख्या के अनुसार विभिन्न प्रकार के एंबुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, बड़े पैमाने में होने वाली दुर्घटनाओं के लिए आपातकालीन चिकित्सा योजना तैयार करना, सड़क सुरक्षा निधि का रखरखाव आवश्यकता और वितरण के लिए एक नोडल निकाय के रूप में कार्य करना, आवश्यकता पड़ने पर यथा स्थिति एवं यथासमय राज्य सड़क परिषद एवं लीड एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित करना, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए गुड सीमेटेरियन को बढ़ावा देना, जिले अंतर्गत शहर एवं ग्राम पंचायत में ट्रैफिक पार्क का प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करना, सड़कों पर वाहनों की तीव्र गति के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं को न्यून करने के उद्देश्य से वाहनों की अधिकतम गति सीमा निर्धारित करने हेतु सड़कों को चिन्हित किया जाना और अधिकतम गति सीमा के निर्धारण के बाद संबंधित कर एजेंसी द्वारा पर्याप्त साइनेज लगाने के लिए निदेशित करना एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य मुद्दे पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की एवं आंकड़े से रूबरू हुई तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने सड़कों पर वाहनों के तीव्र गति के कारण हो रही दुर्घटनाओं को न्यून करने के उद्देश्य से किन-किन जगहों पर रोड साइनेज लगाने हेतु रह गया है जांच करने का निर्देश दिया गया।उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को वाहन जांच कर फाईन करने एवं सड़क दुर्घटना होने पर आपातकालीन स्थिति से निपटने की योजना बनाने का निर्देश दिया। साथ ही नगर परिषद जमुई को सप्ताह में दो दिन अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक जमुई, सिविल सर्जन जमुई, अनुमंडल पदाधिकारी जमुई, जिला शिक्षा पदाधिकारी जमुई , जिला परिवहन पदाधिकारी जमुई , मोटर यान निरीक्षक समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने दिया विकास मित्र को नियुक्ति पत्र



**जमुई (निंस)।** मगलवार को अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी के द्वारा प्रकाशित चयन सूत्री के आधार पर नीतीश कुमार पिता राम बालक कुमार पोस्ट पाठकचक पंचायत मिर्चा पाठकचक प्रखंड सिकंदरा जिला जमुई को नियुक्ति पत्र दिया गया।अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी ने बताया कि जिला कल्याण पदाधिकारी जमुई के पत्रांक-176/क 6.6.2024 के आलोक में दिनांक 18.9.2024 को प्रखंड-सिकन्दरा, अनुमंडल जमुई जिला-जमुई में निम्नलिखित नियम एवं शर्तों पर संविदा आधारित नियोजन विकास मित्र के रूप में किया गया है।विकास मित्र अपने कार्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु प्रशासन एवं लाभुकों के बीच का कार्य करेंगे। विकास मित्र का कार्य लेने की अधिकतम उम्र सीमा 60 वर्ष होगी। विकास मित्र सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे तथा नियोजन के पश्चात उनका चरित्र एवं 3 कार्य असंतोषप्रद होने की स्थिति में अनुमंडल या जिला परियोजना पदाधिकारी की अनुशंसा पर जिला पदाधिकारी की सहमति प्राप्त कर नियोजन समाप्त करने की कारवाई जिला परियोजना पदाधिकारी द्वारा की जाएगी।प्रत्येक विकास मित्र को प्रति माह बिहार महादलित विकास मिशन द्वारा निर्धारित मानदेय का भुगतान किया जाएगा।संविदा आधारित नियोजन विकास मित्र द्वारा दी गयी जानकारी/प्रमाण पत्र असत्य पाए जाने पर उनका नियोजन रद्द कर दिया जाएगा।

## कार्यालय नगर परिषद, पाकुड़

**Request for Proposal**

Very Urgent Tender No.- E-Tender/NPP/03/2024-25 Re

| SL. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 01 | Name of works | Selection of Bidder for "Bioremediation and Clearing of Legacy Waste (Scientifie umpsite Land Reclamation through Biomining and Resource Recovery) at Dumpsite of Nagar Parishad, Pakur |
| 02 | Mode of Submision | https://jharkhanders.gov.in/nicgep/app |
| 03 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 63,45,355.00 |
| 04 | Tender Fee (Rs.) | Rs. 10,000.00 |
| 05 | Bid Security (Rs.) | Rs. 1,27,000.00 |
| 06 | Time of Completion | 60 Days |
| 07 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 03.10.2024 by 3:00 PM |
| 08 | Last Date /Time for receipts of Bids Online | 07.10.2024 by 3:30 PM |
| 09 | Opening of Technical BID | 08.10.2024 by 3:00 PM |
| 10 | Name & Adress of Officed Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Parishad, Pakur |

नोट :– नियम एवं शर्तें Jharkhandtenders.gov.in में एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, पाकुड़

PR 337749 Urban Development (24-25)_D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT ROAD DIVISION, DUMKA

**VERY – VERY SHORT TIME**

**E-Procurement Notice**

**Tender Reference No.- RCD/DUMKA/1684**

**Date :- 01.10.2024.**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | IRQP/Strengthening work of Jama-Jamtara Road (Total Length-18.66 Km) under Road Division Dumka for the year 2024-25. |
| 2 | Estimated cost(In Rs) | Rs 20,09,45,521.00 |
| 3 | Time of completion | Seven Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 02.10.2024 at 10.30 AM |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 14.10.2024 Up to 12.00 Noon |
| 6 | Date of opening of Tender | 15.10.2024 at 12.30 PM |
| 7 | Name & address of office Inviting tender | Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka. |
| 8 | Contact no. of Procurement Officer | 8252424164 |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Dumka

PR 337823 (Road)24-25*D

# पंचायत भवन की जमीन उपलब्ध कराने की मांग हुई तेज

**बरहट (एप्र)।** नुमर पंचायत में प्रखंड के पदाधिकारीयों की लापरवाही के कारण सालों बीत जाने के बाद भी पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।इस आशय को लेकर प्रखंड जिला परिषद ,पंचायत के मुखिया, सरपंच वार्ड सदस्य तथा ग्रामीणों ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी, उपसमाहर्ता भूमि सुधार व अंचलाअधिकारी को आवेदन देकर पंचायत में खाली पड़े गैरमजरूआ जमीन को नापी करवाकर भवन निर्माण कराने की मांग को लेकर हस्ताक्षर युक्त आवेदन दी है। अपने दिए आवेदन में पंचायत के मुखिया दामोदर पासवान ने बताया की पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर एक आम सभा बैठक की गई।जिसमे भवन निर्माण के लिए विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया की बरहट अंचल के पुर्व अंचलाअधिकारी के द्वारा पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने में कोई रुचि नहीं दिखाए तथा उन्होंने अपने मनमर्जी से वरीय पदाधिकारी को नुमर पंचायत में भवन निर्माण के लिए जमीन नहीं होने की प्रतिवेदन वरीय अधिकारियों को भेज दिया। उन्होंने आगे बताया की वर्तमान अंचलाअधिकारी ने नुमर पंचायत को छोड़ कर किसी दुसरे पंचायत के जमीन को चिन्हित कर दिया है तथा उसका नापी करा रहे हैं।जिसका दुरी पंचायत से 15 से 20 किलोमीटर है। जबकी मौजा नुमर में लगभग 5 एकड़ जमीन गैरमजरूआ जमीन पड़ा हुआ है। जिसका खाता संख्या 199 खेसरा संख्या 93,129,131, 583, 664, 587, 591, में लगभग 50 एकड़ तथा खाता 130 खेसरा 1522,1518,1671,1672 में 5एकड़ जमीन गरमजरूआ खास खतियान में दर्ज है। जिसमें कुछ तो सक्षम पदाधिकारी से आदेश अधिकतर संबंधित राजस्व कर्मचारी के मिली भगत से रैयत के नाम से जमाबंदी दर्ज किया गया है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों दोषियों पर कार्रवाई तथा नुमर पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में अंचलाअधिकारी मयंक अग्रवाल से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया की दुसरे पंचायत में जमीन चिन्हित करने की बात गलत है।नुमर पंचायत में कुच्छ गैरमजरूआ जमीन का जानकारी मिली है, जिसका जांच पड़ताल किया जा रहा है।जिसका रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को भेज दी जाएगी।

## कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण,पाकुड़

**अति अल्पकालीन निविदा सं0 – 01/2024–25**

DMFT योजना मद अन्तर्गत High Priority (शिक्षा/महिलाओं एवं बच्चों का कल्याण/पेयजलापूर्ति प्रक्षेत्र) अन्तर्गत पाकुड़ जिले के विभिन्न 112 स्थलों (113 इकाई) (सूची संलग्न) में डीप बोरिंग–सह–जलमीनार निर्माण कार्य अधिष्ठापन हेतु अनुभवी प्रतिष्ठित निविदादाताओं से दिनांक 08.10.2024 को 12.00 अपराह्न तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, पाकुड़ के कार्यालय कक्ष में निर्धारित तिथि एवं समय तक कार्य दिवस में प्राप्त किया जायेगा। निविदा दिनांक : 08.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। निविदा समर्पित करने हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से कार्य दिवस में ही दिनांक–05.10.2024 तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निविदा खोलने के समय निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा में अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्री, निविदा की शर्तें पाकुड़ जिला के वेबसाईट www.pakur.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी
पाकुड़

PR 337854 Welfare(24-25).D

## उपायुक्त कार्यालय, साहेबगंज

(जिला नजारत शाखा)

सं0सं0--VII-77/2018--24

Email-nazaratsbg0786@gmail.com

**अति अल्पकालिन दर/निविदा आमंत्रण सूचना**

साहेबगंज समाहरणालय, संलग्न कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय हेतु आवश्यक सामग्री का दर निर्धारण हेतु अल्पकालिन दर/निविदा आमंत्रित किया जाना है। उपरोक्त निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी Sahibganj.nic.in एवं जिला नजारत के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

निविदा मुहर बन्द लिफाफा मे दिनांक– 08.10.2024 को 2:00 बजे अपराह्न तक जिला नजारत में कार्यालय दिवस में जमा किया जा सकेगा एवं दिनांक– 08.10.2024 को अपराह्न 4:00 बजे उप विकास आयुक्त, साहेबगंज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता,
साहेबगंज

PR 337847 District(24-25)#D

## झारखण्ड सरकार
## जिला अभियंता कार्यालय, जिला परिषद, देवघर

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना–16/2024-25**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक :–05.10.2024 समय :– 11:00 पूर्वाह्न |
| 2 | परिमाण विपत्र प्राप्त करने एवं अपलोड करने की अवधि एवं समय | दिनांक :–05.10.2023 समय :– 11:00 पूर्वाह्न से दिनांक :– 14.10.2024 समय :– 5:00 अपराह्न तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक :–16.10.2024 समय :– 11:00 पूर्वाह्न |
| 4 | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | जिला अभियंता, जिला परिषद, देवघर। |
| 5 | निविदा आमन्त्रित करने वाले पदाधिकारी का संपर्क नंबर | 8789435826 |
| 6 | निविदा सेल का सहायता संपर्क नंबर | 7544062072, 7979033663 |

कार्य की विविरणी : वित्तीय वर्ष 2024–25

| क्र0 | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सारठ प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत–अराजोरी, ग्राम–गंगटी में प्रशिक्षण–सह–विकास कार्यो के लिए मंच निर्माण। | 1392900.00 | 27858.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 2 | सारठ प्रखंड अन्तर्गत पंचायत–डिण्डाकोली, ग्राम–लक्ष्मणडीह में दो कमरा एवं चाहरदिवारी सहित प्रशिक्षण–सह–विकास केन्द्र भवन का निर्माण। | 2304300.00 | 46086.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 3 | धमना तालाब में जलसंचयन एवं प्रदुषण मुक्त करने हेतु घाट निर्माण, पंचायत दाढ़ी, प्रखण्ड सारठ | 1485733.00 | 29715.00 | 2500.00 | दो माह |
| 4 | अम्बाखनाली में पी.डब्लू.डी. पथ से नवाडीह दलित टोला से काली मंदिर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण 1000 फीट। पं0–कुकराहा प्र0–सारठ | 1599610.00 | 31992.00 | 5000.00 | दो माह |
| 5 | हजारीनवाडीह गाँव मे राम हजारी घर से काली मंदिर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण 1000 फीट। पं0–कुकराहा प्र0–सारठ | 1599610.00 | 31992.00 | 5000.00 | दो माह |
| 6 | सबैजोर में रंजन सिंह घर से मनोज सिंह घर तक एवं गुलटन सिंह घर से दुग्ध संग्रह कंन्द्र तक पी.सी.सी. पथ निर्माण 800 फीट। पं0–सबैजोर प्र0–सारठ | 1279700.00 | 25594.00 | 2500.00 | दो माह |
| 7 | अमडीहा भुमिहार टोला में मुरली सिंह घर से बजरंगबली तक पी.सी.सी. पथ निर्माण 1000 फीट। पं0–दुमदुमी प्र0–सारठ | 1599610.00 | 31992.00 | 5000.00 | दो माह |
| 8 | डुमरिया में बरूण नवीत घर से गणेश ठाकुर घर होते हुए हृदय नापित घर तक PCCपथ निर्माण, पंचायत अलुवारा, प्रखण्ड सारठ। | 1279700.00 | 25594.00 | 2500.00 | दो माह |
| 9 | चापानल अधिष्ठापन कार्य :– 1. जाहेर थान के पास, पालोजोरी, बरजोरी, बलियापुर, 2. संध्या देवी घर के सामने, प्रखण्ड पालोजोरी, पं0+ग्राम–बरजोरी, 3. सुकुमार चन्द्र घर के सामने प्रखण्ड पालोजोरी, पं0+ग्राम–बरजोरी, 4. सदानन्द मंडल घर के सामने प्रखण्ड पालोजोरी, पं0+ग्राम–बरजोरी, 5. मंटु मडल घर के सामने प्रखण्ड पालोजोरी, पं0+ग्राम–बरजोरी यादव टोला, 6. दुबे मंदिर के सामने, प्रखण्ड पालोजोरी, पं0–बरजोरी, ग्राम बाबुपुर 7. जाहेर थान के पास, प्रखण्ड पालोजोरी पं0–बरजोरी, ग्राम–केन्दजोरिया, 8. सकेश मंडल घर के सामने, प्रखण्ड पालोजोरी, पं0–बरजोरी, मोहलीडीह, 9. कमल महतो घर के सामने प्रखण्ड पालोजोरी, पं0–बरजोरी, हड़तोपा, 10. शिशु मंदिर के पीछे प्रखण्ड पालोजोरी, पं0–बरजोरी, हड़तोपा, 11. जाहेर थान के पास प्रखण्ड पालोजोरी, पं0–बरजोरी, हड़तोपा, 12. नन्दलाल महतो घर के पीछे प्रखण्ड पालोजोरी, पं0–बरजोरी, हड़तोपा, 13. दिलीप पंडित घर के सामने नया टोला प्रखण्ड पालोजोरी, पं0–बरजोरी, ग्राम–पहरूडीह, 14. सपन राणा घर के सामने प्रखण्ड पालोजोरी, पं0–बरजोरी, ग्राम–पहरूडीह, 15. ठाकुर बाड़ी में, प्रखण्ड पालोजोरी, पं0–बरजोरी, ग्राम–पोखरिया, 16. ब्रजानन्द महतो खलीहान के सामने, प्रखण्ड पालोजोरी, पं0–बरजोरी, ग्राम–पोखरिया | 1235200.00 | 24704.00 | 2500.00 | 2 माह |

नोट :–

1. सिर्फ ई–निविदा ही मान्य होगा।
2. अधिक जानकारी के http://jharkhandtenders.gov.in पर लॉग ऑन करें।
3. जिला परिषद, देवघर के दिनांक 13.11.2021 की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार वैसे संवेदक जिनको जिला परिषद में कार्य आवंटित है तथा कार्य लम्बित है एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि समाप्त हो चुकी है वैसे संवेदकों को निविदा में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।
4. वैसे संवेदक जिन्हें जिला परिषद, देवघर द्वारा कार्य आवंटित किया गया है परन्तु उनके द्वारा एकरारनामा नहीं किया गया है वे निविदा में भाग नहीं ले सकते हैं।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेवी आपकी होगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद, देवघर

PR 337806 (Deoghar)24-25*D

# जिम्मेवार पदाधिकारियों की मिलीभगत से मालामाल हो गए वेंडर और जेई

**बरहट (एप्र)।** बिहार के पुर्व अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने सरकारी स्कुलों का दशा और दिशा बदलने की जो प्रयास की थी।किंतु भाग के सरकारी बाबु रास नहीं आया।तभी तो स्कुलों का दशा या दिशा सुधरे ना सुधरे किंतु जेई और भेंडर ने अपना जेब गर्म करके मात्र कुछ दिनों में मालामाल हो गए।और विभागीय अधिकारीयों ने इसका सुध तक लेना उचित नहीं समझा।तभी तो वित्तीय वर्ष 23-24 समाप्ति के नाम पर बीते 31 मार्च को शिक्षा विभाग से बिना कार्य किए लगभग 94 लाख रुपए तथा बरहट में 22 लाख रुपए की निकासी की गई।जिसमें अकेले मां कात्यायनी इंटरप्राइजेज एंड इंफ्राकोन प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा 18 लाख 90 हजार 930 रुपए भुगतान कर दी गई। सूत्रों की माने माँ कात्यायनी इंटरप्राइजेज एंड इंफ्राकोन प्राईवेट लिमिटेड के मालिक जेई का एक खास रिश्तेदार हैं।अब सवाल यहां यह उड़ता है की बरहट के जिन स्कुलों में मरम्मत कार्य का जिम्मेवार पदाधिकारीयों के द्वारा भेंडर के खाते में राशि भुगतान की गई है। उन स्कुलों का विकास कार्य का जायजा लेना मुनासिब कियूँ नहीं समझे।आखिर क्या ऐसी बात रही जो भेंडर के द्वारा जमा की गई वाउचर पर लाखों लाख रुपए का भुगतान कर दिए।वहीं सुत्र बताते हैं की इस मामले की शिकायत कई स्कुल के प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा विभाग को की गई थी। इसके बावजूद भी इस और जिम्मेदार पदाधिकारी कानों तक यूं नहीं रेंगा।जिस कारण अब स्थानीय पदाधिकारी के कार्य शैली से भी अब शिक्षकों का भी का विश्वास उठता जा रहा है।

## वन प्रमंडल पदाधिकारी-सह-संयोजक
## जिला गंगा समिति, साहेबगंज

ई-मेल- dfo-sahebganj@gov.in Ph. No. – 0635-222065

**नमामि गंगे परियोजना के तहत DPO (जिला परियोजना अधिकारी) के पद की नियुक्ति हेतु आवश्यक सूचना:–**

नमामि गंगे परियोजना के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के दिशा निदेश पर "जिला परियोजना अधिकारी" की नियुक्ति संबंधी प्रकाशित विज्ञापन के तहत कुल 71 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु **सोटलिस्टेड** किया गया है। उक्त सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 04.10.2024 से 09.10.2024 को पूर्वाहन 10:00 बजे से 04:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थीवार एवं तिथिवार विवरण sahibganj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
जिला गंगा समिति, साहेबगंज

PR 337794 District (24-25)_D

# पुलिस ने किया शराब जब्त

**झाझा/जमुई (निंस)।** टेंपू में शराब छिपाकर ले जा रहे एक शराब तस्कर को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को पकड़ा है। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुलिस को सिमुलतला होते हुए झाझा में विदेशी शराब लाने की सूचना मिली जिसके बाद पुअनि नंदन कुमार, पुअनि कुंज बिहारी एवं दलबल के साथ सतीघाट के पास पहुंचा तो एक टेंपू सामने से आ रहा था जिसपर संदेह होने के पूछताछ और तलाशी में भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद हुआ।

## कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर

पत्रांक........................ /देवघर दिनांक........................

**–:शुद्धि पत्र:–**

**सैरात बन्दोबस्ती तृतीय सूचना ए0एस0 साईंस कॉलेज के पास PR No. 337680 Deoghar** (कार्यालय ज्ञापांक 1988 दिनांक 30.09.2024) के सैरात बन्दोबस्ती तृतीय सूचना के स्थान पर सैरात बन्दोबस्ती प्रथम सूचना पढ़ा जाय।

शेष नियम व शर्त्त यथावत रहेगी।

ह0/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
देवघर नगर निगम, देवघर।

PR 337866 (Deoghar) 24-25 (D)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

National Highway Division, RCD, Deoghar
Circular Road, Near D.C. Residence, Deoghar,
Jharkhand (814112)
E-mail ID : eenhdeoghar@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

Tender Ref. No. NH/Deoghar /03/2024-25 Dated:- 06.08.2024, which was published in daily newspaper [PR No. 332168 Deoghar(24-25):D] for DPR Consultancy is hereby cancelled due to unavoidable circumstances.

Sd/-
Executive Engineer
National Highway Division,
Deoghar

PR 337861 (Deoghar)24-25*D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

National Highway Division, RCD, Deoghar
Circular Road, Near D.C. Residence, Deoghar,
Jharkhand (814112)
E-mail ID : eenhdeoghar@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

Tender Ref. No. NH/Deoghar/02/2024-25 Dated:- 06.08.2024, which was published in daily newspaper [PR No. 332166 Deoghar(24-25)D] for DPR Consultancy is hereby cancelled due to unavoidable circumstances.

Sd/-
Executive Engineer
National Highway Division,
Deoghar

PR 337863 Deoghar (24-25)_D

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक–मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय–पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक–कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक– श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

# भारत ने दूसरा मैच जीतने के साथ बांग्लादेश का किया सूपड़ा साफ, घर पर लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीती

कानपुर

भारत ने बांग्लादेश को कानपुर टेस्ट में सात विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। टीम इंडिया को 95 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे रोहित एंड कंपनी ने तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 233 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 285 रन बनाकर घोषित कर दी थी। भारत को तब 52 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी में बांग्लादेश की टीम ने 146 रन बनाए और भारत के सामने 95 रन का लक्ष्य दिया था। टेस्ट में आधिकारिक तौर पर एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 74.2 ओवर, भारत ने अपनी पहली पारी में 34.4 ओवर, बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में 47 ओवर और भारत ने अपनी दूसरी पारी में 17.2 ओवर खेले। इन सभी को मिला दें तो लगभग 174 ओवर बनते हैं और यह दो दिन के कुल ओवरों (180) से भी कम है।

भारत ने इस टेस्ट में साहसिक खेल दिखाया। पहले दिन 35 ओवर का ही खेल हो पाया था। बारिश ने मैच में खलल डाला और फिर दूसरे और तीसरे दिन का खेल बारिश से धुल गया था। चौथे दिन खेल शुरू हुआ और भारत ने बांग्लादेश को समेटने के बाद फिर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर टेस्ट में किसी टीम द्वारा सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने का रिकॉर्ड बना डाला। इसके बाद बांग्लादेश को दूसरी पारी में जल्दी समेटकर आसान लक्ष्य का पीछा किया। भारत ने बांग्लादेश को दो या उससे ज्यादा मैचों की टेस्ट सीरीज में पांचवीं बार क्लीन स्वीप किया है। टीम इंडिया इससे पहले 2004/05, 2009/10, 2019/20, 2022/23 में ऐसा कर चुकी है। वहीं, भारत ने ओवरऑल टेस्ट में 37वीं बार किसी टीम को क्लीन स्वीप किया है। भारत ने अपने घर में लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीती है।

### भारत की दूसरी पारी

भारत के लिए दूसरी पारी में विराट कोहली 29 रन और ऋषभ पंत चार रन बनाकर नाबाद रहे। रोहित शर्मा आठ रन, शुभमन गिल छह रन और यशस्वी जायसवाल 51 रन बनाकर आउट हुए। विराट और यशस्वी के बीच तीसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी हुई। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने दो विकेट लिए, जबकि तैजुल इस्लाम को एक विकेट मिला। यशस्वी ने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया।




### बांग्लादेश की दूसरी पारी 146 रन पर सिमटी

बांग्लादेश की दूसरी पारी 146 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश की टीम ने मंगलवार को दो विकेट पर 26 रन से आगे खेलना शुरू किया और 120 रन बनाने में बाकी बचे आठ विकेट गंवा दिए। बांग्लादेश की ओर से शदमान इस्लाम ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। उन्होंने 101 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके लगाए। इसके अलावा आज आउट होने वालों में मोमिनुल हक (2), कप्तान नजमुल शांतो (19), मुशफिकुर रहीम (37), लिटन दास (1), मेहदी हसन मिराज (9) शामिल हैं। शाकिल अल हसन और तैजुल इस्लाम तो खाता भी नहीं खोल सके। इससे पहले सोमवार को जाकिर हसन (10) और हसन महमूद (2) आउट हुए थे। पांचवें दिन लंच से ठीक एक गेंद पहले बुमराह ने मुशफिकुर रहीम को क्लीन बोल्ड किया। वह 37 रन बना सके। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह, आर अश्विन और रवींद्र जडेजा ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, आकाश दीप को एक विकेट मिला।


### भारत ने पहली पारी घोषित की

भारत ने अपनी पहली पारी 285/9 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। 34.4 ओवर में भारत ने यह स्कोर बनाया। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 233 रन बनाए थे। इस लिहाज से टीम इंडिया की लीड 52 रन की हुई। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 72 रन बनाए। उन्होंने 51 गेंद में 12 चौके और दो छक्के की मदद से 72 रन की पारी खेली। रोहित शर्मा ने 11 गेंद में एक चौका और तीन छक्के की मदद से 23 रन बनाए। वहीं, शुभमन गिल ने 36 गेंद में 29 रन, ऋषभ पंत ने 11 गेंद में नौ रन, विराट कोहली ने 35 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 47 रन बनाए। केएल राहुल ने 43 गेंद में सात चौके और दो छक्के की मदद से 68 रन बनाए। रवींद्र जडेजा ने आठ रन, रविचंद्रन अश्विन ने एक रन और आकाश दीप ने 12 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज और शाकिब अल हसन ने चार-चार विकेट लिए। वहीं, हसन महमूद को एक विकेट मिला।

### बांग्लादेश की पहली पारी

बांग्लादेश की पहली पारी 233 रन पर समाप्त हो गई थी। सोमवार को बांग्लादेश की टीम ने तीन विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरू किया और 126 रन बनाने में बाकी बचे सात विकेट गंवा दिए। जडेजा ने आखिरी विकेट के रूप में खालिद अहमद (0) को आउट किया। यह उनके टेस्ट करियर का 300वां विकेट रहा। वहीं, मोमिनुल हक 107 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश को सोमवार के दिन पहला झटका मुशफिकुर रहीम के रूप में लगा। वह 11 रन बना सके। इसके बाद लिटन दास 13 रन, शाकिब अल हसन नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मेहदी हसन मिराज ने मोमिनुल हक के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी निभाई। इस बीच मोमिनुल ने टेस्ट करियर का 12वां शतक लगाया। मेहदी 20 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, तैजुल पांच रन और हसन महमूद एक रन बनाकर आउट हुए। जडेजा ने खालिद को आउट कर बांग्लादेश की पारी 233 रन पर समेट दी।

## ऋतुराज की होगी टीम इंडिया में एंट्री, गौतम गंभीर ने लिया बड़ा फैसला!





**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज और टी20 सीरीज में सेलेक्शन नहीं होने के बाद अब खबरें हैं कि ऋतुराज गायकवाड़ को टीम इंडिया में मौका मिल सकता है. बड़ी खबर ये है कि इस खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में सेलेक्ट किया जा सकता है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गायकवाड़ तीसरे ओपनर के तौर पर ऑस्ट्रेलिया जाएंगे. गायकवाड़ फिलहाल ईरानी ट्रॉफी खेल रहे हैं. वो रेस्ट ऑफ इंडिया के कप्तान हैं. रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया में गायकवाड़ को ओपनिंग की भूमिका दी जा सकती है. प्लेइंग इलेवन के रेगुलर ओपनर यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ही रहेंगे लेकिन जरूरत पड़ने पर गायकवाड़ को भी ये जिम्मेदारी मिल सकती है. अगर किसी खिलाड़ी को चोट लगती है या उसकी फॉर्म खराब होती है तो गायकवाड़ को मौका मिल सकता है. टीम इंडिया को दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है जहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी.अगर ऋतुराज गायकवाड़ को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुने जाने की खबरें सामने आ रही हैं



कानपुर में भारतीय टीम के रविन्द्र जडेजा बांग्लादेश के नजमुल हुसैन का विकेट लेने पर उत्साहित नजर आये।

## ओलंपियन हार्दिक बोले, एयरपोर्ट पर लोगों ने हॉकी खिलाड़ियों को नहीं पहचाना

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा है कि जब उनकी टीम ओलंपिक कांस्य पदक जीतकर लौटी थी तब भी एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों ने उनकी उपेक्षा की थी। हार्दिक के अनुसार लोग भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों को पहचानने की जगह किसी डॉली चायवाला के साथ तस्वीरें खिंचा रहे थे। इस हॉकी स्टार ने कहा कि ये निराशाजनक बात है कि लोग ओलंपिक में पदक विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ियों का तक नहीं पहचानते। हार्दिक के इस वीडियो के सोशल मीडिया पर आते ही लोगों ने घटना पर अपनी नाराजगी जतायी है। एक यूजर ने लिखा, यह बेहद दुखद है कि हमारे देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को कोई नहीं पहचानता और एक चाय बेचने वाले को इतना महत्व मिला रहा है। वहीं कुछ अन्य यूजर्स ने कहा कि यह घटना बताती है कि हमें केवल क्रिकेट ही नहीं, बल्कि सभी खेलों के खिलाड़ियों का समान रुप से सम्मान करना चाहिए। गौरतलब है कि डॉली चायवाला हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ एक वायरल सहयोग के बाद चर्चा में आए थे ।




# मांजरेकर ने राहुल की प्रशंसा की

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल की जमकर प्रशंसा की है। राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन केवल 43 गेंदों में 68 रन बना दिये थे जिसमें सात चौके और दो छक्के शामिल थे। राहुल ने ये रन 158.14 के शानदार स्ट्राइक रेट से बनाए थे। मांजरेकर ने कहा, आप राहुल के बारे में जो देख रहे हैं, वह यह है कि पिछली दो पारियों में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए दिखे, उनकी ये पारियां ऐसी थीं जहां उन्हें तेजी से बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। ऐसा लगता है कि इससे राहुल को निडर होकर खेलने का अवसर मिला।

**राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन केवल 43 गेंदों में 68 रन बना दिये थे जिसमें सात चौके और दो छक्के शामिल थे।**

मुझे लगता है कि जब आप राहुल को आईपीएल या किसी अन्य प्रारूप में खेलते हुए देखते हैं तो उन्हें खुद के बारे में सोचना होता है और रास्ता तय करना होता है। तब वह इतना बेहतर खुलकर नहीं खेल पाते हैं। मांजरेकर ने कहा, इसलिए जब उन्हें कुछ कहा जाता है और जहां केवल एक एजेंडा होता है तब राहुल की क्षमता देखने को मिलती है।

## बंगाल के क्रिकेटर की सीढ़ियों से फिसलने से मौत

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के युवा क्रिकेटर आसिफ हुसैन की सीढ़ियों से गिरने से मौत हो गयी है। आसिफ केवल 28 साल के थे। परिवार के अनुसार दुर्घटना से पहले आसिफ की सेहत ठीक थी। वह अपने ही घर की सीढ़ियों से फिसल गये थे जिससे उन्हें गंभीर चोट आई थी परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया पर वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

आसिफ बंगाल की सीनियर टीम में जगह बनाने के प्रयास कर रहे थे। उन्होंने बंगाल टी20 लीग के दौरान एक मैच में 99 रन बनाये थे। इस साल की शुरूआत में उन्होंने क्लब क्रिकेट के पहले डिवीजन में स्पोर्टिंग यूनियन के साथ अनुबंध किया जिससे खेल के प्रति उनकी गंभीरता का अंदाजा होता है। साथी क्रिकेटरों ने आसिफ के असामयिक निधन पर शोक जताते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।